

06:04:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 093 | epaper.rashtriyakhabar.com | चैत्र शुक्लपक्ष पूर्णिमा, विक्रम संवत 2080

## चाणक्य नीति

नाहारं चिन्तयेत् प्राज्ञो धर्ममेकं हि चिन्तयेत्।
आहारो हि मनुष्याणां जन्मना सह जायते॥

भावार्थ : बुद्धिमान मनुष्य को भोजन प्राप्ति के संबंध में चिंता नहीं करनी चाहिए, उसे केवल धर्म कर्म के संबंध में चिंतन करना चाहिए, क्योंकि मनुष्य के जन्म के समय ही भोजन का प्रबंध हो जाता है, प्रारब्ध द्वारा कर दिया जाता है।




**पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 34.00 °c | 21.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 18 .06 बजे

सूर्योदय (कल) ›› 05 .36 बजे

## पेपर लीक मामले में तेलंगना भाजपा प्रमुख गिरफ्तार

**करीमनगर:** भाजपा की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष बंदी संजय कुमार को मंगलवार आधी रात 10वीं कक्षा का हिन्दी प्रश्न पत्र लीक करने में कथित रूप से संलिप्त होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। राज्य में एसएससी की परीक्षाएं तीन अप्रैल से शुरू हुई है। प्राथमिकी के अनुसार, श्री बंदी संजय कुमार के खिलाफ सीआरपीसी की धारा 154 और 157 के अंतर्गत दो मामला दर्ज किया गया है। उनके खिलाफ मामला करीमनगर टू टाउन पुलिस स्टेशन में और वारंगल के कमलापुर पुलिस स्टेशन में संबंधित धाराओं के अंतर्गत दर्ज किया गया है। प्राथमिकी के अनुसार, श्री संजय को सुरक्षात्मक उपायों के रूप से गिरफ्तार किया गया है जिससे छात्रों की परीक्षाएं बाधित न हो सके। एसीपी थुला श्रीनिवास के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम ने श्री संजय को कल आधी रात 0045 बजे गिरफ्तार किया, जब वह 9वें दिन के समारोह में शामिल होने के लिए अपनी सास के घर पर थे।

## विपक्षी दलों की याचिकाएं खारिज

**नयी दिल्ली:** उच्चतम न्यायालय ने कथित तौर पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का केंद्र सरकार पर आरोप लगाने वाली 14 विपक्षी दलों की याचिकायें बुधवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, और न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा एवं न्यायमूर्ति जी. बी. पारदीवाला की पीठ ने कांग्रेस एवं अन्य दलों की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करने से इनकार करते हुए कहा कि इस मामले में राजनीतिक दलों को आम नागरिकों की अपेक्षा कोई विशेष अधिकार प्राप्त नहीं है। शीर्ष अदालत की ओर से याचिका खारिज किए जाने के बाद याचिकाकर्ताओं की ओर से याचिकाएं वापस लेने की गुजारिश की थीं, जिसे स्वीकार कर लिया गया। याचिका में केंद्र सरकार पर आरोप लगाए गए थे कि सीबीआई और ईडी ऐसी केंद्रीय जांच एजेंसियों का इस्तेमाल केंद्र की भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व वाली सरकार राजनीतिक प्रतिशोध के लिए रहीं है। विपक्षी दलों को चुनचुन का निशाना बनाया जा रहा है।

## हेलीकाप्टर से अयोध्या दर्शन सेवा लोकप्रिय

**लखनऊ:** अयोध्या के एरियल दर्शन के लिये शुरू की गयी हेलीकाप्टर सेवा तेजी से लोकप्रिय हो रही है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बुधवार को बताया कि रामनवमी के अवसर पर अयोध्या के एरियल दर्शन के लिए शुरू की गयी हेलीकॉप्टर सेवा से अब तक लगभग 500 श्रद्धालुओं ने अयोध्या का दर्शन किया। यह सेवा 29 मार्च, से शुरू हुई थी और 12 अप्रैल तक जारी रहेगी। यह सेवा श्रद्धालुओं एवं आगन्तुकों में काफी लोकप्रिय साबित हो रही है। उन्होने बताया कि अयोध्या के एरियल दर्शन के लिए पर्यटन विभाग के निर्देशन में उप्र राज्य पर्यटन विकास निगम लि एवं हेरिटेज एविएशन प्राइवेट लिमिटेड नई दिल्ली के मध्य एमओयू हस्ताक्षरित किया गया था। पर्यटन मंत्री ने बताया कि हेरिटेज एविएशन कम्पनी नई दिल्ली द्वारा पूर्व में कुम्भ-2019 के समय प्रयागराज तथा गुरू पूर्णिमा के अवसर पर गोवर्धन तथा मथुरा में हेलीकॉप्टर सेवा का सफल संचालन किया जा चुका है।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**हंगामा** आसन के अनुरोध और निर्देशों का अब विपक्ष पर असर नहीं

# दोनों सदनों में अडाणी पर जेपीसी जांच की मांग

- हंगामे के बीच कुछ विधेयक पेश हुए
- काला कपड़ा पहन विरोध प्रदर्शन
- खडगे की बात को धनखड़ ने नकारा



**राष्ट्रीय खबर**

**नयी दिल्ली:** लोक सभा में अडानी मामले में संयुक्त संसदीय समिति के गठन की माँग को लेकर विपक्ष के भारी हंगामे के कारण बुधवार को सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। पीठासीन अधिकारी रमा देवी ने एक बार स्थगन के बाद दो बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की विपक्ष के सदस्य हाथों तख्तियां लेकर आसन के समक्ष आकार नारेबाजी करने लगे। विपक्षी सदस्यों ने जेपीसी की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की। पीठासीन अधिकारी ने हंगामे के बीच जरूरी कागजात पटल पर रखवाए गए।

भारी हंगामे के बीच ही केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला ने तटीय जलकृषि प्राधिकार संशोधन विधेयक 2023 को पेश किया।

पीठासीन अधिकारी के बार बार आग्रह के बाद विपक्षी सदस्य अपने स्थान पर नहीं गए जिसके कारण सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।

इससे पहले पीठासीन अधिकारी राजेंद्र अग्रवाल ने सुबह 11 जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरु करते हुए प्रश्नकाल आरंभ किया, विपक्ष के सदस्य हंगामा करते हुए और नारे लगाते हुए आसन के सामने आ गये। पीठासीन अधिकारी ने हंगामा कर रहे सदस्यों से शांत रहने, अपनी सीटों पर जाने का आग्रह करते हुए कहा कि जनता से जुड़े सवालों को सदन में उठाना ज़रूरी है इसलिए उन्होंने सदस्यों से प्रश्नकाल चलने देने का आग्रह किया लेकिन हंगामा कर रहे सदस्यों ने उनकी बात पर कोई ध्यान नहीं दिया। श्री अग्रवाल ने हंगामे के बीच प्रश्नकाल चलाने का प्रयास किया लेकिन अपना विरोध जताने के लिए काले कपड़े पहन कर आए विपक्ष के सदस्यों का हंगामा और बढ़ गया जिसके कारण पीठासीन अधिकारी ने सदन की कार्यवाही दो बजे तक स्थगित कर दी।

### राज्यसभा में गतिरोध बुधवार को भी जारी रहा

राज्यसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच गतिरोध बुधवार को भी जारी रहा और सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गयी। भोजनावकाश के बाद सदन की कार्यवाही शुरु करते हुए सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खडगे के एक व्यवस्था के प्रश्न पर अपनी व्यवस्था दी। इस बीच दोनों पक्ष एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए नारेबाजी करते रहे। श्री खडगे ने अडानी समूह की कंपनियों का मामला उठाया और जांच कराने की मांग की। सदन के नेता पीयूष गोयल ने विदेशों में भारतीय लोकतंत्र और संबंधित संस्थानों को अपमानित करने का मामला उठाया और कहा कि विपक्ष को इसके लिए क्षमायाचना करनी चाहिए। इस पर सदन में हंगामा होने लगा और श्री धनखड़ ने सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित करने की घोषणा कर दी। इससे पहले अडानी समूह पर लगे आरोपों की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति के गठन की मांग पर अड़े विपक्ष ने सदन में शोर-शराबा किया जिसके कारण कार्यवाही दो बजे तक स्थगित करनी पड़ी।

कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने लोकसभा अध्यक्ष को दो पन्नों का पत्र लिखा

## राहुल गांधी की अयोग्यता पर लोकसभा में बहस की मांग



**राष्ट्रीय खबर**

**नईदिल्ली:** लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने 4 अप्रैल को अध्यक्ष ओम बिड़ला को पत्र लिखकर पार्टी नेता राहुल गांधी की अयोग्यता पर बहस करने के लिए अनुरोध किया है। अपने दो पन्नों के पत्र में, श्री चौधरी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के नेता नारनभाई कछाडिया को इस तरह की कार्रवाई का सामना नहीं करना पड़ा और 13 अप्रैल, 2016 को एक जिला अदालत में एक मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद भी वह लोकसभा सदस्य बने रहे। अदालत ने उन्हें तीन साल की सजा दी थी। श्री कछाडिया ने 18 अप्रैल, 2016 को उच्च न्यायालय और माननीय उच्च न्यायालय में अपील दायर की और दोषसिद्धि पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। हालांकि, माननीय उच्च न्यायालय ने सजा के निलंबन की अनुमति दी। श्री चौधरी ने अपने पत्र में कहा जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 8 के प्रावधानों के अनुसार, श्री कछड़िया को सदन की सदस्यता से अयोग्य घोषित किया जाना चाहिए था। हालाँकि, तत्कालीन माननीय अध्यक्ष ने माननीय सदस्य के खिलाफ किसी भी कार्रवाई (अयोग्यता सहित) का सहारा नहीं लिया। बाद में श्री कछड़िया को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली। उन्होंने कहा कि यह जानना दिलचस्प है कि श्री गांधी को सूरत की एक अदालत के फैसले के मद्देनजर लोकसभा से अयोग्य घोषित कर दिया गया था, भले ही उनकी दो साल की सजा को उसी अदालत ने एक अवधि के लिए निलंबित कर दिया था। अदालत ने उन्हें अपील करने के लिए एक माह का समय भी दिया था। श्री चौधरी ने लिखा है कि मैं इस तथ्य को स्पष्ट

›› पेज 2 भी देखें

खून, खौफ और अंधविश्वास के कारण भारत में बढ़ती जा रही है यह कुप्रथा

## कामाख्या मंदिर में नरबलि मामले में पांच लोग गिरफ्तार

- पुलिस की पूछताछ जारी और घटना सामने आने वाला है
- मंदिर में वर्ष 2019 में हुई थी यह आपराधिक घटना
- महिला को शराब पिलाने के बाद गला काटा गया था

**भूपेन गोस्वामी**

**गुवाहाटी:** असम में कामाख्या मंदिर में एक महिलाओं की बलि का मामला आज के इस आधुनिक दौर पर एक बदनुमा दाग की तरह नजर आता है। कामाख्या मंदिर में जून 2019 को हुई मानव बलि की घटना में शामिल होने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने आज कहा कि सभी घटनाओं पर नजर रखते हुए संदेह हो सकता है कि इस तरह की कोई अन्य

›› पेज 2 भी देखें



**स्टालिन ने इसे भाजपा की चालाकी बताया**

28 जुलाई, 2019 को पश्चिम बंगाल के हुगली के टाटीपाड़ा के रहने वाली पीड़िता का बेटा सुरेश शॉ जालुकबाड़ी पुलिस स्टेशन पहुंचा, जब उसे महिला के बिना सिर के शव की बरामदगी की खबर मिली और कपड़ों और अन्य चीजों के आधार पर उसने शव की पहचान अपनी मां शांति शॉ (64) के रूप में की। गुवाहाटी पुलिस आयुक्त ने कहा कि सुरेश के मुताबिक उनकी मां जुलाई, 2019 में अंबुबासी मेले के मौके पर कामाख्या आई थीं और तब से लापता हैं। श्री बोरा ने आगे कहा कि घटना की जांच के लिए पुलिस की एक विशेष टीम का गठन किया गया था। पूर्व में एकत्र किए गए तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण करने पर विशेष पुलिस दल पश्चिम बंगाल के कूचबिहार गया और इस वर्ष 18 मार्च को कैलाश बर्मन के रूप में पहचाने गए व्यक्ति के घर की तलाशी ली। तलाशी अभियान चलाने के बाद बर्मन के घर से पीड़िता का हैंडसेट और अन्य सामान जैसे कपड़े और आईडी प्रूफ बरामद किए गए। कैलाश बर्मन के मुताबिक माता प्रसाद पांडेय नामक बाबा पिछले आठ सालों से नियमित रूप से जून-जुलाई के दौरान उनके गांव आता था। वर्ष 2019 में बाबा पीड़िता के उन सामानों को यह कहकर छोड़ दिया कि बैग में उसका सामान है, जिसे वह बाद में ले जाएगा।

## स्टालिन की पहल पर वर्चुअल बैठक आयोजित



**नई दिल्ली:** सामाजिक न्याय के लिए एक वर्चुअल बैठक तमिलनाडू के मुख्यमंत्री और डीएमके के प्रमुख एम.के. स्टालिन की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने ही इस बैठक के लिए विभिन्न भाजपा विरोधी दलों के नेताओं को आमंत्रित किया था। इसमें मुख्य तौर पर सामाजिक न्याय के विचारों पर चलने के बहाने भाजपा के खिलाफ मोर्चा तैयार करने की पहल हुई। यह सामाजिक न्याय पर इस तरह का दूसरा राष्ट्रीय सम्मेलन था और इसमें कांग्रेस नेता और राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत, और झारखंड जनमुक्ति मोर्चा के प्रमुख और झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन, नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला, समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव, राजद नेता और बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, तृणमूल के डेरेक ओ ब्रायन और वामपंथी नेता सीताराम येचुरी और डी. राजा शामिल हुए। स्टालिन ने कहा कि कैसे संघ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सामाजिक और शैक्षिक पिछड़ेपन के साथ आर्थिक पिछड़ेपन को शामिल किया था. उन्होंने इसे भाजपा की चालाकी बताया। स्टालिन ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए दस प्रतिशत आरक्षण की आलोचना की, जो गरीब लोगों को अन्य आरक्षण कोटा के दायरे से बाहर रखता है। उन्होंने आर्थिक स्थिति के आधार पर पहले ही आरक्षण दे दिया है। आर्थिक स्थिति कोई स्थायी पैमाना नहीं है।

कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस में दरार

## सिद्धारमैया और शिव कुमार की अंदरूनी तैयारी

**राष्ट्रीय खबर**



**बेंगलुरू/नई दिल्ली: कांग्रेस पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक से पहले पार्टी के वरिष्ठ नेता और कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने प्रदेश पार्टी इकाई में किसी तरह की दरार की खबरों का खंडन किया। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां करती है। कुछ दिन पहले एक राष्ट्रीय समाचार चैनल को दिए एक साक्षात्कार में श्री सिद्धारमैया ने राज्य में 10 मई को विधानसभा चुनाव जीतने पर मुख्यमंत्री बनने की अपनी आकांक्षाओं को स्पष्ट कर दिया था। कर्नाटक कांग्रेस के अध्यक्ष रहे डीके शिवकुमार भी पार्टी में अपने समर्थकों के जरिए मुख्यमंत्री बनने की मंशा जाहिर करते रहे हैं। वास्तव में इस मामले में राहुल गांधी को हस्तक्षेप करना पड़ा और दोनों नेताओं के बीच एक समझौता करना पड़ा, लेकिन उन्होंने विधानसभा चुनाव से पहले प्रतिष्ठित सीट के लिए दावा करना शुरू कर दिया। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि दोनों नेता मुख्यमंत्री पद के लिए दावेदारी प्रस्तुत करने के लिए अधिक से अधिक संख्या में पार्टी विधायकों का समर्थन प्राप्त करने के लिए गुप्त रूप से काम कर रहे हैं। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि श्री सिद्धारमैया ने अपने को नेता नामांकित करने और इसे आलाकमान की मंजूरी के लिए आगे बढ़ाने में राज्य विधायक दल की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। इसके अलावा टिकट वितरण के मामले में सिद्धारमैया और शिवकुमार के बीच भी मतभेद सामने आ रहे हैं क्योंकि वे चुनाव लड़ने के लिए एक-दूसरे के उम्मीदवारों की पसंद का विरोध कर रहे हैं और यह वजह दूसरी सूची जारी करने के लिए एक बाधा बन रही थी। न केवल इन दोनों नेताओं ने, बल्कि कांग्रेस अध्यक्ष**

›› पेज 2 भी देखें

**अनुसंधान** चिकित्सा विज्ञान के लिए नई खोज कर दी है एलएमटीएस के वैज्ञानिकों ने

# कपड़ों में इस्तेमाल योग्य धागा जैसा पंप बनाया

- कपड़ों के बीच इन्हें बुना जा सकता है
- रोगियों के अनुकूलन के लिए मददगार
- इससे तैयार कपड़ों को धोया जा सकता है

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** प्रयोग प्रारंभिक तौर पर सफल हुआ है। इसके आगे उसे विकसित करने का काम चल रहा है। अगर यह व्यापारिक तौर पर तैयार हो पाया तो शीघ्र ही हम ऐसे धागा वाले पंपों का इस्तेमाल चिकित्सा जगत में भी देख सकेंगे। ऐसे पंप कपड़ों की बुनावट के साथ मेल खाते हैं। इन्हें खास तौर पर इस मकसद से बनाया गया है ताकि यह रोगियों की मदद कर सकें। एलएमटीएस पोस्ट-डॉक्टोरल शोधकर्ता और अध्ययन के प्रमुख लेखक माइकल स्मिथ कहते हैं, यह काम हमारी पिछली पीढ़ी के सॉफ्ट पंपों पर आधारित है। फाइबर प्रारूप हमें हल्का, अधिक शक्तिशाली पंप बनाने की इजाजत देता है जो पहनने योग्य तकनीक के साथ स्वाभाविक रूप से अधिक संगत हैं। एलएमटीएस



›› पेज 2 भी देखें

### शोधकताओं ने इस दुविधा का एक सुंदर सरल समाधान विकसित किया

कई तरल-आधारित पहनने योग्य सहायक तकनीकों को आज एक बड़े और शोर वाले पंप की आवश्यकता होती है जो कि अव्यावहारिक है - यदि असंभव नहीं है - कपड़ों में एकीकृत करने के लिए। यह एक विरोधाभास की ओर जाता है : पहनने योग्य उपकरणों को नियमित रूप से पहनने योग्य पंपों से जोड़ा जाता है। अब, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग में सॉफ्ट ट्रांसड्यूसर्स लेबोरेटरी (एलएमटीएस) के शोधकताओं ने इस दुविधा का एक सुंदर सरल समाधान विकसित किया है। हम फाइबर के रूप में दुनिया का पहला पंप प्रस्तुत करते हैं; संक्षेप में, टयूबिंग जो अपना दबाव और प्रवाह दर उत्पन्न करती है। एलएमटीएस के प्रमुख हर्बर्ट शीया कहते हैं कि अब, हम अपने फाइबर पंपों को सीधे वस्त्रों और कपड़ों में सिलाई कर सकते हैं, पारंपरिक पंपों को पीछे छोड़ सकते हैं। शिया की प्रयोगशाला में आगे की सोच वाले फ्लुइडिक्स का इतिहास है। 2019 में उन्होंने दुनिया का पहला स्ट्रेचेबल पंप तैयार किया। पंप तापमान की अनुभूति का अनुकरण करके आभासी वास्तविकता की दुनिया में एक नया आयाम भी ला सकता है। इस मामले में, उपयोगकर्ता गर्म या ठंडे तरल से भरे पंप वाले दस्ताने पहनते हैं, जिससे वे आभासी वस्तु के संपर्क के जवाब में तापमान में बदलाव महसूस कर सकते हैं। शोधकर्ता पहले से ही अपने डिवाइस के प्रदर्शन में सुधार करना चाह रहे हैं। पंप पहले से ही अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, और हमें विश्वास है कि अधिक काम के साथ, हम दक्षता और जीवनकाल जैसे क्षेत्रों में सुधार करना जारी रख सकते हैं। फाइबर पंपों के उत्पादन को बढ़ाने पर काम पहले ही शुरू हो चुका है, और एलएमटीएस की योजना उन्हें अधिक जटिल पहनने योग्य उपकरणों में एम्बेड करने की भी है। शिया कहते हैं कि वे मानते हैं कि यह नवाचार पहनने योग्य प्रौद्योगिकी के लिए एक गेम चेंजर साबित हो सकता है।

सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के प्रतिबंध के आदेश को रद्द किया

## कहा सत्ता के समक्ष सच बोलना प्रेस का कर्तव्य

**राष्ट्रीय खबर**



**नयी दिल्ली:** उच्चतम न्यायालय ने मलयालम न्यूज चैनल मीडिया वन पर राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देकर प्रसारण नवीनीकरण पर प्रतिबंध लगाने वाला केंद्र सरकार का फैसला बुधवार को रद्द करते हुए कहा कि सत्ता के सामने सच बोलना प्रेस का कर्तव्य है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने मीडिया वन पर प्रतिबंध लगाने के केंद्र सरकार के आदेश पर मुहर लगाने वाले केरल उच्च न्यायालय का फैसला पलटते हुए कहा कि प्रेस का कर्तव्य है कि वह सत्ता से सच बोले और नागरिकों को तथ्यों के बारे में सूचित करे। शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली मीडिया वन की याचिका पर सुनवाई के बाद अपने फैसले में कहा कि बिना किसी ठोस सबूत के राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देकर मीडिया पर

›› पेज 2 भी देखें

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

अवसर

## झारखंड में पटरी पर स्वास्थ्य सेवा लाने की कवायद

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रिम्स में कई आधुनिक सुविधाओं का किया लोकार्पण

▶▶ हेमंत सोरेन ने वैसे मरीजों से भी मुलाकात की जिनका एंजियोप्लास्टी हुआ था



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड में स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रिम्स में अत्याधुनिक बी 1 कैथ लैब, सिंगल प्लेन कैथ लैब, दो 4डी इकोकार्डियोग्राफी मशीन, 128 स्लाइस सीटी स्कैन मशीन का लोकार्पण किया। रिम्स के कार्डियोलॉजी विभाग के लगे अत्याधुनिक 4डी से रियल टाइम 3डी और 4डी रंगीन इमेज प्राप्त हो सकेगा। इसके अलावा 42.09 करोड़ की राशि से बने एकेडमिक भवन का भी मुख्यमंत्री ने उद्घाटन किया। इसी भवन में रिम्स का अत्याधुनिक पुस्तकालय भी बनाया गया है। इस एकेडमिक भवन में 250 एमबीबीएस छात्र-छात्राओं को एक साथ बैठकर पढ़ने की लाइब्रेरी है। इसके अलावा 300 छात्रों की क्षमता वाला 04 लेक्चर हॉल हैं, इसी एकेडमिक भवन में 250 छात्र छात्राओं के एक साथ परीक्षा संचालन के लिए 03 परीक्षा कक्ष भी है।

सीएम हेमंत सोरेन ने वैसे मरीजों से भी मुलाकात की जिनका एंजियोप्लास्टी हुआ था, इस दौरान उन्होंने रिम्स में मिल रही सुविधाओं के बारे में पूछा और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। सीएम ने रिम्स में नियुक्ति पत्र भी बांटे। इसके बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड में स्वास्थ्य सेवा की स्थिति को लेकर ज्यादा कुछ कहने की जरूरत नहीं है। ऐसे में जो लोग नवनियुक्त हुए हैं उन्हें अपने कर्तव्यों का पालन कैसे करना है यह आप बखूबी जानते हैं। हर पल आपके सामने चुनौतियां आएंगी, उसका सामना कैसे करना है, यह नवनियुक्त चिकित्सकों पर निर्भर करता है। सरकार ने आप पर भरोसा किया है। ऐसे में राज्य के गरीब गुरबों की स्वास्थ्य की रक्षा करने की जवाबदेही भी आप पर है। रिम्स जो झारखंड में स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ है, वहां दुनिया के सर्वोत्तम मशीनों का भी उद्घाटन किया गया ताकि हर व्यक्ति को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सकें। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में कई बड़े-बड़े समूह आज काम कर रहे हैं, लेकिन आज भी राज्य के 70-80% आबादी का विश्वास सरकारी अस्पताल पर है।सरकार सिर्फ बाजार नहीं है, उसे संवेदनशील, मानवीय और कल्याणकारी सोच के साथ सभी को समान नजरों से देखने का संकल्प भी लेना होता है। यही वजह है कि आज हमने रिम्स परिसर में भी अलग आयोग विभागों में अत्याधुनिक मशीनें लगाई हैं।

अभी स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमें बहुत आगे जाना है। इससे पहले भी आयुष चिकित्सक की नियुक्ति की गई है। आने वाले दिनों में नर्सों, मेडिकल स्टाफ की भी बड़े पैमाने पर नियुक्ति की जाएगी।अपर मुख्य सचिव (हेल्थ)अरुण कुमार सिंह ने कहा कि राज्य में डॉक्टरों की घोर कमी है। उम्मीद है कि जल्द जेपीएससी से नियुक्ति निकालकर इस कमी को दूर किया जाएगा। 173 नवनियुक्त डॉक्टर्स उन ढलउ में सेवा देंगे जो बंद पड़े हुए थे, इससे हेल्थ सेवा को और बेहतर बनाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि आयुष में 745 आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर खोले गए हैं। रांची और जमशेदपुर में 50 बेडेड आयुष हॉस्पिटल खोला जाएगा। वहीं, पंचकर्म केंद्र भी खोला जाएगा।

42 हजार सहियाओं की कार्यक्षमता बढ़ायी जा रही है। 104 और 108 को और बेहतर किया जा रहा है, मेडिको सिटी का कांसेप्ट जल्द धरातल पर उतरेगा और बेहतरीन हॉस्पिटल के ब्रांच रांची में होगा।स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि कोरोना काल की विपरीत परिस्थिति में मुख्यमंत्री ने कुशल कप्तान की भूमिका निभाई। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में जल्द ही मोटरसाइकिल एम्बुलेंस की सुविधा धरातल पर उतरेगी। नवनियुक्त मेडिकल अफसरों ने कहा कि आज उन्हें सरकारी डॉक्टर होने का सम्मान मिला है तो यह दायित्व भी कि हमें उन लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं लेकर पहुंचना है जहां तक अभी तक हेल्थ सिस्टम नहीं पहुंचा है।

## सतेंद्र चटर्जी एनसीपी युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त



राष्ट्रीय खबर

**रांची :** सतेंद्र चटर्जी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष और श्याम सिंह झारखंड के सह प्रभारी नियुक्त किये गये हैं। झारखंड विधानसभा सभागार में बुधवार को राष्ट्रवादी एनसीपी युवा मोर्चा की प्रेस वार्ता में यह घोषणा की गयी। मौके पर एनसीपी युवा मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह उत्तर भारत के प्रभारी मुरली मनोहर पांडेय, बिहार के प्रभारी सह राष्ट्रीय सचिव डॉ पवन पांडेय और राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रभाकर प्रसाद मौजूद थे। इस अवसर पर झारखंड आंदोलन में मुख्य भूमिका निभाने वाले जामताड़ा के नारायण मंडल एनसीपी पार्टी में शामिल हुए। उन्हें 6 महीने के भीतर झारखंड में एनसीपी युवा मोर्चा के संगठन को वार्ड स्तर पर पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी गई।प्रभारी मुरली मनोहर पांडे ने कहा कि आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में हम ज्यादा से ज्यादा युवाओं को और महिलाओं को मौका देंगे।

### दिल्ली में आयोजित मजदूर किसान संघर्ष रैली में

## झारखंड के 10 हजार से ज्यादा लोग हुए शामिल

राष्ट्रीय खबर

रांची : किसानों और मजदूरों की मांग को लेकर सीटू, किसान और मजदूर यूनियन की ओर से नयी दिल्ली में मजदूर किसान संघर्ष रैली का आयोजन किया गया। रैली में झारखंड से भी सीटू, किसान प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। वहीं, राज्य से लगभग दो हजार किसान आंदोलन में शामिल हुए। इसकी जानकारी देते हुए सीटू के प्रकाश विप्लव ने कहा कि देश के लाखों मजदूरों और किसानों ने दिल्ली के रामलीला मैदान में विशाल जनसभा आयोजित कर सरकार के नीतियों का विरोध किया। जिसमें मुख्य रूप से मजदूरों को गुलाम बनाने वाले चार लेबर कोड निरस्त करने, असंगठित ठेका और आऊट सोर्सिंग कामगारों को प्रतिदिन न्यूनतम 600 रुपये वेतन का



भूगतान सुनिश्चित करने, किसानों को उनके उपज का एमएसपी दिए जाने की गारंटी करने, मनरेगा में दो सौ दिन का काम और 600 रुपए मजदूरी देने, महंगाई पर रोक लगाने, खाली पड़े सभी रिक्त पदों पर अविलंब बहाली करने, राष्ट्रीय संपत्ति की बिक्री पर रोक लगाने दवाओं समेत सभी आवश्यक वस्तुओं की कीमत पर नियंत्रण लगाने, बिजली अधिनियम संशोधन वापस लेने समेत 14 सूत्री ज्वलंत मुद्दों पर आगामी संघर्ष का एलान किया। प्रकाश ने बताया कि मई में व्यापक अभियान चलाकर जुन माह में सभी राज्यों की राजधानियों में विशाल प्रदर्शन आयोजित किया जायेगा।

इस प्रभावी और ऐतिहासिक रैली में देश के मजदूरों और किसानों का एक मंच पर आकर और साथ मिलकर संयुक्त आंदोलन का एलान करना होगा। जो देश की राजनीति के लिए एक बड़ा संदेश है।

रैली में शामिल मजदूर नेता और सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने बताया कि रैली में जीवन जीविका पर मोदी सरकार के बढ़ते हमले के खिलाफ एकजुट संघर्ष का एलान किया गया। रैली में कोडरमा जिला सहित झारखंड से करीब दस हजार मेहनतकशों ने हिस्सा लिया। जिला से किसान सभा के राज्य संयुक्त सचिव असीम सरकार, सीटू से सम्बद्ध आंगनबाड़ी यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी, कंचन देवी, निर्माण कामगार यूनियन (सीटू) के नेता प्रेम प्रकाश, नागेश्वर दास, शम्भु पासवान, शिवनंदन भूइयां सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

# मोदी राज में भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाना गुनाह हो गया है: कांग्रेस

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में बुधवार से जय भारत सत्याग्रह यात्रा की शुरूआत लोहरदगा जिले से हुई। इस दौरान सभा का आयोजन भी हुआ। इसमें झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर समेत सारे विधायक, सांसद व कार्यकर्ता शामिल हुए। यह यात्रा अगले 13 दिनों में प्रदेश के सभी 24 जिलों में आयोजित होगी। लोहरदगा में जय भारत सत्याग्रह सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा मोदी राज में आम जनता की आवाज उठाना, भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाना गुनाह हो गया है। उन्होंने कहा की देश की आजादी के अमृतकाल में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में चलाये जा रहे ह्य मित्रकालह्ल के विरुद्ध, लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है। आज देश में एकबार पुनः कंपनी राज की स्थापना का प्रयास चल रहा है।

उन्होंने कहा कि ये कांग्रेस पार्टी ही है जिसने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पं जवाहरलाल नेहरू के दिखाये सत्याग्रह के मार्ग पर चल कर इस देश से कंपनी राज को समाप्त किया था। आज देश में एकबार पुनः कंपनी राज की स्थापना का प्रयास चल रहा है। उन्होंने कहा की देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी के पूर्व अध्यक्ष चार बार के सांसद राहुल गांधी जब संसद के अंदर बात करते है तो उनको बोलने नहीं दिया जाता, उनका माइक बंद कर दिया जाता है, सत्तारूढ़ दल के सांसद बहुमत के अतिवादी चरित्र का प्रदर्शन करते हुये संसद की कार्यवाही नहीं चलने देते है। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा की लोकतंत्र खतरे में है संविधान खतरे में है, देश में अराजकता का माहौल है, राजनैतिक लाभ के लिए अंग्रेजों की नीति डिवाइड एंड रूल का सहारा लिया जा रहा है। लोगों को बांटने का काम किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर गंगा जमुनी तहजीब को बचाने के लिए महंगाई बेरोजगारी किसानों मजदूरों के सवाल पर चार हजार किलोमीटर की यात्रा की है और उन्हें देश के करोड़ों लोगों का भरपूर समर्थन मिला। यही भाजपा को पच नहीं रहा है। हमें इकठ्ठा होकर पूरे ताकत से लोकतंत्र बचाने की इस लड़ाई को लड़ना होगा पीएम मोदी नहीं चाहते कि अडानी के साथ उनके रिश्ते का पदार्फाश हो।कार्यक्रम में जय भारत सत्याग्रह सभा में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहु, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, शहजादा अनवर, झारखंड सरकार में वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सुखदेव भगत, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी जिला अध्यक्ष सुखैर भगत मुख्य रूप से उपस्थित थे। आज ही जय भारत सत्याग्रह यात्रा लातेहार भी पहुंचेगी।

## परिवारवादी पार्टियों के युवराज लोकतंत्र की दुहाई दे रहे हैं: बाबूलाल

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा है, सीएम हेमंत सोरेन के मुंह से लोकतंत्र की दुहाई की बात सुनकर हंसी आती है। देश के प्रमुख विपक्षी दलों की बैठक में सीएम हेमंत सोरेन ने कहा था कि देश का लोकतंत्र खतरे में है। इसपर ट्विट कर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सिर्फ अपने परिवार कल्याण के लिये बनी और परिवार के लिए काम करने वाली प्राइवेट लिमिटेड कंपनी टाइप पार्टियों के एक्सीडेंटल उत्तराधिकारियों के मुंह से लोकतंत्र के दुहाई की बात सुनकर हंसी आती है।बाबूलाल ने कहा कि झामुमो में सोरेन परिवार के मुखिया शिबू सोरेन अध्यक्ष हैं। हेमंत सोरेन कार्यकारी अध्यक्ष, सीता सोरेन महासचिव और बसंत सोरेन युवा मोर्चा के अध्यक्ष हैं। इनका काम सिर्फ अपने परिवार के लिए बेहिसाब धन-दौलत और जमीन-जायदाद इकठ्ठा करना और चोरी पकड़ी जाने पर आदिवासी होने की दुहाई देना है। इससे महान लोकतांत्रिक पार्टी और उसका कल्याणकारी काम और क्या हो सकता है। उन्होंने कहा कि झारखंड में शिबू सोरेन के पुत्र हेमंत सोरेन, कश्मीर में फारूक अब्दुल्ला के पुत्र उमर अब्दुल्ला, बिहार में लालू यादव के पुत्र तेजस्वी यादव, यूपी में मुलायम सिंह यादव के पुत्र अखिलेश यादव और तमिलनाडु में एम। करुणानिधि के पुत्र एमके स्टालिन सभी मिलकर लोकतंत्र को बचाने में लगे हैं। देश की जनता तय करे कि ये युवराज सेना देश का लोकतंत्र बचा रहे हैं या अपने-अपने परिवार की वर्षों से चल रही दुकान।

राजनीति ▶ कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय ने सरकार में शामिल अपनी पार्टियों के मंत्रियों का अपमान किया

# दीपक का सीएम हेमंत से सवाल, कांग्रेस के कितने मंत्री पास, कितने फेल

▶▶ हेमंत सरकार की लूट और झूठ में कांग्रेस पार्टी बराबर की भागीदार है




राष्ट्रीय खबर

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने हेमंत सोरेन से सवाल पूछा है। कहा है कि झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय ने हेमंत सरकार में शामिल अपनी पार्टियों के मंत्रियों का सार्वजनिक अपमान किया है। इसके जरिये कांग्रेस प्रभारी ने भाजपा के आरोपों की पुष्टि कर दी। साथ ही मंत्रियों को अपमानित किया है। पांडेय ने ऐसा करके राज्य सरकार के कार्य कलापों पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया है। मुख्यमंत्री को कांग्रेस प्रभारी के द्वारा मंत्रियों के संबंध में दिए गए बयानों पर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। सरकार के मुखिया के नाते उन्हें पूरी तरह पता होगा कि कांग्रेस के मंत्रियों में कौन कितना और किस तरह विफल साबित हुआ है। दीपक प्रकाश ने कहा कि प्रदेश भाजपा लगातार राज्य सरकार की विफलताओं को सदन से सड़क तक उजागर कर रही है। यह भी सच है कि हेमंत सरकार की लूट और झूठ में कांग्रेस पार्टी बराबर की भागीदार है। एक तरफ मुख्यमंत्री अपने सरकार की सफलताओं पर बोलते नहीं थकते।

प्रशंसा के लिए करोड़ों रुपए विज्ञापनों पर खर्च कर रहे हैं। वहीं कांग्रेस प्रभारी सरकार को विफल बता रहे। ऐसे में जनता को एक बार फिर से दिग्भ्रमित किया गया है। जनता किनकी बातों पर भरोसा करे। श्री प्रकाश ने कांग्रेस प्रदेश प्रभारी के तानाशाही वाले बयान पर कहा कि कांग्रेस पार्टी खुद तानाशाही की फैक्ट्री है। तानाशाह कांग्रेस के डीएनए में है। कांग्रेस का इतिहास पार्टी के व्यक्ति विशेष और परिवार विशेष की तानाशाही से भरा पड़ा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के चाहे सांगठनिक निर्णय हों या कांग्रेस की सरकारों के निर्णय हों, अनेकों बार तानाशाही उजागर हुई है। इसी कांग्रेस पार्टी ने सुभाष चंद्र बोस, सरदार वल्लभ भाई पटेल, नरसिम्हा राव जैसे अपनी ही पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेताओं को अपमानित किया। मनमोहन सिंह को केवल नाम का प्रधानमंत्री बनाकर सुपर पीएम के माध्यम से 10वर्षों तक अपमानित किया। पार्टी के युवराज ने कैबिनेट के फैसले को चौराहे पर फाड़ते हुए परिवार की तानाशाही को उजागर किया। कांग्रेस पार्टी ने आपातकाल लगाकर देश में तानाशाही वीभत्स रूप प्रकट किया। प्रेस पर भी प्रतिबंध लगाए। अखबारों के दफ्तरों पर इसी कांग्रेस ने हमले करवाए। देश में 90 बार से ज्यादा चुनी हुई लोकतांत्रिक सरकारों को गिराकर राज्यों में राष्ट्रपति शासन लगाया।गौरतलब है कि कांग्रेस के झारखंड प्रभारी अविनाश पांडेय ने 4 अप्रैल को एक इंटरव्यू में कहा कि झारखंड में कांग्रेस के सभी मंत्रियों का परफॉरमेंस संतोषजनक नहीं है। जरूरी हुआ तो इसमें आनेवाले समय में बदलाव भी हो सकता है।

## न्यूज फटाफट

### दिल्ली-नोएडा में बिक रहा झारखंड का अवैध बालू:रघुवर दास

**रांची:** झारखंड में मिशन 2024 की तैयारी में बीजेपी जुट गई है। सियासी गोलबंदी और मुद्दों को लेकर के जिस तरीके से हेमंत सरकार को घेरने में बीजेपी जुटी है, उसमें भ्रष्टाचार के मुद्दे को सबसे ऊपर रखा गया है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने आरोप लगाया है कि हेमंत सरकार के मंत्री भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं। बालू का ठेका 3 सालों से नहीं हुआ, लेकिन बालू का कारोबार झारखंड से लेकर दिल्ली और नोएडा तक फैला हुआ है। अब सवाल यह उठ रहा है कि क्या नोएडा में भी हेमंत सरकार की तूती बोलती है अगर नहीं तो झारखंड का बालू नोएडा में कैसे बिक रहा है और योगी आदित्यनाथ की पुलिस क्या कर रही है। नोएडा में योगी आदित्यनाथ कैसे अवैध बालू को जाने दे रहे हैं और या फिर झारखंड से कौन सा नजराना उत्तर प्रदेश की सरकार या पुलिस को मिल रहा है। ये सवाल इस लिए भी गंभीर है क्योंकि भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ये आरोप लगा रहे हैं।

## पेज एक का शेष

### राहुल गांधी की अयोग्यता .. ..

करने के लिए आपसे विनती कर रहा हूं कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 8 के तहत, एक निर्वाचित सदस्य को अयोग्य घोषित करने से पहले दो शर्तों को पूरा करना होता है। पहले सदस्य को किसी अपराध के लिए दोषी ठहराया जाना चाहिए और दूसरा, उसे कम से कम दो साल के कारावास की सजा दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचित सदस्य को अयोग्य घोषित करने से पहले इन दो शर्तों को पूवार्पेक्षा माना जाता है। दूसरी शर्त जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के निर्धारित प्रावधान की कसौटी पर खरी नहीं उतर सकती है क्योंकि श्री राहुल गांधी जी की सजा को ट्रायल कोर्ट ने ही निलंबित कर दिया था। श्री चौधरी ने लिखा, भारी मन के साथ, मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि संसद में एक बहस होनी चाहिए ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या हमारे नेता श्री राहुल गांधी जी को अनुपातहीन सजा दी गई है, जिससे संज्ञानात्मक असंगति की बू आती है।

### कामाख्या मंदिर में .. ..

घटना सामने आने वाली है। इसी वजह से पुलिस ने 5 आरोपियों से पूछताछ जारी रखी है. यह घटना 19 जून, 2019 को अंबुबासी मेले के दौरान कामाख्या के जय दुर्गा मंदिर में हुई थी। गुवाहाटी के पुलिस आयुक्त दिगंत बोरा ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मानव बलि की घटना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। श्री बोरा ने कहा कि 19 जून को जय दुर्गा मंदिर की सीढ़ी से एक अज्ञात महिला की सिर कटी लाश मिली थी। इस संबंध में जालुकबाड़ी थाने में स्वतः संज्ञान लेकर मामला दर्ज कर विस्तृत जांच शुरू की गई थी।

पुलिस आयुक्त दिगंत बोरा ने कहा कि मध्य प्रदेश के जबलपुर के माता प्रसाद पांडेय (50 वर्ष) को इस साल 25 मार्च को गिरफ्तार किया गया। आगे की पूछताछ में यह पता चला कि 2019 की 18 और 19 जून की दरमियानी रात को भूतनाथ में एक कपाली पूजा आयोजित की गई थी, जिसमें लगभग 12 लोगों ने भाग लिया था, जिसमें पीड़िता भी शामिल थी। पूजा करने वाले लोगों ने शराब का सेवन किया था। पीड़िता को भी शराब पिलाई गई। इसके बाद उन्होंने कामाख्या के श्मशान घाट का दौरा किया और वहां दूसरी पूजा की। पुरुषों का समूह तब कामाख्या में जय दुर्गा मंदिर गया और मानव बलि के नाम पर पीड़िता का सिर काट दिया। जघन्य अपराध को अंजाम देने के बाद उन्होंने पीड़िता का सिर एक बैग में रखा और उसे ब्रह्मपुत्र नदी में बहा दिया और चले गए। वहीं, माता प्रसाद पांडेय के बयान के आधार पर सुरेश पासवान (56), कानू आचार्जी (62) और भैयाराम मौर्या (60) को भूतनाथ इलाके से और प्रदीप पाठक (52) को उत्तर प्रदेश के मथुरा से गिरफ्तार किया गया।कामाख्या मंदिर भारत के सबसे सम्मानित मंदिरों में से एक है, और अंबुबाची उत्सव हर साल हजारों तीर्थयात्रियों को आकर्षित करता है।

### सिद्धारमैया और शिव .. ..

मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी अपनी पसंद के उम्मीदवारों की सिफारिश करने के लिए अपने पत्तें फेंक दिये है। अगर कर्नाटक कांग्रेस को भाजपा से सत्ता छीननी है तो उसे श्री सिद्धारमैया और शिवकुमार की फूट वाली गतिविधियों से दूर रहना होगा, अन्यथा इससे उसकी चुनावी संभावनाओं को नुकसान होगा। शुरुआत में ही, कांग्रेस ने यह समझाने की बहुत कोशिश की कि नेताओं के बीच एकमत है। श्री सुरजेवाला ने कहा कि हमने स्क्रीनिंग कमेटी के साथ-साथ सीईसी की बैठकें की हैं, और हम सर्वसम्मति से 124 उम्मीदवारों की घोषणा करने वाले पहले दल है । अब भी, पार्टी में पूरी तरह से एकमत है। श्री सिद्धारमैया ने यह भी स्पष्ट किया कि एक प्रतिष्ठित दैनिक में एक रिपोर्ट में उन्हें यह कहते हुए गलत उद्धृत किया गया था कि उन्होंने कहीं भी यह नहीं कहा कि पार्टी आलाकमान शिवकुमार, एमबी पाटिल या किसी कांग्रेस नेता से नाखुश है।

### कहा सत्ता के समक्ष सच .. ..

प्रतिबंध प्रचलित कानून के खिलाफ है। पीठ ने मजबूत लोकतंत्र के लिए स्वतंत्र मीडिया की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि सरकार की आलोचना का यह मतलब नहीं निकाला जाना चाहिए कि वह (मीडिया संस्थान) सरकार के खिलाफ है। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि सामाजिक-आर्थिक से लेकर राजनीतिक विचारधाराओं तक के मुद्दों पर एक समान दृष्टिकोण लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा पैदा करेगा। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा से खतरे से संबंधित तथ्यों को बिना ठोस सबूत के स्वीकार नहीं किया जा सकता। पीठ ने अपने फैसले में कहा, एक लोकतांत्रिक गणराज्य के मजबूत कामकाज के लिए एक स्वतंत्र प्रेस महत्वपूर्ण है। एक लोकतांत्रिक समाज में इसकी भूमिका महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह राज्य के कामकाज पर प्रकाश डालती है। मीडिया का कर्तव्य है कि वह सत्ता के सामने सच बोले।... शीर्ष अदालत ने 15 मार्च 2022 को मलयालम टीवी न्यूज चैनल पर केंद्र के 31 जनवरी 2022 के प्रतिबंध पर रोक लगा दी थी। केरल उच्च न्यायालय द्वारा केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा प्रसारण पर लगाए गए प्रतिबंध को बरकरार रखने के बाद मीडिया वन ने शीर्ष अदालत का रुख किया था।

### कपड़ों में इस्तेमाल .. .. ..

फाइबर पंप बिना किसी गतिमान पुर्जे के द्रव प्रवाह उत्पन्न करने के लिए चार्ज इंजेक्शन इलेक्ट्रो हाइड्रोडायनामिक्स सिद्धांत का उपयोग करते हैं। पंप की दीवार में एम्बेडेड दो पेचदार इलेक्ट्रोड एक विशेष गैर-प्रवाहकीय तरल के अणुओं को आयनित और त्वरित करते हैं। पंप की अनूठी संरचना को प्राप्त करने के लिए, शोधकताओं ने एक तकनीक विकसित की जिसमें तांबे के तारों और पॉलीयूरेथेन धागे को एक स्टील रॉड के चारों ओर एक साथ घुमाकर, और फिर उन्हें गर्मी से जोड़ना शामिल है। पंप के सरल डिजाइन के कई फायदे हैं। आवश्यक सामग्री सस्ती और आसानी से उपलब्ध हैं, और निर्माण प्रक्रिया को आसानी से बढ़ाया जा सकता है। क्योंकि पंप द्वारा उत्पन्न दबाव की मात्रा सीधे इसकी लंबाई से जुड़ी होती है, ट्यूबों को आवेदन से मिलान करने के लिए काटा जा सकता है, वजन कम करते हुए प्रदर्शन को अनुकूलित किया जा सकता है। मजबूत डिजाइन को पारंपरिक डिटर्जेंट से भी धोया जा सकता है। इन फाइबर पंपों का उपयोग नई और रोमांचक पहनने योग्य तकनीकों में किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, वे अत्यधिक तापमान वातावरण में काम करने वालों के लिए या सूजन को प्रबंधित करने में मदद करने के लिए चिकित्सीय सेटिंग में कपड़ों के माध्यम से गर्म और ठंडे द्रव को प्रसारित कर सकते हैंस्मिथ कहते हैं, इन अनुप्रयोगों के लिए लंबे समय तक टयूबिंग की आवश्यकता होती है, और हमारे मामले में, टयूबिंग पंप है। इसका मतलब है कि हम बहुत ही सरल और हल्के द्रव सर्किट बना सकते हैं जो पहनने में सुविधाजनक और आरामदायक हैं। अध्ययन में कपड़े और एम्बेडेड फाइबर पंपों से बनी कृत्रिम मांसपेशियों का भी वर्णन किया गया है, जिनका उपयोग रोगियों को चलने और चलने में मदद करने के लिए नरम एक्सोस्केलेटन को शक्ति देने के लिए किया जा सकता है।

## शहर >> अपडेट

### श्री हनुमान जयंती उत्सव बनाया जाएगा

**रांची:** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा निर्मित व संचालित हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में गुरुवार 6 अप्रैल को श्री हनुमान जयंती उत्सव मनाया जाएगा। मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि हनुमान जी महाराज का विशेष श्रृंगार किया जाएगा । साय 4:30 बजे से 44 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ होगा। राजेश सिंघानिया सारिका सिंघानिया हर्ष सिंघानिया अखंड ज्योति प्रज्वलित करेंगे । चना गुड़ केसरिया पेड़ा फल रोट खीर आदि का भोग अर्पित किया जाएगा। भजन संकीर्तन का कार्यक्रम भी होगा । उत्सव की सभी तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में श्रवण ढानढनिया गौरव अग्रवाल श्याम सुंदर शर्मा अनिल नारनोली रतन शर्मा मीरा अग्रवाल राजेश सिंघानिया अरविंद सोमानी आदि तैयारी में लगे हुए हैं।

## नेतरहाट की तर्ज पर चाईबासा,दुमका और बोकारो में खोले जायेंगे आवासीय विद्यालय

# आवासीय विद्यालयों के लिए 20 करोड़ भवन निर्माण विभाग को जारी

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड के सरकारी स्कूलों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए राज्य सरकार आवासीय विद्यालय वृहत योजना पर काम कर रही है। इस शैक्षणिक सत्र से शुरू होने वाले 80 नए उत्कृष्ट विद्यालय (स्कूल ऑफ एक्सीलेंसी) में से 20 को राज्य सरकार आवासीय विद्यालय बनाएगी। इसी साल सरकार ने राज्य के पांचों प्रमंडलों में भी पिछड़ा और अल्पसंख्यक वर्ग के लिए आवासीय विद्यालय बनाने का फैसला किया है। प्रतिष्ठित नेतरहाट आवासीय विद्यालय की तर्ज पर राज्य में तीन आवासीय विद्यालय चाईबासा, दुमका और बोकारो में खोले जाएंगे। 2023-24 के बजट में हेमंत सरकार ने इसकी घोषणा की थी। इसमें से चाईबासा और दुमका में विद्यालय



खोले जाने की स्वीकृति मिल चुकी है। इस पर कुल 195 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। सरकार की तैयारी इन आवासीय विद्यालयों में बच्चों को मातृभाषा में पढ़ाई करना है।

कल्याण विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, साल 2023 में पिछड़ा और अल्पसंख्यक वर्ग के लिए आवासीय विद्यालय बनाये जायेंगे। पिछड़ा वर्ग के लिए एक-एक प्लस-टू आवासीय विद्यालय बनाये जायेंगे। विभाग स्तर पर इसकी तैयारी की जा रही है। आवासीय विद्यालय राज्य के सभी 5 प्रमंडलों (उत्तरी छोटानागपुर, दक्षिणी छोटानागपुर पलामू, कोल्हान और संथाल) में बनेंगे। इस योजना के लिए 20 करोड़ रुपए भवन निर्माण निगम लिमिटेड को जारी किया गया है। इसी साल अल्पसंख्यकों के लिए पांचों प्रमंडलों में कुल 6 नये आवासीय विद्यालय बनाये जायेंगे।10 करोड़ रुपए खर्च कर नेतरहाट आवासीय विद्यालय का सौंदर्यीकरण कराने की घोषणा पहले ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कर चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा था कि विद्यालय का अपना गौरव है। जरूरत है बस थोड़ा आकार देने की, ताकि विश्व पटल पर इस विद्यालय को पहचान दिलाई जा सके।इसी शैक्षणिक सत्र में राज्य सरकार 80 सरकारी विद्यालय को स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की तर्ज पर खोलने जा रही है। इन विद्यालय में से 20 को आवासीय विद्यालय में बदला जाएगा।

पिछले दिनों कैबिनेट की बैठक में इसकी स्वीकृति मिल चुकी है। जिन जगहों पर विद्यालय खोले जाएंगे, उनमें दुमका के मसलिया, गुमला के भरनो, हजारीबाग के चौपारण और बरका, गिरिडीह के धनवार, बेंगाबाद, गिरिडीह, तिसरी, गांडेय, देवरी और डुमरी, पाकुड़, पूर्वी सिंहभूम के डुमरिया और घाटशिला, खूंटी के खूंटी ब्लॉक, रांची के कांके, अनगड़ा, बुढ़मू, सरायकेला के खरसावां और पश्चिम सिंहभूम के तांतनगर में बनने वाले स्कूल ऑफ एक्सीलेंस शामिल हैं।

## न्यूज फटाफट

### श्रीकृष्ण विकास परिषद यादव समाज झा0 का प्रमुख पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक

**रांची:** धुर्वा वाईबीएन स्कूल में श्रीकृष्ण विकास परिषद यादव समाज झा0 का प्रमुख पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक एचईसी के सेवानिवृत जीएम प्रो.गोपाल यादव के अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक में आगामी 30 तारीख को श्रीकृष्ण विकास परिषद यादव समाज झा0 का 8ह्व वॉ स्थापना वर्ष सह प्रांतीय सम्मेलन को भव्य तरीके से करने को लेकर तमाम सदस्यों द्वारा विस्तारपूर्वक चर्चा की गई ।बैठक में विशेष रूप से उपस्थित श्रीकृष्ण विकास परिषद के मुख्य संरक्षक कैलाश यादव ने कहा कि स्थापना वर्ष सह प्रांतीय सम्मेलन ऐतिहासिक होगा । झारखंड के 24 जिलों के हजारों प्रतिनिधियों सहित विशेष रूप से हरियाणा, दिल्ली, यूपी,बिहार,उड़ीसा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, राजस्थान,एमपी सहित देश के अन्य 10 राज्यों से राजनीतिक एवं प्रबुद्ध सामाजिक संगठन के अतिथिगण मौजूद रहेंगे । कार्यक्रम को भव्य रूप से सफल बनाने के लिए दिनांक 12 अप्रैल 23 को अगली बैठक में 50 सदस्यीय तैयारी एवं प्रारूप समिति का गठन किया जाएगा ।बैठक में वाईबीएन स्कूल के संचालक रामजी यादव, सुरेश राय,जयसिंह यादव,रामकुमार यादव,सुधीर गोप, तपेश्वर गोप, विजय राय,चंदेश्वर प्रसाद, राजकिशोर सिंह,चंद्रिका यादव,उमेश यादव,मैनेजर राय सहितअन्य लोग मौजूद थे ।

### ब्लड डोनेशन कैंप का उद्घघाटन रांची विश्वविद्यालय के कुलपति करेंगे



**रांची:** पासवा द्वारा 6 अप्रैल को आयोजित मेगा ब्लड डोनेशन कैंप का उद्घघाटन रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा करेंगे जबकि मुख्य अतिथि के तौर पर सुश्री फलक फातिमा राष्ट्रपति पुरस्कृत एनएसएस स्वंयसेवक रांची विश्वविद्यालय रांची होंगी।पासवा प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने बताया जरूरत मंदों एवं गरीबों के सहायतार्थ जीवनदायी रक्त एकत्रित करने के उद्देश्य से पासवा ब्लड डोनेशन कैंप कल पूर्वाह्न 11।00 बजे आर्यभट्ट सभागार मोरहाबादी के समक्ष लगाएगी जिसका उद्घघाटन रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा करेंगे और फलक फातिमा राष्ट्रपति अवार्डी एवं शिक्षाविद डॉ सुषमा केरकेट्टा मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगी। प्रतिष्ठित अस्पताल रिम्स के सौजन्य से डाक्टर की उपस्थिति में ब्लड डोनेशन कैंप संचालित होंगे एवं डोनर को सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा ताकि उनके जरुरत पर भी मदद मिल सके ।स्वस्थ लोगों द्वारा किए गए रक्तदान का उपयोग गरीबों एवं जरूरतमंद लोगों के लिए किया जाता है, धन व अन्य दान से भी अधिकतम महान रक्तदान है क्योंकि यह जीवन दान करता है ।आलोक दूबे ने कहा कल के कैंप में पहला रक्त दान मैं स्वंय करुंगा ।उन्होंने कहा आजकल रक्तदान शिविर के आयोजनों में भारी कमी हुई है और रक्त दाताओं में भी भारी कमी देखने को मिल रहा है, जिसकी वजह से अस्पतालों में आए दिन रक्त की कमी के समाचार आते हैं और रक्त की कमी के कारण कई रोगियों की जान तक चली जाती है। बढ़ती जा रही जनसंख्या एवं बीमारियों से खून चढ़ाने की जरूरत में कई गुना वृद्धि हुई है लेकिन रक्तदाताओं की कमी के कारण गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

## अब मरीजों का हेल्थ आइडी रजिस्ट्रेशन आसानी से होगा, क्लेम्स सेटलमेंट भी होगा सरल




राष्ट्रीय खबर

**रांची:** राज्य के सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों को डिजिटल के माध्यम से जोड़ कर अब संचालित किया जायेगा। इसके माध्यम से सभी चिकित्सकों, चिकित्सा कर्मियों एवं राज्य के सभी नागरिकों के स्वास्थ्य से संबंधित हर समाधान के लिए डिजिटल सिस्टम से जोड़ा जायेगा। केंद्र प्रायोजित आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत शत-प्रतिशत अनुदान पर राज्य में भी आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के संचालन के लिए पीएमयू का गठन होगा। इस पीएमयू के जरिये राज्य के शहरी से ग्रामीण क्षेत्रों के किसी भी प्रकार के मरीजों का हेल्थ आइडी बनाना, हेल्थ रजिस्ट्री, हेल्थ वर्कस रजिस्ट्री हेल्थ केयर फेसिलिटी रजिस्ट्री, हेल्थ क्लेम्स, हेल्थ डाटा एनालईटिक्स, ओपेन टेली मेडिसिन एवं ई-फामेर्सी नेटवर्क की व्यवस्था को चलाया जायेगा। स्वास्थ्य विभाग झारखंड ने गाइडलाइन बनाने के साथ-साथ इसके क्रियान्वयन के लिए विभिन्न तरह के 15 पदों का सृजन किया है।

### झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ का 24 सितंबर को राष्ट्रीय सम्मेलन

**रांची** : झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ ने रांची में दिनाक 24 सितंबर को राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह का आयोजन करने जा रही है। इस भव्य कार्यक्रम को लेकर प्रदेश शौंडिक संघ ने प्रदेश अध्यक्ष दिनेश प्रसाद साहु जी की अध्यक्षता में दिनाक 5 अप्रैल को अपराह्न 3 बजे रांची रेडियम रोड स्थित साहु नर्सिंग होम के बैठक में लिया गया। प्रदेश अध्यक्ष दिनेश प्रसाद साहु, महामंत्री उमेश साहु, कोशाध्यक्ष निशांत गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह को लेकर पूरे अखिल भारतीय स्तर पर हर राज्य के शौंडिक प्रतिनिधियों को इस आयोजन में शामिल होने के लिए निमंत्रण पत्र भेज उनसे संपर्क स्थापित किया जा रहा है। जिसमें संपर्क करने पर कुछ लोगों ने अपनी सहमति भी दे दी है। कार्यक्रम को सफल आयोजन को लेकर एक समन्वय समिति बनाई गई है।

## जेईई मेन की परीक्षा आज से होगी शुरू

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** राजधानी रांची सहित देशभर में जेईई मेन परीक्षा छह अप्रैल से शुरू हो रही है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए द्वारा आयोजित जेईई मेन परीक्षा के लिए रांची में आइऑन डिजिटल जोन तुपुदाना को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

जहां प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर बाद 3:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक आयोजित की जाएगी।पहले दिन रांची सेंटर पर लगभग 1150 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। रांची के अलावा छह अप्रैल को होनेवाली जेईई मेन परीक्षा के लिए जमशेदपुर, हजारीबाग, दुमका, धनबाद, देवघर, बोकारो और कोडरमा में भी परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। छह अप्रैल के बाद आठ, 10, 11, 12, 13 और 15 अप्रैल को भी जेईई



मेन परीक्षा आयोजित की जाएगी। अप्रैल सत्र की इस परीक्षा में देश भर से करीब नौ लाख, 40 हजार विद्यार्थी शामिल होंगे। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित हो रही जेईई मेन परीक्षा में विद्यार्थियों को जूता पहन कर परीक्षा केंद्र में आने की अनुमति नहीं दी गई है। यानी जूता पहनने पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगा दी गई है। इसके अलावा परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर डिजिटल उपकरण, ज्वेलरी,पर्स, बेल्ट आदि पहन कर आने की मनाही की गई है ।विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्र पर एडमिट कार्ड का कलर प्रिंट आउट फॉर्म जमा किए गए फोटो की दो कॉपी और पहचान पत्र के लिए आधार कार्ड लेकर पहुंचना होगा।

## सरकारी स्कूलों में बढ़ी विद्यार्थियों की संख्या,नामांकन के आंकड़ों में वृद्धि



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड में शिक्षा में बेहतरी की कवायद अब रंग लाने लगी है। सरकारी स्कूलों के आधारभूत संरचना में बढ़ोतरी और शिक्षकों के लगातार प्रशिक्षण से स्कूलों में शिक्षण कार्य का स्तर काफी बढ़ा है। यही वजह है कि अब सरकारी स्कूलों में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की रूचि बढ़ी है। अभिभावक भी सरकारी स्कूलों में नामांकन के लिये पहुंच रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा पेश किये गये झारखंड इकॉनोमिक सर्वे से यह बात सामने आयी है कि स्कूली शिक्षा के सभी स्तरों पर छात्रों के नामांकन में लगातार वृद्धि हुई है। स्कूली शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर नामांकित छात्रों की कुल संख्या 2019-20 में 74।9 लाख से बढ़कर 2021-22 के दौरान 76।9 लाख हो गई। 2020-21 की तुलना में 2021-22 के दौरान शिक्षा के माध्यमिक (8.7 प्रतिशत) और उच्चतर माध्यमिक (5.9 प्रतिशत) स्तरों पर छात्रों के नामांकन में इजाफा हुआ है। आंकड़ों के अनुसार उच्च प्राथमिक स्तर (2.9 प्रतिशत), प्राथमिक स्तर पर छात्र नामांकन (-1.6 प्रतिशत) में 2020-21 से 2021-22 की अवधि के दौरान 38 लाख से 37.4 लाख तक मामूली गिरावट आई है।

2019-20 की तुलना में, 2019-20 से 2021-22 की अवधि के दौरान प्राथमिक स्तर पर छात्र नामांकन में 38.9 लाख से 37।4 लाख तक गिरावट (-3.7 प्रतिशत) तेज लगती है। आठवीं-बारहवीं कक्षा में छात्रों के नामांकन में हाल के वर्षों में लगातार सुधार हुआ है। 2020-21 की तुलना में 2021-22 के दौरान कक्षा 8वीं-12वीं में छात्रों के नामांकन में 5।4 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि हुई है।

### जेआरजे बैंक ने 5वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

**रांची** : जेआरजी बैंक का पांचवां स्थापना दिवस समारोह प्रधान कार्यालय रांची, सभी आठ क्षेत्रिय कार्यालयों एवं सभी 445 शाखाओं में बड़े धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर की गयी ।1977 में अविभाजित बिहार में संथाल-परगना ग्रामीण बैंक के रूप में स्थापित वर्तमान जेआरजे का इतिहास 46 साल पुराना हैं। विभिन्न चरणों में ग्रामीण बैंकों के विलय के बाद 1 अप्रैल 2019 को झारखण्ड का अपना बैंक की स्थापना हुई। बैंक के अध्यक्ष श्री पीयूष भट्ट ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुये कहा कि झारखण्ड की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के मजबूत स्तम्भ के रूप मे अपनी मौलिक जिम्मेदारी निभाने के साथ-साथ बैंक आधुनिक झारखण्ड की बदलती जरूरतों के अनुरूप खुद को निरंतर परिवर्तित कर रहा है।




**आवेदन** विभिन्न पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन लेने की प्रक्रिया शुरू

# नियोजन नीति को लेकर भारी विरोध के बीच शुरू हुई नियुक्ति प्रक्रिया

आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा शुल्क जमा करने से छूट दी है

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** एक तरफ राज्य में नियोजन नीति को लेकर छात्रों का विरोध चल रहा है वहीं दूसरी ओर बुधवार से बड़े पैमाने पर सरकार के द्वारा नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की गई है। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग और झारखंड पब्लिक सर्विस कमीशन यानी जेपीएससी के द्वारा विभिन्न पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन से लेने की प्रक्रिया शुरू की गई है ।नियोजन नीति में बदलाव के बाद कार्मिक विभाग ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग यानी जेएसएससी को राज्य में प्लस टू स्कूलों में विभिन्न विषयों के शिक्षकों की कमी को देखते हुए नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने की अनुशंसा की थी जिसके बाद 2137 पदों पर शिक्षकों की सीधी भर्ती और 265 बैकलॉग रिक्तियों को भरने की प्रक्रिया शुरू की गई है। जेएसएससी द्वारा निकाले गए विज्ञापन के अनुसार इस परीक्षा के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 4 मई निर्धारित की गई है साथ ही 6 मई तक परीक्षा शुल्क भुगतान एवं फोटो और सिग्नेचर को अपलोड करने को कहा गया है ।आयोग ने अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन में किसी तरह की त्रुटि को दूर करने के लिए 10 से 12 मई तक का समय भी निर्धारित किया है। गौरतलब है कि पीजीटी शिक्षकों की भर्ती के लिए जेएसएससी के द्वारा पूर्व में भी विज्ञापन निकाले गए थे मगर नियोजन नीति रद्द होने की वजह से इसकी परीक्षा होने से ठीक पहले इसे रद्द कर दिया गया था। आयोग ने पूर्व में आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा शुल्क जमा करने से छूट दी है।

## शहर >> अपडेट

### पुलिस टीम को बीएसएल ने किया सम्मानित

**बोकारो:** मॉर्निंग वॉक के दौरान बीएसएल के एक अधिकारी के साथ हाल ही में हुए छिनतई एवं मारपीट की घटना का उद्भेदन करने वाली पुलिस टीम को बीएसएल के निदेशक प्रभारी अमरेंदु प्रकाश तथा अधिशासी निदेशक राजन प्रसाद ने बधाई दी। इस दौरान सिटी डीएसपी कुलदीप कुमार सहित उनकी टीम में शामिल अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### सेक्टर 12 हेल्थ सेंटर को बंद करना गलत

**बोकारो:** पूर्व कांग्रेस प्रदेश सचिव सह जनता मजदूर सभा के महासचिव साधु शरण गोप ने बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी को पत्र लिखकर कहा कि 7 अप्रैल को सेक्टर 12 हेल्थ सेंटर का सेक्टर 12 के कमरे में ट्रांसफर करना बहुत ही गलत निर्णय है। इस निर्णय को रद्द करना चाहिए। इस संबंध में बुधवार को बीजीएच के प्रभारी डॉ विभूति से भी मिले। उन्होंने कहा कि सेक्टर 12 हेल्थ सेंटर का सी टाइप क्वार्टर में संचालन से मरीजों को तो परेशानी होगी ही, हॉस्पिटल स्टाफ को काफी परेशानी होगी। साथ-साथ हॉस्पिटल का पुराना भवन सुरक्षित नहीं रह जाएगा। आने वाले दिनों में खिड़की दरवाजे ग्रिल सभी लूट लिए जाएंगे। नशेड़ियों का अड्डा हो जाएगा।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### डॉक्टर को बनाया ग्रामीणों ने बंधक

**चास :** मंगलवार की रात बोकारो के एनएच-23 स्थित चास बांधगोड़ा चौक पर लोगों ने रामगढ़ सदर अस्पताल के एक डॉक्टर को बच्चा चोर समझकर पकड़ लिया। इस दौरान दर्जनों लोगों ने डॉक्टर के साथ काफी दुर्व्यवहार कर रहे थे और मारपीट को उतारू हो रहे थे। उनके साथ चार वर्षीय पुत्र, भतीजा व एक व्यक्ति के साथ कार पर थे। सूचना मिलने के कुछ देर बाद ही पिंड्राजोरा पुलिस मौके पर पहुंच डॉक्टर को छुड़ाया और थाने ले गयी। पूछताछ के बाद डॉक्टर को छोड़ दिया गया। लोगों से घिरे रहने के दौरान डॉक्टर ने बताया कि वह अपने चार वर्षीय पुत्र के अलावे अन्य रिश्तेदारों को पिंड्राजोरा स्थित जायका रिसोर्ट गये थे। दरअसल वह सभी को स्विमिंग पूल में स्नान कराने और एन्जॉय कराने लेकर गये थे। देर शाम लौटने के दौरान तीन बाइक पर सवार कई युवक संदिग्ध तरीके से उनका पीछा कर रहे थे। जिसके कारण उन्होंने बांधगोड़ा चौक पर अपनी कार को रुकवाया और बाइक सवार युवकों से पीछा करने का कारण पूछने लगे।

### रघुनाथ महतो की शहादत दिवस मना

**बुढ़मू :** बुधवार को बुढ़मू प्रखंड के आजसू पार्टी के द्वारा अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध विद्रोह का विगुल फुकने वाले भारत के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी सह चुआड विद्रोह के महानायक वीर शहीद रघुनाथ महतो की शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित प्रखंड प्रमुख सह आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष सत्यनारायण मुंडा, जिप सदस्य बुढ़मू प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्र के रामजीत गंझू, पूर्व जिप उपाध्यक्ष रांची के पार्वती देवी, रांची जिला सचिव डॉ. मदन महतो, पूर्व उप प्रमुख बुढ़मू के जगजीवन महतो, प्रखंड उपाध्यक्ष दशरथ महतो, प्रखंड सचिव अशोक महतो, पूर्व पंचायत समिति सदस्य उमेडंडा के प्रदीप साहू, ओ. बी. सी. मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष बालेश्वर महतो, पूर्व उप मुखिया मक्का के कमल किशोर ठाकुर, समाजसेवी डॉ. संतोष सूरी, मुस्ताक राजा ने किया।

**बैठक** उपायुक्त ने सिद्धो-कान्हू कृषि एवं वनोपज निदेशक पर्षद का किया बैठक

# सदस्यों को संघ से जोड़े:उपायुक्त

▶▶ सदस्यों ने विभिन्न बिंदुओं पर रखी अपनी बात

राष्ट्रीय खबर



**बोकारो:** समाहरणालय स्थित सभागार में बुधवार को उपायुक्त सह मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी कुलदीप चौधरी ने सिद्धो-कान्हू कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लि. बोकारो की निदेशक पर्षद की पहली बैठक की। बैठक में जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार, अपर समाहर्ता सादात अनवर, जिला सहकारिता पदाधिकारी स्वेता गुड़िया, विधायक प्रतिनिधि बेरमो मिथिलेश तिवारी, विधायक प्रतिनिधि चंदनकियारी हेमंत शेखर समेत संबंधित विभागों के पदाधिकारी, विभिन्न पैक्सो के अध्यक्ष एवं सदस्य आदि उपस्थित थे। उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित जिला सहकारिता पदाधिकारी को अभियान चलाकर संघ में सदस्यों को जोड़ने का निर्देश दिया। कैसे ज्यादा से ज्यादा लोगों को कृषि आधारित कार्यों से जोड़कर उन्हें रोजगार उपलब्ध करना है एवं स्वनिर्भर बनाना है। बैठक में सिद्धो-कान्हू कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लि. के माध्यम से कैसे किसानों को जोड़कर उनके आय को बढ़ाया जा सकता है, जिले में कौन से कृषि उत्पाद में बढ़ोतरी की संभावना, कोल्ड स्टोरेज, प्रोसेसिंग यूनिट आदि अधिष्ठापन की जरूरत है, इस पर चर्चा हुई। जेएसएलपीएस के डीपीएम अनिता केरकेट्टा ने जिले में महुआ, कटहल का वैल्यू एडेड करने, स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से सहयोग एवं प्रशिक्षण देने की बात कहीं। वहीं जिला कृषि पदाधिकारी ने लेमन ग्रास, मशरूम, टमाटर जैसे उत्पादों का वैल्यू एडेड करने को कहा। एलडीएम संजीव कुमार ने कृषि आधारभूत संरचना के विकास को लेकर अनुदानित दर पर किसानों को ऋण उपलब्ध कराने, नाबार्ड के डीडीएम फिलेमन बिलांग द्वारा कोल्ड स्टोरेज निर्माण आदि की बात कहीं। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को अगली बैठक में प्रस्ताव तैयार कर पीपीटी माध्यम से प्रदर्शित करने को कहा। मौके पर चास, चंदनकियारी, गोमिया, पेटरवार, कसमार आदि प्रखंडों से संबंधित पैक्सों के अध्यक्ष, सदस्य, प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी जितेंद्र कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, पुष्पेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

## अनुशासन को बनाएं अपने जीवन का आधार: डॉ. हेमलता




राष्ट्रीय खबर

**बोकारो:** डीपीएस चास में बुधवार को स्पेशल क्लास एसेंबली का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को स्कूल के नियमों और अनुशासन के बारे में बताया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में बच्चों ने स्कूल सांग की प्रस्तुति की। सीनियर व प्राइमरी दोनों ही सेक्शन के सभी विद्यार्थी क्लास एसेंबली में मौजूद रहे। नए सत्र की शुरूआत को लेकर नई-नई कक्षाओं में गए विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। बच्चों की उत्सुकता और उनका उल्लास चरम पर रहा। नए स्कूल ड्रेस, नई किताबें, नई स्कूल डायरी के साथ उनकी प्रसन्नता उनके चेहरे से झलक रही थी। कोई नए सहपाठियों से मिलकर प्रसन्न दिखा, तो कोई अपने विद्यालय के कोने-कोने को निहारता नजर आया। इस अवसर पर दिल्ली से भेजे गए अपने संदेश में डीपीएस चास की चीफ मेंटर डॉ. हेमलता एस. मोहन ने क्लास एसेंबली में भाग लेने वाले सभी बच्चों को नए सत्र की शुरूआत के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि अनुशासन व सच्चा आचरण व्यक्तित्व को महान बनाता है, इसलिए डीपीएस चास में छात्र जीवन से ही बच्चों को अनुशासन व सच्चे आचरण का पाठ पढ़ाया जाता है।

## नौ दिवसीय प्रशिक्षण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का विधायक ने किया शुभारंभ

राष्ट्रीय खबर



**कसमार:** कसमार प्रखंड के सिंहपुर इंटर महाविद्यालय में आयोजित जागो-जगाओ सांस्कृतिक कला मंच की ओर से नौ दिवसीय प्रशिक्षण के चौथे दिन कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। जिसमें प्रतिभा खोज कार्यक्रम कार्यशाला का शुभारंभ सोमवार को गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो व रामगढ़ की विधायक सुनीता चौधरी ने किया। कार्यशाला मे कसमार प्रखंड के दक्षिणी क्षेत्र के छह पंचायत में बगदा, खैराचातर, सिंहपुर, हिसीम व मुरहुल-सुदी पंचायत के कुल 30 प्रतिभागियो ने भाग लिया। बताया गया कि यह कार्यक्रम सांस्कृतिक कार्य निदेशालय पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकुद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार द्वारा वित्तीय सहायता अनुदान योजना के आयोजित की गई है। कार्यशाला को संबोधित करते हुए रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि झारखंडी भाषा संस्कृति को बचाये रखने के लिए युवाओं को झारखंड की कला संस्कृति से अवगत होना जरूरी है।

झारखंडी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए पारंपरिक गीत-संगीत, नृत्य एवं वाद्य यंत्र को बचाये रखने के प्रशिक्षण देकर उन्हें यहां के तौर-तरीकों की जानकारी आसानी से मिल जाएगी। कार्यशाला मे शंकर महतो, जागो जगाओ सांस्कृतिक कला मंच के अशोक कुमार महतो, विनोद कुमार महतो रसलीन संदीप कुमार महतो, प्रेमचंद कालिंदी, काशीनाथ महतो, ठाकुर दास महतो, अमर कुमार, मनोज कुमार महतो, कुणाल कुमार, नीतीश कुमार, उर्मिला कुमारी, अनिता कुमारी, प्रतिमा कुमारी, ममता कुमारी, अनु कुमारी, नीतू कुमारी, सीमा कुमारी, पूनम कुमारी, सविता कुमारी, मनीषा कुमारी, रानी कुमारी, सरला कुमारी, नूनीबाला कुमारी, सुमन कुमारी, पूजा कुमारी, अंजली कुमारी, नीलू कुमारी, पूनम कुमारी, शुभम कुमार, चांदनी कुमारी, नीरू कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## तेजस्विनी महिला संघ का चतुर्थ महाधिवेशन संपन्न

## तेजस्विनी महिला संघ और प्रदान समाज और महिलाओं के प्रति बेहतर कार्य : टूडू

राष्ट्रीय खबर




**बहादुरपुर:** तेजस्विनी महिला संघ का चतुर्थ महाधिवेशन बुधवार को जैनामोड़ में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में तेजस्विनी महिला संघ से जुड़े लगभग तीन हजार दीदियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद सदस्य सुनीता टूडू, बेरमो विधायक के प्रतिनिधि विनोद महतो निजी सचिव राजेश सिंह,संघ की कार्यकारिणी सदस्यों, पंचायत की मुखिया के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष गायत्री देवी और कार्यक्रम का संचालन विजय ठाकुर और संघ की सचिव अनिता कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। संघ की अध्यक्ष गायत्री देवी ने संघ की उपलब्धता व संघ से जुड़ी दीदीयों की आजीविका के बारे में संक्षिप्त में बताया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद अनिता टुडू, नाबार्ड डीडीएम ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि तेजस्विनी महिला संघ और प्रदान समाज और महिलाओं के प्रति बेहतर कार्य कर रहा है। संघ से करीब 12 हजार दीदियां जुड़कर आर्थिक, राजनीति, समाजिक विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

साथ ही अतिथियों ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि तेजस्विनी महिला संघ जब से गठन हुआ है, तब से ही संघ जैनामोड़ के सभी 17 पंचायतों में महिला सहशक्तिकरण, महिला हिंसा पर निरंतर महिलाओं को जागरुक करने का कार्य कर रहा है। महिलाएं ग्रुप से जुड़कर 10 रुपये बचत कर अपनी एक अलग ही पहचान बना रही है। इस कार्यक्रम में दीदियों के द्वारा नाटक व नृत्य प्रस्तुत कर सभा को बांधे रखा। साथ ही इस कार्यक्रम में ज्योति कृषि उद्यमी जैविक खाद, तेजस, पलाश मार्ट, नागरिक सहायता केंद्र, मनरेगा से संबंधित जानकारी एवं आवेदन, जलछाजन से जुड़ी गतिविधियां, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, स्वछता आदि स्टॉल लगाकर प्रदर्शनी किया गया।

## चोरी के दो बाइक के साथ तीन अपराधी गिरफ्तार



राष्ट्रीय खबर

**चास :** सेक्टर 4 थाना क्षेत्र के सिटी सेंटर स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के पार्किंग सरिया से चोरी की गई बाइक समेत एक अन्य बाइक को पुलिस ने बरामद करते हुए तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए दारोगा प्रवीण कुमार गुप्ता ने कहा कि 3 अप्रैल को एसबीआई के पार्किंग एरिया से बाइक की चोरी हुई थी। जिसकी सूचना थाना में दी गई तथा पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई। उन्होंने कहा कि पुलिस उपाधीक्षक के द्वारा पुलिस उप अधीक्षक नगर के नेतृत्व में घटना के उद्भेदन के लिए एक टीम का गठन किया गया था। गठित टीम ने चार समेत अन्य स्थानों पर छापेमारी कर दो बाइक बरामद करते हुए घटना में शामिल तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि जब यह अपराधी बाइक लेकर भाग रहे थे, उस वक्त इन अपराधियों का कुछ आवश्यक कागजात घटनास्थल पर ही गिर गया था। जिसे पुलिस ने बरामद करते हुए उसी की निशानदेही पर चास के रामनगर कॉलोनी में छापेमारी की। जहां से आर्यन पांडे को गिरफ्तार किया गया।

# पैनल अधिवक्ता ने दी राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी

राष्ट्रीय खबर



**रांची :** माननीय झालसा के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के द्वारा नगड़ी प्रखण्ड के एडचोरो पंचायत भवन एवं बरसा गांव में विधिक सेवा आपके द्वार कार्यक्रम का अयोजन दिनांक 05.04.2022 को किया गया। कार्यक्रम में पीएलवी भुप्रताप महतो, रीना लिंडा, उमेश सतीश एवं सुनीता उपस्थित थे। डालसा के अधिवक्ता एवं पीएलवी ने बाल-विवाह, दहेज प्रथा, डायन बिसाही, कन्या भ्रूण हत्या इत्यादि विषय के संबंध में न्याय प्राप्त करने के उपाय के बारे में बताया। ग्रामीणों को डालसा के तरफ से निःशुल्क विधिक सेवा प्राप्त करने के तरीकों के बारे में बताया। जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रीना लिंडा एवं उमेश कुमार ने गरीब तबके के लोगों को वृद्धा पेंशन और मजदूर निबंधन कार्ड एवं उससे होनेवाले लाभ के बारे में जानकारी दी।तैयारी जोरों पर राष्ट्रीय लोक अदालत 13 मई को ज्ञात हो कि 13 मई को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में डालसा के अधिवक्ता के द्वारा जानकारी दी गयी। उन्होंने कहां कि न्यायालय में कोई भी वाद लंबित हैं, तो राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन अपने वादों का निबटरा करा सकते हैं, जिससे आपको समय व धन की बचत होगी।

आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित वाद, वैवाहिक वाद, पारिवारिक वाद, उत्पाद से संबंधित मामले, चोक बाउंस के मामले, वन विभाग के मामले, बिजली से संबंधित मामले, ट्रैफिक चालान से संबंधित मामले साथ ही साथ भूमि अधिग्रहण, मोटरयान, माप-तौल से संबंधित वाद एवं वैवाहिक से संबंधित मामलों को चिन्हित कर-के पक्षकारों को नोटिस भेजा जा रहा है। अंत में डालसा के पीएलवी ने नगड़ी आसपास एवं बाजार क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम कर राहगीरों के बीच पम्पलेट, लिफलेट तथा कानूनी पुस्तिका का वितरण किया तथा निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में बताया। इसके अलावा झारखण्ड सरकार के द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं का लाभ के बारे में विस्तार से बताया।

## न्यूज फटाफट

### नीमडीह से निकाली विशाल बाईक रैली

**चांडिल :** चुआड़ विद्रोह के महानायक शहीद रघुनाथ महतो के शहादत स्थल सिल्ली प्रखंड के लोटा गांव में श्रद्धांजलि देने के लिए जन्मस्थान नीमडीह प्रखंड के घुटियाडीह गांव से आजसू के केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो के नेतृत्व में विशाल बाईक रैली निकाली गई। इसके पूर्व आजसू के केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो, सत्यनारायण महतो, जिलाध्यक्ष सचिन महतो, ग्राम प्रधान महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष वैद्यनाथ महतो, भोलानाथ समेत उपस्थित कार्यकताओं ने शहीद रघुनाथ महतो के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर आजसू नेता हरेलाल महतो ने कहा कि कोल्हान के पवित्र माटी के वीर सपूतों ने स्वाभिमान की रक्षा हेतु कई संग्राम का शंखनाद किया था। 1769 ईस्वी से 1778 ईस्वी तक चुआड़ सेना ने अंग्रेजों की सैकड़ो सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया था। चुआड़ सेना से भयभीत होकर अंग्रेजी हुकूमत ने कपट नीति अपनाकर 5 अप्रैल 1778 को सिल्ली प्रखंड के लोटा कीता में रघुनाथ महतो और उनके दर्जनों क्रांतिकारी साथियों की हत्या कर दी। हमें उन महापुरूषों के आदर्शों पर चलते हुए शहीद रघुनाथ महतो की सपनों के स्वर्णिम भारत का निमार्ण करना होगा।

### डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. गंगवार को मिला मोस्ट इफेक्टिव प्रिंसिपल अवार्ड

**बोकारो:** डीपीएस बोकारो की उपलब्धियों में एक और नया अध्याय जुड़ गया है। भारत सरकार की डिजिटल इंडिया योजना के तहत आयोजित सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) ओलिंपियाड में देशभर से सर्वाधिक विद्यार्थियों की सफलता के लिए विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एएस गंगवार को मोस्ट इफेक्टिव प्रिंसिपल अवार्ड 2023 से नवाजा गया है। नई दिल्ली में आयोजित नौवें ग्लोबल एजुकेशन एंड स्किल समिट लीडरशिप अवार्ड 2023 समारोह के दौरान उन्हें यह पुरस्कार मिला। डॉ. गंगवार पूरे झारखंड से यह प्रतिष्ठित अवार्ड पाने वाले एकमात्र प्राचार्य हैं। बुधवार को विद्यालय में आयोजित एक स्पेशल असेंबली के दौरान उनके इस पुरस्कार की घोषणा की गई तथा उप प्राचार्य अंजनी भूषण ने प्राचार्य डॉ. गंगवार को यह अवार्ड सुपुर्द किया। डॉ. गंगवार ने इस उपलब्धि को विद्यार्थियों और शिक्षकों सहित पूरे विद्यालय परिवार की मेहनत तथा सभी के समेकित सहयोग का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि सभी प्रयास से ही डीपीएस बोकारो निरंतर उपलब्धियों की नई गाथाएं रच रहा है।

### 6 से 14 अप्रैल तक सेवा सप्ताह मनाएगी भाजपा

**जैनामोड़ :** जरीडीह प्रखंड भाजपा कार्यसमिति की बैठक जैनामोड़ स्थित प्रजापति मार्केट में आयोजित हुई। अध्यक्षता जरीडीह प्रखंड भाजपा अध्यक्ष मनोज कुमार ठाकुर ने किया। कार्यसमिति की बैठक में निर्णय लिया गया कि 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस है। इस दिवस समारोह को धूमधाम से मनाया जायेगा। इसके साथ ही भाजपा पार्टी की संगठन को मजबूत बनाने के लिए बूथ स्तर से लेकर पंचायत स्तर तक केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी विकास की योजनाओं को विस्तार से आम जनता को बताने का अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। यह अभियान सेवा सप्ताह के रूप में जन-जन के बीच 14 अप्रैल तक चलाया जाएगा। आयोजित बैठक में मुख्य रूप से जगत पति सिंह, सुभाष चंद्र प्रजापति, हीरालाल महतो, मेघनाथ गोसाईं, बालेश्वर मूर्मू, कमल किशोर सिंह, रंजीत कुमार महतो, सुधीर कुमार महतो, रथू लहेरी, अनील ठाकुर, सुनील कुमार मंडल, केदार महतो आदि उपस्थित थे।

### भगवान कृष्ण का बाल रूप बड़ा ही मनमोहक: स्वामी सुघोषानंद

**बोकारो :** भगवान श्री कृष्ण के बाल रूप का वर्णन करते हुए चिन्मय मिशन गोवा के आचार्य स्वामी सुघोषानंद ने कहा कि भगवान कृष्ण का बाल रूप बड़ा ही मनमोहक और अति सुंदर है। भगवान ने जब अपना मुंह खोला तो मां यशोदा को पूरा ब्रह्माण्ड दिखाए दिया। मैया यशोदा भगवान के इस रूप को देखकर आश्चर्य चकित रह गई। उक्त बातें स्वामी जी ने चिन्मय मिशन चास में संगीतमय भागवत प्रवचन के दौरान श्रीकृष्ण के बाल रूप की व्याख्या करते हुए कहा। श्री कृष्ण अपने बाल साख के साथ मिलकर घर-घर में माखन खाया। गोपियों को जानबूझ कर तंग करना। स्वामी जी ने श्रीकृष्ण के बाल रूप के बारे में बताते हुए कहा कि भगवान ने बाल रूप में अपनी लीलाओं से समाज की शिक्षा देने का कार्य किया। साथ ही बुराइयों का नाश करते हुए धर्म की स्थापना की। बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने भी भागवत प्रवचन में उपस्थित होकर भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं को भक्ति भाव से सुना। स्वामी सुघोषानंद ने विधायक विरंची नारायण को स्मृति चिन्ह भेंट की एवं शुभकामनाएं दी। इस असवर पर स्वामी राघवानंद, स्वामी परिपूणार्नंद, सुमन सुहासरिया सहित चिन्मय मिशन के सभी सदस्य और चास बोकारो के भक्त उपस्थित थे।

### वीर शहीद रघुनाथ महतो के आंदोलन के इतिहास को संरक्षित रखना, हमारा दायित्व: उमाकांत

**चास :** रघुनाथ महतो चुआड़ विद्रोह के महानायक थे। उनके आंदोलन के इतिहास को संरक्षित करना आवश्यक है। उक्त बातें पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने आजसू पार्टी के प्रधान कार्यालय चंदनकियारी में उनके चित्र पर श्रंद्धासुमन अर्पित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि सरायकेला-खरसावां जिले के नीमडीह प्रखंड के घुटियाडीह गांव में 21 मार्च 1738 को जन्में रघुनाथ महतो बचपन से ही अन्याय व शोषण के खिलाफ लड़ने वाले व्यक्ति थे। रघुनाथ महतो अपने साथियों के साथ पांच अप्रैल 1778 को रांची जिले के लोटा कीता गांव में बैठक कर रहे थे कि अंग्रेजों ने गोलियां बरसाई जिसमें वे शहीद हो गये थे। उनके बलिदान को हम कभी भुलाया नही जा सकता है। मौके पर केंद्रीय सचिव सुभाष शेखर, दुर्गाचरण महतो, तपन सिंह चौधरी, प्रकाश शर्मा, राजेश भगत, बाटुल राय, भोलानाथ गोप, रमा देवी, शिबू महतो, राकेश कुमार, अशोक महतो, कार्तिक गोराई, मथुर गोप, अनिल झा, हानिफ आंसरी, उर्मिला देवी, वशिष्ठ सिंह चौधरी, शत्रुघ्न महतो, राजीव रंजन झा, परशुराम महतो, दिनेश मोदी, रमेश माहथा, विकास सिंह, कुलदीप ठाकुर, सुदामा सिंह आदि उपस्थित थे।

### वीर शहीद रघुनाथ महतो के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**चास :** बुधवार को केंद्रीय कमेटी के निदेर्शानुसार एवं जिला अध्यक्ष बोकारो सचिन महतो के आवासीय कार्यालय बालीडीह में झारखंड की माटी के लाल एवं चुआड़ विद्रोह के महानायक अमर वीर शहीद रघुनाथ महतो के शहादत दिवस के रूप में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री महतो ने कहा कि झारखंड के वीर सपूत एवं महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद रघुनाथ महतो ने मानभूम से लेकर धालभूम, नीमडीह, सिल्ली और जंगलमहल के इलाकों में अंग्रेजो के विरुद्ध लड़ाई का नेतृत्व किया था।

### विधायक ने 51 लाख के लागत से निर्मित आठ विकास योजनाओं का किया उद्घाटन

**चांडिल :** विधायक सविता महतो ने बुधवार को ईचागढ़ क्षेत्र में विधायक निधि से निर्मित 50 लाख 84 हजार 5 सौ रुपये की लागत से निर्माण होने वाले आठ विकास योजनाओं का किया उद्घाटन विधिवत शिलापट्ट अनावरण कर किया। इस दौरान विधायक ने कुरुकतोपा में बुधराम हेंब्रम के निजी तलाव का जीर्णोद्धार 8 लाख 60 हजार 1 सौ रुपये, कुरुकतोपा में उमेश कैवत के घर के सामने से भिगु कर्मकार घर तरफ चार सौ फिट पीसीसी 5 लाख 62 हजार 5 सौ रुपये, कारला बेड़ा में पुराना स्कूल से मैदान तरफ चार सौ फिट पीसीसी 5 लाख 65 हजार 9 सौ रुपये, काटघोड़ा में पीसीसी पथ से दशरत मांझी के घर तक पांच सौ फिट पीसीसी 6 लाख 83 हजार रुपये, गुदढ़ी टोला खूनडीह में आंगनवाड़ीकेंद्र से मंसूक मांझी के घर तरफ पांच सौ फिट पीसीसी 6 लाख 80 हजार 5 सौ रुपये, हुंडीह में बिंदु तांती के घर से हरि मंदिर होते हुए घलटु महतो के घर तरफ चार सौ फिट पीसीसी 5 लाख 56 हजार 5 सौ रुपये, कुड़माडीह में लालू हजाम के निजी तालाब का जीर्णोद्धार 6 लाख 3 हजार 3 सौ रुपये व सिमलटांड में विशवदेव महतो के निजी तालाब का जीर्णोद्धार 5 लाख 72 हजार 7 रुपये की लागत से कराया गया।

राष्ट्रीय खबर हमारी नजर झारखंड

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

## शहर >> अपडेट

### शहीद विनोद यादव का मनाया गया शहादत दिवस

**बेरमो** : तेनुघाट में शहीद विनोद यादव की शहादत दिवस मनाया गया। मौके पर गोमिया विधायक लंबोदर महतो ने कहा की शहीद विनोद यादव की शहादत दिवस पर आज हम लोग यहां मौजूद हुए हैं। हमें उनके नक्शे कदम पर चलना है। मांडू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल ने भी शहीद विनोद यादव की जीवनी पर प्रकाश डाला। मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### सेवानिवृत्त शिक्षिका को विद्यालय प्रबंधन ने दी भावभीनी विदाई

**बेरमो** : अनपति देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर मे हिंदी विषय की सेवानिवृत्त आचार्य श्रीमती इंदिरा सिंह को भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान पंकज कुमार मिश्र एवं सचिव अमित कुमार सिंह उपस्थित थे। इनके अतिरिक्त संकुल प्रमुख एवं कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन की प्राचार्या श्रीमती इंद्रावती मिश्रा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर तूपकाडीह के प्रधानाचार्य सुरेंद्र पाठक ढोरी स्टाफ क्वार्टर के प्रधानाचार्य अनिल कुमार राय एवं मकोली के प्रभारी प्रधानाचार्य परमानंद सिंह उपस्थित थे। इस अवसर पर विद्यालय के कोषाध्यक्ष दीपक कुमार अग्रवाल एवं ढोरी स्टाफ क्वार्टर के सचिव सुमित बंसल उपस्थित थे। इस अवसर पर विद्यालय के स्थानांतरित कार्यालय प्रमुख जितेंद्र चौधरी को भी विद्यालय से विदाई दी गई विद्यालय के आचार्य श्री उपेंद्र कुमार आचार्या श्रीमती रंजू झा एवं आचार्य किशोर कुमार ने श्रीमती इंदिरा सिंह के साथ बिताए गए अपने स्वर्णिम समय को समस्त लोगों के साथ साझा किया। इस अवसर पर विद्यालय के कर्मचारी श्री शिव नंदन पासवान ने भी अपनी विचार प्रकट किए।विद्यालय के समस्त आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### अमर शहीद वीर रघुनाथ महतो जी का शहादत मनाया गया

**बेरमो** : फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के सेंट्रल कॉलोनी में मकोली स्थित सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी का आवासीय कार्यालय में अमर शहीद वीर रघुनाथ महतो जी का शहादत दिवस मनाया गया अमर शहीद वीर रघुनाथ महतो जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें पार्टी कार्यकताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य रूप से उपस्थित दीपक महतो ने कहा की शहीद रघुनाथ महतो जी का जीवन समाज के लिए अनुकरणीय रहा है। शहिद रघुनाथ महतो ने अंग्रेजों के खिलाफ चुआड़ विद्रोह किया था। उन्होंने ₹अपना गांव,अपना राज ,दूर भगाओ विदेशी राज₹ के नारा दिया था।विद्रोह करने वालों में कुड़मी, महतो, भूमिज, बाउरी और अन्य समुदाय शामिल थे। नगर अध्यक्ष महेश देशमुख ने कहा प्रथम चुआड़ विद्रोह के नायक शहीद रघुनाथ 1778 ई को अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ते हुए शहीद हो गए उनका जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। भारत वर्ष की स्वतंत्रता के लिए लड़ी गई लड़ाई इतिहास के सुनहरे पन्नो में दर्ज है ' शहादत दिवस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि दीपक महतो, नगर अध्यक्ष महेश देशमुख, सांसद प्रतिनिधि अशोक चौहान, बेरमो प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष कृष्णा महतो, बेरमो प्रखंड उपाध्यक्ष बीरू हरि, छात्रसंघ सचिव विक्की महतो, यूनियन नेता बबलू महतो, जसवंत महतो, सुमीत पासवान रोहित चौधरी उपस्थित थे। शहादत दिवस कार्यक्रम के उपरांत आगामी घोषित कार्यक्रमों जिनमें दिनांक 13/04/2023 को जिला मुख्यालय में घोषित सामाजिक न्याय मार्च कार्यक्रम 14/04/2023 को सभी प्रखंडों में बाबा भीम राव अंबेडकर की जयंती।

---

**आयोजन** — 6 अप्रैल को स्थापना दिवस और 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती मनाई जाएगी

# हेमंत सरकार के खिलाफ 11 अप्रैल को बीजेपी करेगी प्रदर्शन: रामकिंकर

▶▶ झामुमो, कांग्रेस, और राजद ठगबंधन की सरकार से जनता ऊब चुकी है

राष्ट्रीय खबर



**बेरमो** : भारतीय जनता पार्टी फुसरो मंडल अध्यक्ष रामकिंकर पांडेय ने बुधवार को डबल स्टोरी करगली स्थित अपने आवासीय कार्यालय में बुघवार को प्रेस को बताया कि 6 अप्रैल को भाजपा के स्थापना दिवस से 14 अप्रैल बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती तक कई कार्यक्रम आयोजित है। कहा कि बीजेपी के इतिहास को समझना चाहिए। महान लोगों ने संघर्ष कर इस पार्टी को खड़ा किया है। कहा कि हेमंत सोरेन सरकार की 'जनविरोधी नीतियों और विफलताओं के मद्देनजर पूरे राज्य के 32 हजार गांवों के आम लोगों को साथ लेकर 11अप्रैल को राज्य सचिवालय पर विशाल प्रदर्शन किया जायेगा। कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चलने वाली झामुमो, कांग्रेस, और राजद ठगबंधन की सरकार से जनता ऊब चुकी है। उन्होंने बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग, चतरा, गिरिडीह और धनबाद जिले में कोयला चोरी के अवैध कारोबार की बड़ी मंडी बताया है। कहा है कि यहां से प्रतिदिन हजारों टन कोयले की चोरी होती है और इस धंधे में अलग-अलग क्षेत्र में कई सिंडिकेट काम कर रहे हैं। यह भी कहा है कि कोयला के अवैघ कारोबार से सरकार को भी राजस्व की हानि हो रही है। कहा है कि राज्य एवं देशहित में कोयले की चोरी रोकने एवं इसकी उचित निगरानी रखने का दायित्व राज्य सरकार का होता है। उन्होंने धनबाद, रामगढ़, बोकारो, गिरिडीह, देवघर, चतरा में चल रहे कोयले के अवैध कारोबार को रोकने के लिए टास्क फोर्स गठित करने की मांग की है। मौके पर फुसरो मंडल ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष श्रीकांत यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे।

---

किया गया बलसगरा चौक का नामाकरण

## रघुनाथ महतो का बलसगरा में मनाया गया 245 वां शहादत दिवस



▶▶ प्रथम स्वतंत्रता सेनानी रघुनाथ महतो के नाम से जाना जाएगा चौक

राष्ट्रीय खबर

**गिद्दी** : कुरमी विकास मोर्चा एवं बुद्धिजीवी मंच के द्वारा बलसगरा चौक के समक्ष देश के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी रघुनाथ महतो का 245वां शहादत दिवस मनाया गया।साथ ही बलसगरा चौक का नामाकरण रघुनाथ महतो के नाम से किया गया।सर्वसम्मति से दोनों मंच द्वारा साझा रूप से घोषणा की गई की बलसगरा चौक आज से स्वतंत्रता सेनानी रघुनाथ महतो चौक के नाम से जाना जाएगा। इसके पहले कुरमी विकास मोर्चा के केंद्रीय महासचिव कपिलदेव महतो एवं बुद्धिजीवी मंच के छेदी महतो द्वारा स्वतंत्रता सेनानी रघुनाथ महतो के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।तत्पश्चात बारी-बारी से मौजूद सभी लोगो ने पुष्प चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित की। इस मौके पर लालधन महतो, लालदेव महतो, अशोक महतो, सिकंदर महतो, हरीश महतो, नारायण महतो, बलदेव महतो, हरिनाथ महतो आदि लोग मौजूद थे।

---

किसान मजदूर उच्च विद्यालय के समीप टेकलाल महतो तोरण द्वार का

# विधायक जेपी पटेल ने किया उद्घाटन



▶▶ विकास के लिए हमेशा रहूंगा तत्परःजेपीपटेल

राष्ट्रीय खबर

**गिद्दी:** किसान मजदूर उच्च विद्यालय गिददी सी में विधायक मद से निर्माण होने वाले स्वर्गीय टेकलाल महतो तोरण द्वार का मांडू विधानसभा क्षेत्र के विधायक सह प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा जय प्रकाश भाई पटेल द्वारा उद्घाटन किया गया। शीलापट्ट का अनावरण मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल के द्वारा किया गया। तोरण द्वार की प्राक्कलन राशि तकरीबन चार लाख है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मांडू क्षेत्र में विकास का काम अनवरत जारी रहेगा.साथ ही हर जरूरत और विकास के लिए मई सदैव तत्पर रहूंगा। विद्यालय के समक्ष तोरण द्वार की आवश्यकता थी। जिसके लिए कार्य किया गया। इससे विद्यालय स्कूल के बच्चों, शिक्षकों, कर्मचारियों को सुविधा होगी। उन्होंने सभी आम जनमानस से आह्वान किया कि विकास की गति सुचारू रूप से चलाने का वादा करता हूँ। जिससे आगे के विकास कार्य को धरातल पर उतारा जा सके। उन्होंने बच्चों, शिक्षकों, समाजसेवियों, आमजनों को धन्यवाद भी दिया। मौके पर सेवालाल महतो, नमिता कुमारी, प्रखंड प्रमुख दीपा देवी, रंजीत सिंह सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता, विद्यालय प्राचार्य, शिक्षकगण, छात्रगण आदि उपस्थित थे।

---

## डाड़ी प्रखंड मुख्यालय में शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने की मासिक गुरु गोष्ठी का आयोजन



▶▶ शिक्षकों का बायोमैट्रिक्स उपस्थिति

राष्ट्रीय खबर

**गिद्दी** : डाड़ी प्रखण्ड मुख्यालय में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागेश्वर सिंह की अध्यक्षता में मासिक गुरुगोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक में सभी शिक्षकों के बीच निम्नलिखित एजेंडा पर चर्चा की गइ। जिसमें मुख्य रूप से 8 वीं , 9वीं एवं 11 वीं की बोर्ड परीक्षा, बच्चों का ऑनलाइन उपस्थिति एमडीएम एसएमएस, चाइल्ड यु डीस मैंडेटरी फिल्ड प्रविष्टि सरकारी एवं निजी विद्यालयों को करना, दैनिक रूटिन का प्रयोग,मध्याह्न भोजन का समय 11 से 11:30 बजे तक निर्धारित है, प्रशस्त एप्प में दिव्यांग बच्चों का चिन्हीकरण करना,पोषण वाटिका का निर्माण, पोशाक उठाव एवं वितरण, मासिक एमडीएम रिपोर्ट, आभा कार्ड बनाना न्यूज, क्विज और कॉन्टेंट पर चर्चा. स्वास्थ्य जाँच कैम्प,आईसीटी लैब और स्मार्ट क्लास का संचालन, आधार एवं खाता संबंधी निर्देश, नियमित एसएमसी की बैठक करना, वाइफ्स रिपोर्ट, फेवर ब्लॉक, एमडीएम डाइनिंग शेड, चाहरदीवारी तथा पानी की समस्या संबंधी आवेदन, संबंधित मुखिया व पं.स.स को आवेदन देना है। बैठक में आलोक चतुवेर्दी बीपीएम, अरुण कुमार बीआरपी, सीआरपी, सत्येन्द्र राणा आदि सभी विद्यालय के शिक्षकों ने भाग लिया।

---

## आम तोड़ने पेड़ पर चढ़ा छात्र 11हजार वोल्ट के तार की चपेट में आया

▶▶ मौत के बाद गोमिया ललपनिया सड़क 3 घंटे रही जाम

राष्ट्रीय खबर

**बेरमो** : गोमिया थाना क्षेत्र के तुलबुल सुंडी टोला में बुधवार 5 अप्रैल की सुबह गुलाब साव के 13 वर्षीय बेटे सुमित कुमार की 11 हजार वोल्ट के विद्युत तार के चपेट में आकर मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने गोमिया-ललपनिया सड़क को जाम कर दिया। गांव वालों का कहना था कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ है। बेटे सुमित की मौत से सुध बुध खो चुकी मां मनवा देवी का रो-रो कर बुरा हाल है। बदहवास मनवा देवी ने बताया कि उसके पति गुलाब साव मुंबई काम करने गए। वो दो बच्चों के साथ घर पर रहती हैं। बुधवार की सुबह सुमित कुमार के साथ वह ललपनिया रोड के कारी टुंगरी के निकट महुआ चुनने गई थी। कारी टुंगरी के निकट ललपनिया रोड पर उसका एक और नया मकान है। महुआ चुनने के बाद वह पुराने वाले घर पर चली गई। सुमित सड़क किनारे बने नए घर पर रुक गया। कुछ देर बाद सूचना मिली कि सड़क के किनारे आम के पेड़ पर वह चढ़ा था। पेड़ के ऊपर से 11 हजार वोल्ट के बिजली का तार गुजरा है। आम तोड़ने के दौरान वह बिजली करेंट के चपेट में आ गया, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीण और पंचायत प्रतिनिधियों ने करीब तीन घंटे तक गोमिया ललपनिया सड़क को जाम कर दिया।

---

**आस्था** — जय श्री राम व जय हनुमान के जयघोष से क्षेत्र हुआ भक्तिमय

# तीन दिवसीय हनुमन्त प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ को लेकर निकाली गयी भव्य कलश यात्रा

▶▶ कलश यात्रा में 701 कलश यात्री श्रद्धालु शामिल हुए

▶▶ गाजे - बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गयी

राष्ट्रीय खबर



**कुजू** : तोपा के सियाराम चौक न्यू माइन्स स्थित नवनिर्मित हनुमान मंदिर प्रांगण में तीन दिवसीय श्री श्री 1008 श्री हनुमन्त प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ को लेकर मंगलवार को गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा में 701 कलश यात्री श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान सभी कलश यात्री ओरला छठ तलाब पहुंचे। जहां मुख्य आचार्य मनोज कुमार पांडेय के नेतृत्व में सहयोगी धीरज कुमार पांडेय, आशीष पांडेय, धनंजय पांडेय, मनीष पांडेय, रजनीश पांडेय, ने यजमान बने अकलेश राम, किशोर प्रसाद, अजय मेहता, प्रयाग साव, शंकर प्रसाद मेहता सपत्नीक को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजार्चना कराया गया। पूजा समापन के बाद पवित्र कलशो में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल आजसू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो ने यजमानो समेत अन्य कलश यात्रियों को जल भरकर जय श्री राम, जय हनुमान के गगनभेदी उद्घोष के साथ कलश यात्रा का शुभारंभ कराया। कलश यात्रा के दौरान शामिल श्रद्धालु शिव मंदिर, दुर्गा मंदिर, तोपा चौक, ओरला बस्ती होते हुए ओरला छठ तालाब में पूजार्चना के बाद जंगल मार्ग होते हुए तोपा स्थित मंदिर प्रांगण पहुंचे। जहां आचार्य द्वारा पुनः विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात कलशों को स्थापित किया गया। इस दौरान यज्ञ कमिटी अध्यक्ष ज्योतिन्द्र प्रसाद साहू ने बताया कि कथावाचक राघव प्रिया व वैदेही शरण महाराज द्वारा तीन दिन कथावाचन किया जाएगा। जबकि पांच अप्रैल को मूर्ति का नगर भ्रमण, छह अप्रैल को प्राण प्रतिष्ठा समेत भव्य भंडारे के साथ महायज्ञ का समापन किया जाएगा। कलश यात्रा में जिला पार्षद दयामन्ति देवी, पीओ मनीष कुमार, मैनेजर एमके सिंह, समिति अध्यक्ष ज्योतिन्द्र प्रसाद साहू, निर्मल करमाली, कैलाश करमाली, मुखिया गुड़िया देवी, पूर्व मुखिया दुलारी देवी, दशमी देवी समेत काफी संख्या में धर्म प्रेमी शामिल रहे।

---

## मारंगमरचा स्थित एक होटल के पीछे में बड़े पैमाने पर चल रहा है जुए के अड्डा

**रजरप्पा** : कोयलांचल के ज्यादातर हिस्सों में ताश के 52 पत्तों का जुआ एक आम मनोरंजन का साधन रहा है। हालांकि कुछ जुआरी अपनी इस आदत पर नियंत्रण खो देते हैं। इतना ज्यादा कि यह व्यवहार उनके पूरे जीवन पर हावी हो जाता है। कुछ ऐसे ही हालात इन दिनों मारंगमरचा स्थित एक होटल के पीछे में हो रहा है। एक और क्राइम को लेकर पुलिस विधि व्यवस्था के लिए व्यस्त है, तो दूसरी ओर जुआ संचालन करने वाले लोग खूब फायदा उठा रहे हैं। पुलिस की व्यस्तता का फायदा उठाकर हर दिन संगठित तौर पर जुए के अड्डे चला रहे हैं। यहां हर दिन लाखों रुपए की हार-जीत होती है, लाखों रुपए दांव पर लगाए जाते हैं। यह जुआखाना दोपहर के बाद से शुरू हो जाती है और देर शाम तक चलती रहती है। इस जुएं के अड्डा में हर रोज दूरदराज के जुआड़ी आकर लाखों रुपये के दांव लगाते देखे जा रहे है। ताज्जुब की बात तो यह है कि एक होटल के पीछे गुलजार हो रहे जुआ के अड्डे से थाना पुलिस किन कारणों के चलते अनजान बनी हुयी है इस बात को लेकर कई लोगों में चचार्यें चल रही है। लोगों से मिली जानकारी के अनुसार उक्त होटल के पीछे लंबे समय से नामी गिरामी जुआड़ियों की मौजूदगी में लाखों रुपयों का जुआ का अड्डा संचालित हो रहा है। प्रतिदिन हजारों से लेकर लाखों रुपये का वारा-न्यारा होता है। अड्डे पर ही हारने वाले को करीब 10 फीसद ब्याज पर दुबारा पैसा मिल जाता है। जुआड़ी देर शाम तक अपने भाग्य का उदय करने में जुटे रहते हैं। बताया जाता है कि उक्त जुआ का अड्डा कुछ स्थानीय लोगो के द्वारा संचालित किया जा रहा है। जो वहां पर आने वाले जुआड़ियों को हर प्रकार की सुविधायें मुहैया कराता और खाने-पीने का भी इंतजाम भी वही लोग करते है। जुआ अड्डे पर विभिन्न जगहों से लोग जुआ खेलने आते हैं।

## पी टी पी एस में शहिद रघुनाथ महतो की 245 वां शहादत दिवस मनाया गया



**पतरातू** : पतरातू शहीद रघुनाथ महतो स्मारक समिति के द्वारा पी टी पी एस कटिया चौक चूआड़ विद्रोह के महानायक प्रथम स्वतंत्र सेनानी शहीद रघुनाथ महतो का 245 वां शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया किशोर कुमार महतो के द्वारा किया गया। तथा संचालन शहीद रघुनाथ महतो स्मारक समिति के अध्यक्ष एवं सानिध्य एनजीओ के सचिव अमित कुमार सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पार्षद राजाराम प्रजापति के द्वारा शहीद रघुनाथ महतो के प्रतिमा में पुष्प माला पहना कर और पुष्प चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम में जिला पार्षद राजाराम प्रजापति के द्वारा इनके बलिदानों पर रौशनी डालते हुए कहा गया कि प्रथम स्वतंत्रता सेनानी शहीद रघुनाथ महतो के नेतृत्व में चला चूआड़ विद्रोह आंदोलन झारखंड की एक गौरव गाथा है। देशभर में आजादी का यह पहला बिगुल था। दुर्भाग्यवश आजादी के उपरांत ऐसे अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान इतिहास के पन्नों में गुम हो गए है।आज ऐसे महापुरुषों को हम लोग याद कर उनके द्वारा किए गए बलिदानों जन जन तक पहुँचा रहे हैं। कार्यक्रम में अपने सम्बोधन के दौरान मुखिया किशोर कुमार महतो के द्वारा कहा कि हमलोग रघुनाथ महतो की संघर्ष गाथा को देश-दुनिया तक पहुंचाएंगे। ऐसे महापुरुषों का उनके शहादत स्थल पर विश्वस्तरीय स्मारक बनाने की जरूरत है। जिसे देखकर युवा पीढ़ी के दिलो में देश के प्रति जज्बा कायम रह सके।आज ऐसे महापुरुषों को याद करके ही हम भारत को अखंड भारत बनाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंचायत समिति अनीता जैन, पूर्व मुखिया राहुल कुमार, दिलीप सिंह, प्रियनाथ मुखर्जी, सूरज कुमार, एवं की अन्य लोग उपस्थित थे।

## एक व्यक्ति ने पंखे से झुलकर जीवन लीला किया समाप्त



**बेरमो /कथारा** : कथारा ओपी के कथारा पंचायत अंतर्गत असनापानी स्थित मुंडाटोली मे एक व्यक्ति सरजू मोदी का पुत्र आकाश मुंडा ना मालूम कारणो से अपने आवास मे ही पंखे से झुलकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर डाली। घटना क्यो कर घटी इस बात का खुलासा नहीं हो सका है। इधर पुलिस को घटना की सूचना मिलते ही कथारा ओपी प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और शव को फंदे उतार कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु तेनुघाट अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। इधर घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। जबकि पुलिस का कहना है कि जब तक पोस्टमार्टम रिपोर्ट नही आ जाता है तब तक इस संबंध में कुछ भी कहना मुश्किल है। कुल मिलाकर पास पड़ोस के लोगो ने भी घटना के पिछे का कोई ठोस कारण नही बताया जो उल्लेखनीय हो।

## शहीद रधुनाथ महतो को किया गया याद



**बेरमो /पेटरवार** : चुआड़ विद्रोह के महानायक अमर शहीद रघुनाथ महतो जी की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि सभा का आयोजन गोमिया विधायक डॉ लम्बोदसर महतो के आवासीय कार्यालय में किया गया जहाँ सैकड़ो महिलाओ - पुरुष ने भाग लिया वहीं श्री महतो ने उनकी वीरता के बारे मे लोगो को बताया और कहा की हमलोगों को अपने शहीदों को हमेशा याद रखना चाहिए आज जो स्वतंत्रता मिली हैं ये इनलोगो की देन हैं ये इन वीरो की देन हैं।

## नाले में गिरी ऑटो, जान - माल का कोई नुकसान नहीं



**बेरमो /पेटरवार** : तेनुघाट मुख्यालय अंतर्गत कथारा गोमिया मुख्य सड़क के हजारी मोड़ स्थित अनियंत्रित होकर एक ऑटो संख्या जे एच बी 09 ए बी -5104 सड़क के किनारे नाले में गिर पड़ा जिसमे चालक व ऑटो में सवार दो लोग बाल बाल बच गये, किसी तरह की किसी को चोटे नही आई। वहीं चालक ने बताया की वो गोमिया के तुलबुल अपने घर जा रहा था। जहाँ 11हजार वोल्ट के तार के चपेट मे उसके भाई का लड़का आ गया था। उसी की खबर पाकर अपने घर तुलबुल जा रहा था की अचानक ब्रेक काम नही किया, जिसके कारण यह घटना घटी गई और अचानक गाड़ी नाले मे गिर गया। मगर किसी तरह का कोई नुकशान नहीं हुआ हैं हम सभी ठीक हैं।

संपादकीय

# बहस के बीच फिर कटेगी जनता की जेब

संसद में अडाणी प्रकरण और राहुल गांधी पर घमासान मचा है। दोनों सदनों में काम काज नहीं हो पा रहा है क्योंकि पहली बार विपक्ष बड़ी मजबूती के साथ अडाणी प्रकरण पर जेपीसी से जांच की मांग कर रहा है। दूसरी तरफ दूसरी सारी बातों पर बोलने के बाद भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस विषय पर मौन धारण किये हुए हैं। इसी विवाद के बीच सरकार ने डेट इंस्ट्रुमेंटों पर दीर्घावधि के पूंजीगत लाभ पर से कर लाभ को समाप्त करके अचानक गुगली डाल दी है। उसने संसद द्वारा बगैर चर्चा के पारित वित्त विधेयक में अंतिम समय में यह बदलाव शामिल किया। संसद में हंगामा जारी होने की वजह से इस पर ध्यान नहीं दिया गया। दरअसल बता दें कि पूंजीगत लाभ के लिए भारत की कर दरें कुछ इस प्रकार की रही हैं कि ज्यादा आय अर्जित करने वाले लाभान्वित होते रहे हैं। यह वह समूह रहा है जिसमें अधिकांश संपत्तिधारक शामिल होते हैं। ऐसे में एक समीक्षा लंबित थी लेकिन सरकार द्वारा ऐसे कदम के रूप में तो कतई नहीं। पहला मुद्दा एक



सिद्धांत का है जो कहता है कि अनर्जित आय पर अर्जित आय की तुलना में कम दरों से कर नहीं लगाया जाना चाहिए। हर कोई इस सिद्धांत को स्वीकार नहीं करता है और इस बारे में भी अलग तरह की बात हो सकती हैं कि क्या कमाया गया और क्या नहीं। हमें निश्चित रूप से अपनी पूंजी को समझदारीपूर्वक निवेश करने पर काम करना होता है लेकिन यहां हमारा पैसा ही उपयोग में होता है। चाहे जो भी हो, प्राथमिकता वाले व्यवहार के लिए यहां कोई गुंजाइश नहीं बनती। व्यवहार में ऐसी दलीलों की अनदेखी कर दी जाती है। अधिकांश देशों में पूंजीगत लाभ कर के लिए प्राथमिकता वाली दरों की पेशकश की जाती है। इस बात पर एक तथ्य का बहुत अधिक असर होता है, वह यह कि पूंजी कर्मचारियों की तुलना में कहीं अधिक आसानी से राष्ट्रीय सीमाओं को पार कर जाती है। एक ऐसे देश में जहां पूंजीगत लाभ पर कर को लेकर कड़े कानून हों, वहां से भले ही पूंजी बाहर न जाए लेकिन वहां विदेशी पोर्टफोलियो निवेश कम आता है। आय और संपत्ति की बढ़ती असमानता वाली दुनिया में पूंजी के साथ प्राथमिकता वाले कर व्यवहार का बचाव करना मुश्किल होता जा रहा है। यहां सवाल यह है कि आखिर किन चीजों पर कर लगना चाहिएः संपत्ति पर या उस संपत्ति से हासिल होने वाली आय पर, या दोनों पर। अधिकांश देशों में संपत्ति पर किसी न किसी तरह का कर लगता है और आमतौर पर इनसे सहजता से बच निकलने का कोई न कोई रास्ता रहता है। भारत एक अपवाद है क्योंकि उसने संपत्ति कर और संपदा शुल्क दोनों को समाप्त कर दिया है और यहां करीबी रिश्तेदारों एवं वंशजों के उपहारों पर भी कर नहीं लगता। निश्चित तौर पर चर्चा का पहला बिंदु यही होना चाहिए क्योंकि किसी भी कर का अभाव एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में असमानता को बनाए रखता है। जब निवेश की गई संपत्ति पर कर प्रतिफल की बात आती है तो दरों को लेकर (10 फीसदी, 15 फीसदी, 20 फीसदी, और स्लैब दरें) कोई एकरूपता नहीं है, वहीं होल्डिंग की अवधि भी अलग-अलग परिसंपत्तियों के लिए अलग-अलग है। कुछ परिसंपत्तियों पर कर केवल मूल्य सूचकांक के साथ मूल्य समायोजन के बाद ही लगता है जबकि अन्य को ऐसे इंडेक्सेशन का लाभ नहीं मिलता। सरकार ने दीर्घावधि के ऋण की होल्डिंग से इंडेक्सेशन को हटा दिया है लेकिन शेयरों से नहीं और इसका बचाव आसानी से किया जा सकता है क्योंकि औपचारिक क्षेत्र में वेतन भत्ते प्रायः मुद्रास्फीति से जुड़े रहते हैं। न्यूनतम वेतन को भी समय-समय पर मुद्रास्फीति के साथ समायोजित किया जा सकता है। असंगठित श्रम बाजार में स्वतः इंडेक्सेशन के प्रमाण हैं, भले ही वह ठीक से नहीं हुआ हो। यानी ऐसी कोई वजह नहीं है कि पूंजी के लिए इसकी पेशकश न की जाए, बशर्ते कि आप चाहते हों कि समय के साथ पूंजी का वास्तविक मूल्य कम होगा। बैंक जमा पर ब्याज पर कर बिना इंडेक्सेशन के लगता है जिससे असमान हालात पैदा होते हैं। यहां कहा जा सकता है कि बैंक जमा प्रतिफल की तयशुदा दर होती है। तयशुदा ब्याज बचत के कई स्वरूपों को भी प्रारंभिक कर लाभ मिलता है जो अक्सर बाजार उपायों में नहीं मिलता। कई मामलों और विकल्पों पर विचार करते हुए शायद सरकार को पहले एकरूपता लाने पर विचार करना था। उसके बाद अधिक महत्त्वपूर्ण प्रश्नों का निराकरण करना था। चाहे जो भी हो इन बातों पर संसद में और बाहर चर्चा होनी थी। सरकार के कदम निवेशकों को जोखिम वाले शेयरों को चुनने को प्रेरित कर सकते हैं या फिर वे बैंक जमा का रुख कर सकते हैं। इसका ऋण बाजार पर नकारात्मक असर होगा जबकि जरूरत उसके फलने-फूलने की है। यानी इसका अंतिम भार तो देश की जनता पर ही पड़ना तय है।

# विकास के पायदानों में पिछड़ता झारखंड

झारखंड देश के औद्योगिक विकास के पहिए को निरंतर चलाए रखने के लिए सर्वाधिक खनिज संसाधन उपलब्ध कराता है ' लेकिन इस बार नीति आयोग द्वारा जारी की गयी सतत विकास पैमाना की रैंकिंग में झारखंड औद्योगिक विकास के क्षेत्र में झारखंड 33 पायदान नीचे लुढ़क गया है, वहीं अर्थिक विकास के मामले में भी 16 स्थानों की गिरावट आई है ' झारखंड जैसे प्राकृतिक संसाधनों से संपन्न राज्य के लिए ऐसी स्थिति बनना चिंताजनक है और औद्योगिक विकास के प्रति राज्य सरकार की उदासीनता का प्रमाण भी है '

हर नीति को संशोधित करने और बड़े बड़े दावों करने की आदत से ग्रसित हेमंत सरकार ने वर्ष 2021 में निवेश तथा रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए उद्योग नीति में भी संशोधन किया ' लगभग 1 लाख करोड़ रुपए का निवेश और 5 लाख लोगों के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के बड़े-बड़े दावे के साथ सरकार ने दिल्ली में इनवेस्टर समिट का आयोजन किया और अपनी उद्योग नीति की बारीकियों से निवेशकों को लुभाने का प्रयास भी किया ' झारखंड औद्योगिक और निवेश संवर्धन नीति 2021 के तहत अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा स्थापित करना, विनिर्माण को बढ़ावा देना, समावेशिता को बढ़ाना, नवाचार को बढ़ावा देना और सभी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा करने का प्रावधान किया लेकिन धरातल पर इसमें से कोई भी प्रावधान शायद ही लागू हुई` इस औद्योगिक नीति में कई खामियां भी रह गईं '



दीपक प्रकाश
स्तंभकार

नई औद्योगिक नीति में पीपीपी मोड का प्रावधान नहीं होने की वजह से राज्य को हो रही क्षति की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए उद्योगपतियों ने सरकार को आगाह करते हुए बताया था कि इससे राज्य में औद्योगिक माहौल नहीं बन पाता है ' व्यवसायियों को सरकार द्वारा जमीन अलॉटमेंट के बावजूद हैंडओवर होने में काफी परेशानी होती है और कानूनी जटिलताओं के कारण उद्योग के लिए जमीन मिलने में ढेर सारे प्रशासनिक अड़चनें भी आती हैं ' इसके अलावा जो उद्योग पहले से चल रहे हैं वो यदि भविष्य में अपने हिस्से की जमीन को बेचना चाहते हैं तो इसमें सरकार को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए '।

उद्योग जगत से जुड़े लोगों का मानना है कि पॉलिसी में पारदर्शिता एवं साफ नीयत के अभाव से उद्योग प्रभावित होता है, जिसका नकारात्मक असर छोटे उद्योग धंधे पर देखने को मिलता है ' यही स्थिति रही तो छोटे छोटे उद्योग आने वाले समय में बंद हो जाएंगे। इंफ्रास्ट्रक्चर की समस्या से व्यापारियों और अधिकारियों में समन्वय का अभाव नजर आ रहा है ' व्यापारियों से यह नहीं पूछा जाता कि आपकी आवश्यकता क्या है? बिजली, पानी, सड़क और कानून व्यवस्था की परेशानी राज्य के इंडस्ट्रियल एरिया में आम बात है ' झारखंड में बिजली की लचर हालत किसी से छुपी नहीं है, कुछ दिनों पहले स्थिति इतनी विकराल हो गई थी कि बिजली आधारित लगभग 18000 उद्योग धंधे बंद होने की कगार पर आ गए थे ' फि लहाल बिजली की स्थिति में कोई खास सुधार नहीं आया है जिसके कारण ये उद्योग वैकल्पिक व्यवस्था के भरोसे संचालित हो रहे हैं ' इसी प्रकार कई महत्वपूर्ण सड़क और प्रस्तावित इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का काम राज्य सरकार से एनओसी नहीं मिलने के कारण रुका हुआ है ' केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी राज्य को हरसंभव मदद का आश्वासन दे चुके हैं लेकिन सरकार एवं अधिकारियों की निष्क्रियता के चलते कई महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाएं अब भी अधूरे पड़े हैं '

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के समय में बनाई गई टेक्सटाइल पालिसी की देशभर में प्रशंसा हुई थी। कई बड़ी कंपनियां राज्य में आईं। इससे हजारों की संख्या में रोजगार का सृजन हुआ` भाजपा की अन्य पूर्ववर्ती सरकारों ने भी इंफ्रास्ट्रक्चर और उद्योग, खासकर छोटे उद्योगों पर विशेष ध्यान दिया` हालांकि 2019 में सरकार बदलने के बाद पहले जैसी स्थितियां नहीं रहीं । झारखंड में 2400 करोड़ रुपए का निवेश करने वाली राज्य की सबसे बड़ी कपड़ा निमार्ता कंपनी ओरियंट क्राफ्ट ने 2020 में अपना व्यापार बंद कर दिया जिससे 5000 लोग बेरोजगार हो गए ' कंपनी के प्रबंधन से जुड़े लोगों ने बताया था कि हेमंत सरकार ने कंपनी को सरकार की तरफ से मिलने वाली लगभग 33 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि को बंद कर दिया था ' इसी प्रकार राज्य में लाखों लोगों को रोजगार मुहैया कराने और अरबों रुपए का राजस्व देने वाला खनन उद्योग भी खस्ताहाल में है ' कागजी प्रक्रिया में जटिलता के कारण खनन व्यवसाय से जुड़े हजारों लोगों के खदानों का लीज व अन्य लाइसेंसो का नवीनीकरण नहीं हो पा रहा है ' जबकि दूसरी ओर धड़ल्ले से अवैध खनन का कार्य चल रहा है, इससे सरकार को राजस्व का नुकसान भी हो रहा है और संसाधनों का दोहन भी ' कोरोना काल में सरकार ने व्यवसाइयों के लिए राहत की कई घोषणाएं की थीं लेकिन ये घोषणाएं फाइलों में ही सिमट कर रह गई ' जल, जंगल, जमीन का नारा देने वाली हेमंत सरकार अपने एजेंडे पर ही पिछड़ती नजर आई ' जमीन पर जीवन और पर्यावरण संरक्षण के मामले में भी पिछले साल की तुलना में 28 पायदान की गिरावट दर्ज की गई है '।

लगातार विफलता हाथ लगने के बावजूद हेमंत राजनीतिक हठ के कारण नीतियों में आवश्यक बदलाव नहीं करना चाहते। देश के खनिज सम्पदा का 40% हिस्सा अपने गर्भ में धारण किये झारखण्ड मूल्य संवर्धन के माध्यम से देश का अग्रणी राज्य बन सकता है` झारखण्ड को जरुरत है की यहाँ के विभिन्न संसाधनों में मूल्य संवर्धन के लिए छोटे एवं लघु उद्योगों को बढ़ावा दे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को यह समझना होगा कि वो एक संवैधानिक पद को सुशोभित कर रहे हैं और इसकी जिम्मेवारियां भी निजी हित से इतर राज्य हित में शामिल होती हैं ` यदि सवा तीन साल से सत्तासीन हेमंत विकास कार्यों में पिछड़ेपन के लिए पूर्ववर्ती सरकारों और कोरोना महामारी को जिम्मेदार मानते हैं, तो इससे एक स्पष्ट संदेश जाएगा कि हेमंत में इच्छाशक्ति का घोर अभाव है ' राज्य सरकार उद्योग नीति की समीक्षा कर इसे थोड़ा लचीला बनाए, लाइसेंस आदि निर्गत करने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम भी दुरुस्त करें, ताकि उद्योग धंधे अनवरत चलते रहें और झारखंड का आर्थिक विकास बढ़ता रहे।

**(लेखक, झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद हैं)**

# बुद्धिमान साधु

**गतांक से आगे .. ..**

वह बोला– तुम सब कायर हो। कहीं आदमी भी बाघ को खा सकता है। चलो, मैं उस साधु को मजा चखाता हूं।

बाघ का सरदार दूसरे बाघों के साथ साधु को खोजने चल पड़ा। इसी बीच साधु के पास एक लकड़हारा आ गया था। साधु उसे बाघ वाली घटना सुना रहा था। तभी बाघों का सरदार वहां पहुंचा। जब लकड़हारे ने बहुत से बाघों को अपनी ओर आते देखा तो डर के मारे उसकी घिग्घी बंध गई। वह कुल्हाड़ी फेंक कर पेड़ पर चढ़ गया। साधु को पेड़ पर चढ़ना नहीं आता था। वह पेड़ के पीछे छिप कर बैठ गया। जो बाघ साधु के पास से जान बचा कर भागा था, वह अपने सरदार से बोला, देखो सरदार सामने देखो, पहले तो एक ही साधु



था, अब दूसरा भी आ गया है। एक नीचे छिप गया है और दूसरा पेड़ के ऊपर, चलो भाग चलें।

बाघों का सरदार बोला, मैं इनसे नहीं डरता। तुम सब लोग इस पेड़ को चारों तरफ से घेर लो, ताकि ये दोनों भाग न जाएं। मैं पेड़ के पास जाता हूं।

इतना कह कर बाघों का सरदार पेड़ की तरफ बढ़ने लगा। साधु और लकड़हारा अपनी-अपनी जान की खैर मनाने लगे। अचानक लकड़हारे को एक चींटी ने काट खाया। जैसे ही वह दर्द से तिलमिलाया कि उसके हाथ से टहनी छूट गई। वह घने पत्तों और टहनियों से रगड़ खाता हुआ धड़ाम से नीचे आ गिरा। जब साधु ने उसे गिरते हुए देखा तो वह बहुत जोर से चिल्लाया, बाघ के सरदार को पकड़ लो। जल्दी करो, फिर यह भाग जाएगा। धड़ाम की आवाज और साधु के चिल्लाने से बाघों का सरदार डर गया। उसने सोचा कि यह साधु सचमुच ही बाघों को खाने वाला है। वह उलटे पैरों भागने लगा। उसके साथी भी उसे भागता हुआ देखते ही सिर पर पैर रखकर भाग गए।

**शिक्षा:-**

**बुद्धि बल पर भारी पड़ती है । .. समाप्त।**

नजरिया

# राजस्थान में कब बनेगा जाट मुख्यमंत्री

राजस्थान के जयपुर में पिछले दिनों जाट महाकुंभ का आयोजन किया गया था। जिसका उद्देश्य पूरी तरह राजनीतिक था। आठ महीने बाद राजस्थान विधानसभा के चुनाव होने हैं। जाट समाज का प्रदेश की राजनीति में बहुत प्रभाव है। इस सम्मेलन का उद्देश्य राजनीति में जाट समाज की भागीदारी को बढ़ाना था। राजस्थान में लोकसभा के 6 व विधानसभा के करीबन 33 सदस्य जाट समुदाय से आते हैं। राजस्थान में जाट समाज की आबादी भी 12 प्रतिशत से अधिक है। इतना अधिक प्रभाव होने के बाद भी आज तक राजस्थान में जाट मुख्यमंत्री नहीं बन सका है। इसी बात को लेकर जाट समाज के लोगों में नाराजगी है।



**रमेश सर्राफ धमोरा**
पत्रकार

राजस्थान के गंगानगर, हनुमानगढ, बीकानेर, चूरू, झुंझुनू ,सीकर, जयपुर, भरतपुर, नागौर, अजमेर, चित्तौड़गढ, भीलवाड़ा, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जैसलमेर सहित कई जिलों में जाट समाज का बहुत प्रभाव है। इन जिलों के लोकसभा व विधानसभा चुनाव में जाट मतदाता निर्णायक भूमिका निभाते हैं। जिस तरफ जाट समाज का झुकाव होता है उसी पार्टी के प्रत्याशियों की जीत होती है।

**इन जिलों के लोकसभा व विधानसभा चुनाव में जाट मतदाता निर्णायक भूमिका निभाते हैं। जिस तरफ जाट समाज का झुकाव होता है उसी पार्टी के प्रत्याशियों की जीत होती है।**

संख्या में सबसे अधिक होने के उपरांत भी जाट समाज के नेताओं को राजनीति में पर्याप्त महत्व नहीं मिल पाया है। राजस्थान के जाट मतदाता पांच दशक तक लगातार कांग्रेस पार्टी को एक तरफा समर्थन देते रहे थे। देश की आजादी के बाद रियासतों को समाप्त करने से जाट समाज का जुड़ाव कांग्रेस से हो गया था। राजस्थान में जाट समाज कांग्रेस का मजबूत वोट बैंक माना जाता था। जाट समाज के कई ऐसे बड़े नेता हुए जो प्रदेश व देश की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते थे।

बलदेव राम मिर्धा बड़े नेता थे जिन्होंने जाट समाज के लोगों को संगठित करने का काम किया था। देश की आजादी के बाद राजनीति में कुंभाराम आर्य, सरदार हरलाल सिंह, नाथूराम मिर्धा, रामनिवास मिर्धा, परसराम मदेरणा, कमला, दौलत राम सारण, सुमित्रा सिंह, रामनारायण चौधरी, शीशराम ओला, शिवनाथसिंह गिल, रामदेव सिंह महरिया, डॉक्टर हरिसिंह, नारायण सिंह, कामरेड संपत सिंह, मनफूल सिंह भादू, हेमाराम चौधरी, महादेव सिंह खंडेला, नटवर सिंह, बलराम जाखड़, लालचंद कटारिया, नरेंद्र बुडानिया, सांवरलाल जाट, राजा मानसिंह, महाराजा विश्वेंद्र सिंह, हनुमान बेनीवाल, कैलाश चौधरी, गोविंद सिंह डोटासरा, सतीश पूनिया जैसे बड़े व प्रभावी जाट नेता रहे हैं। जो अपने-अपने पार्टियों में बड़े पदों पर रहकर राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एक समय में तो चौधरी कुंभाराम आर्य, नाथूराम मिर्धा, परसराम मदेरणा जैसे दिग्गज जाट नेता थे जिनकी बात को टालने की हिम्मत किसी मुख्यमंत्री में भी नहीं होती थी। चौधरी कुंभाराम आर्य तो इतने प्रभावशाली नेता थे कि कलेक्टरों तक कि उनके चेंबर में जाने की हिम्मत नहीं होती थी। उनका आम जनता पर बहुत प्रभाव था। इसी कारण वह बार-बार क्षेत्र बदलकर चुनाव जीतते थे। इतना प्रभाव होने के उपरांत भी मुख्यमंत्री बनने का उन्हें कभी मौका नहीं मिल सका। 1973 में पहली बार जाट नेता रामनिवास मिर्धा मुख्यमंत्री पद के दावेदार बने थे। मगर हरिदेव जोशी के सामने एक वोट से हारने के कारण मुख्यमंत्री बनने से रह गए थे। इसी तरह 2008 में शीशराम ओला ने अशोक गहलोत के सामने मुख्यमंत्री पद की दावेदारी जतायी थी। मगर अधिक विधायकों का समर्थन नहीं होने से मुख्यमंत्री नहीं बन पाए।

जानकारी

# मनसा देवी मंदिर हरिद्वार



मनसा देवी मंदिर हरिद्वार के मुख्य टाउनशिप से 2.5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। शिवालिक पहाड़ियों पर बिल्वा पर्वत के ऊपर स्थित, मनसा देवी उत्तर भारत में सबसे अधिक प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है। मनसा देवी नाग वासुकी की पत्नी थीं और मंदिर को देवी मनसा का घर माना जाता है।

मनसा देवी मंदिर में आने वाले भक्तों को एक पवित्र धागे को पवित्र पेड़ से बांधना पड़ता है। यह भक्तों की इच्छाओं को पूरा करने के लिए बांधा जाता है। एक बार जब इच्छा पूरी हो जाती है, तो यहां आकर भक्तों को पवित्र धागे को खोलना भी पड़ता है। चूंकि मनसा देवी का मंदिर पर्वत पर स्थित है इसलिए निचले स्टेशन से केबल कार या रोपवे द्वारा मंदिर तक पहुंचा जाता है। यह मंदिर जमीन से 178 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है।

# 4,900mAh बैटरी के साथ Xiaomi 13 Ultra जल्द होगा लॉन्च!

नई दिल्ली: .Xiaomi 13 सीरीज का हाई एंड स्मार्टफोन Xiaomi 13 Ultra का लॉन्च अब नजदीक लग रहा है, क्योंकि फोन के बारे में लीक्स का सिलसिला तेज हो गया है। सीरीज में कंपनी का यह फ्लैगशिप हैंडसेट है जिसे ब्रैंड मई या जून में लॉन्च कर सकती है। अब फोन को लेकर लेटेस्ट लीक सामने आया है जिसमें इसके स्पेसिफिकेशंस की जानकारी मिलती है। यह फोन Xiaomi 13 Pro से ऊपर का वेरिएंट होगा जो कीमत और स्पेसिफिकेशंस, दोनों में ही ज्यादा होगा। आइए आपको बताते हैं कि फोन के बारे में लेटेस्ट अपडेट क्या कहता है।



Xiaomi 13 Ultra चाइनीज स्मार्टफोन मेकर की ओर से अगला फ्लैगशिप स्मार्टफोन बताया जा रहा है जिसमें Qualcomm Snapdragon8 Gen2 SoC होने की खबर है। अब एक टिप्स्टर ने इसके कुछ और स्पेक्स को लेकर खुलासा किया है। जाने माने टिप्स्टर योगेश बरार ने एक Twitter पोस्ट में खुलासा करते हुए कहा है कि शाओमी 13 अल्ट्रा में 12GB से 16GB तक रैम देखने को मिल सकती है। हालांकि, यहां रैम और स्टोरेज का टाइप नहीं बताया गया है, लेकिन टॉप एंड स्मार्टफोन होने के नाते डिवाइस में LPDDR5X RAM दी जा सकती है। जबकि इसमें 256GB तक UFS 4.0 स्टोरेज देखने को मिल सकती है।

Xiaomi 13 Ultr के स्पेसिफिकेशंस में इसकी बैटरी कैपिसिटी का भी जिक्र टिप्स्टर ने किया है। फोन में 4,900ऒँ बैटरी बताई गई है। साथ में 90ह फास्ट चार्जिंग भी इस डिवाइस में देखने को मिल सकती है। वहीं, यह 50W वायरलेस चार्जिंग सपोर्ट के साथ भी आ सकता है। ऑपरेटिंग सिस्टम के बारे में कहा गया है कि यह आउट ऑफ द बॉक्स Android 13 आधारित MIUI 14 के साथ आ सकता है। सीरीज में कंपनी ने छ्रीं कैमरा का इस्तेमाल किया है जो कि इस हैंडसेट के लिए भी लागू होता है। टिप्स्टर के अनुसार इसमें 50 मेगापिक्सल का मेन कैमरा देखने को मिल सकता है। यह क्वाड कैम सेटअप के साथ आ सकता है जिसमें सेकंडरी सेंसर 50 मेगापिक्सल का अल्ट्रावाइड कैमरा हो सकता है।

साइबर दुनिया

टॉप ट्वीट

"सपा प्रमुख की मौजूदगी में 'मिले मुलायम-कांशीराम, हवा में उड़ गए जय श्रीराम' नारे को लेकर रामचरित मानस विवाद वाले सपा नेता पर मुकदमा होने की खबर आज सुर्ख़ियों में है। वास्तव में यूपी के विकास व जनहित के बजाय जातिवादी द्वेष एवं अनर्गल मुद्दों की राजनीति करना सपा का स्वभाव रहा है।"

सुश्री मायावती
बसपा प्रमुख





"अलग-अलग महाद्वीपों और देशों में ट्रेवल करने का असर मेरे शरीर पर पड़ा है।मैं फ्लाइट में ट्रेवल करने से हुआ जेट लेग तो किसी तरह सहन कर सकती हूं लेकिन कमर-पीठ का दर्द नहीं। लेकिन, ऐसा कुछ नहीं है जो पिलाटेस और स्ट्रेचिंग जैसे वर्क आउट से ठीक नहीं हो सकता। "

प्रीति जिंटा
बॉलिवुड अभिनेत्री

संपादक के नाम पत्र

## भारत के समक्ष चीन की बढ़ती चुनौतियां

चीन एक कम्युनिस्ट देश है ।पिछले कई दशकों से चीन भारत से आगे है ।लेकिन उसका पूरा तंत्र केंद्रीय सता द्वारा नियंत्रण है ।देश पर मुसीबतें आने की आशंका के चलते पहले ही अलर्ट मोड़ में रहने वाला चीन भारत के लिए सिरदर्द बनता जा रहा है ।चीन ने पिछले कई वर्षों से सामरिक और आर्थिक शक्ति में अभूतपूर्व प्रगति की है ।चीन एक विशाल देश है उसे समझा जा सकता है ।उसके पास न प्रतिभा की कमी है और न ही साधनों की कमी है ।चीन का एकांकी निर्णय है ।यूरोप और अमेरिका की बढ़ती शक्ति को इसी रूप में देखा जा सकता है ।चीन की बढ़ती सामरिक और आर्थिक शक्ति के कारण अमेरिका को चीन चुनौती देता रहता है ।ताइवान को लेकर अमेरिका को कई बार चुगली नही करने की नसियत दे चुका है ।अमेरिका से भी सामरिक शक्ति में आगे निकल कर एक चुनौती दे रहा है ।अमेरिका और चीन में भौगोलिक सामीप्य नही है ।उसके बीच कोई ऐतिहासिक प्रतिद्वन्दिता नही है ।लेकिन भारत के साथ मे है ।चीन सीमा विवाद को लेकर भारत के साथ अच्छा बर्ताव नही कर रहा है ।हाल ही में चीन ने अपने नक्शे में भारत की बॉर्डर अरुणाचल स्थित 11 जगहों के नाम बदलने की कुचेष्ठा की है ।भारत ने जवाब देते हुए कहा कि नाम बदलने से हकीकत नही बदल सकती है ।पिछले पांच साल में तीसरी बार नाम नदलने पर भारत ने आपत्ति जताई है ।2021 में 15 जगह और 2017 में छह जगहो के नाम बदले है ।भारत ने सिरे से खारिज किया है ।लद्वाख सीमा पर करीब एक वर्ष तक सेना को तैनात रखा ।बाद में सैनिको से झड़प हुई ।इस तरह चीन की नीयत भारत के लिए खराब है ।यू तो चीन के पास अमेरिका से ज्यादा सेना है ।लेकिन आजकल सामरिक शक्ति सेनाओं की संख्या से नही चलती है ।उन्नत हथियारों से आंकी जाती है ।अमेरिका का भौतिक जीवन चीन से आयातित सामग्री पर बहुत अधिक निर्भर नही है ।चीन और अमेरिका की मुलाकात के बाद चीन की टांगखिचाई कम हुई है ।भारत चीन की हरकतों से वाफिक है। भारत की सामरिक शक्ति के आगे चीन फीका पड़ता दिख रहा है।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### रेनूका साहू के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चला

**हजारीबाग :** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा अध्यक्ष रेनूका साहू के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। महिला मोर्चा के द्वारा हजारीबाग का हृदय अथार्त झील का सफाई किया गया। झील में फेले जलकुंभी निकाला गया और झाड़ू लगाकर रास्ते को भी साफ किया गया। इस कार्यक्रम में प्रभारी जिला उपाध्यक्ष ज्योत्सना देवी , जिला मंत्री मनोरमा राना, कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## सिटी अपडेट्स >>

### प्रवासी मजदूर की बेंगलुरु में हुआ मौत 7 दिन बाद शव पहुंचा गांव

**इचाक :** इचाक थाना क्षेत्र के मदनपुर गांव के प्रवासी मजदूर राजकुमार राम पिता जगदीश राम की मौत बेंगलुरु में रामनवमी पूजा के नवमी के दिन मौत हो गई मौत की खबर सुनते ही पूरे गांव शोक की लहर में डूब गया। शव 7 दिन के बाद गांव पहुंचा । अग्नि संस्कार गांव के ही मुक्तिधाम में किया गया। क्या कहते हैं मुखिया सकेन्दअलौंजा पंचायत के मुखिया सकेन्द्र प्रसाद मेहता ने बेंगलुरु में मौत के शिकार हुए मजदूर राज कुमार राम के मौत पर अफसोस जताते हुए कहा कि अलौंजा खुर्द पंचायत में ढाई हजार महिला पुरुष मनरेगा मजदूर निबंधित है जिन्हें 1 वर्ष से काम नहीं मिला।2022 मे एक भी मजदूर को 100 दिन काम नही मिला ,जबकि केन्द्र द्वारा कहा गया है कि 100 दिन काम नही तो बेरोजगारी भता मिलेगा । 2 साल से कोरोना का दंश और इस वर्ष सुखाड़ का विभीषिका झेल रहे मजदूर रोजगार के अभाव में पलायन कर रहे हैं जिसे देखने वाला कोई नहीं है उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर मजदूरों को रोजगार मिलता तो वे पलायन नहीं करते और ना ही किसी परिवार का घर उजड़ता उन्होंने डीसी से मामले की जांच कर मनरेगा कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### किताब ,कॉपी, बैग, ड्रेस का खुल गया स्टॉल स्कूल में ही

**इचाक :** इचाक प्रखंड में ऐसे कई प्राइवेट स्कूल संचालित है जिसमें अभिभावको से शिकायतें मिल रही है कि किताबें हर साल बदली जा रही है। बदलने के साथ-साथ जो किताब चलती है वह किताब वही स्कूल में ही मिलेगी और बाजार में कहीं पर उपलब्ध नहीं है जिस बुक का दाम कम होना चाहिए वह सीधे तौर पर दुगुना दामो में हमलोगों से वसूला जा रहा है। प्रकाशन से मिलकर दुगुना प्रिंट कराया जाता है। फीस भी मनमाने तरीके से वसूला जा रहा है । बच्चे को बेंच की जगह जमीन पर बैठा दिया जाता है ।शिक्षक घर घर जाकर ऊँचे ऊँचे सपने दिखाकर शुरूआती दौर में फ्री नामांकन का प्रलोभन देकर बच्चे को नामांकन ले लिया जाता है। भोले भाले हम अभिभावको को यह नहीं समझ पाते हैं कि विद्यालय में बच्चे के अनुपात में शिक्षक है कि नहीं बैठने की क्या व्यवस्था है खेलकूद की क्या सुविधा है । ईधर दूसरी तरफ देखा जाए तो सच साबित होता है कि जैसा ही प्राइवेट स्कूल में रिजल्ट प्रकाशित होते ही बुक प्रकाशक कॉपी - किताब ,ड्रेस जूता के ठेकेदार 40 से 45 प्रतिशत तक स्कूलों में कमीशन देकर खुलेआम बेच रहे हैं। और अभिभावक कर्ज खोज कर बच्चे को फिस से लेकर किताब कॉपी खरीदने में लगे हैं ।क्या कहते हैं बीईओ बंसीधर राम प्राइवेट स्कूल की मनमानी का हमें जानकारी नहीं मिली है, अगर किसी तरह से शिकायत हमें आती है तो उस पर करवाई किया जाएगा। हमारे सरकारी स्कूल में इस तरह की सारी सुविधाएं मुफ्त में दी जाती है आकर के बच्चे पढ़ाई कर सकते हैं ।

**आयोजन** भारत में कोयला बिजली के उत्पादन करने का एक चौथाई पूरा करती है : पार्थ मजूमदार

# दीप प्रज्वलित कर खनन का कार्य शुभारंभ किया गया

- पहला बार ऐतिहासिक क्षेत्र में देखा जा रहा है पुलिस अधीक्षक : मनोज रतन
- माइनिंग बिना लायन आर्डर का खनन कार्य शुरूआत व्यवस्था किया गया है






राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग केरेडारी परियोजना, पांडू आगर टांडा मैं एनटीपीसी कोयला परियोजना खनन का कार्य शुभारंभ किया गया मौके पर क्षेत्रीय कार्यकारी निर्देशक कोयला खनन मुख्यालय पार्थ मजूमदार ने बताया कि भारत में कोयला का बहुत कम के कारण बिजली की उत्पादन करने का एक चौथाई पूरा करती है इसके लिए कोयला का जरूरत बहुत आवश्यकता होता है अगर कोयला नहीं मिले तो पूरे देश में बिजली की कटौती बहुत ज्यादा हो रही है। जो पूरे देश में बिजली का कार्य करने में एनटीपीसी वरदान साबित हो रहा है कुल मिलाकर 22 मिलियन टन कोयला 48% से ज्यादा का लक्ष्य माइनिंग के द्वारा छात्रों के लिए आईटीआई कॉलेज के द्वारा छात्रों आईटीआई करा कर रोजगार की मुहैया वह रांची में 83 बच्चे की माइनिंग करवाया जा रहा है जो रोजगार की मुहैया में कोई दिक्कत ना हो।

माइनिंग बिना लायन आर्डर का खनन कार्य शुरूआत व्यवस्था किया गया है। पहला बार ऐतिहासिक ग्रामीणों में देखा जा रहा है। पुलिस अधीक्षक :- मनोज रतन चौथे बरवाडी कोल माइंस महाप्रबंधक शिवम श्रीवास्तव केरेडारी महाप्रबंधक फैज तय्यब अनुमंडल पदाधिकारी एसडीपीओ को एनटीपीसी के द्वारा पौधा और अंग वस्त्र देकर किया गया सम्मानित। मौके पर बीजीआर के सीएमडी ने सभी के सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापन दिया और कहा सभी के सहयोग से आगे बढ़ेंगे। चरण- (1320 मेगावाट) की कोयले की आवश्यकता को पूरा करेगा को मैसर्स बीजीआर माइनिंग एंड इंफ्रा लिमिटेड को केरेडारी कोयला खनन परियोजना के एमडीओ के रूप में घोषित किया गया।

## समाजहित में बेहद कारगर साबित होगा यह सामुदायिक भवन:मनीष



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग बुधवार को हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 29 स्थित कुम्हारटोली पहुंचकर यहां विधायक निधि की राशि करीब 13 लाख रुपए से चल रहें सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण कर जायजा लिया और काम में संतुष्टि जताई। स्थानीय लोगों ने संकट मोचन मंदिर के समीप विधायक मनीष जायसवाल का भव्य स्वागत किया। स्वागत करने वालों में मनोज गुप्ता, नारायण गुप्ता, कन्हैया शर्मा, कौशल किशोर सिंह, बालदेव प्रजापति, सुशील सिंहा, अनिल सिन्हा, विकास केशरी, विवेक अग्रवाल, ब्रजेश साव, कुलदीप केशरी, संजय विश्वकर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल रहें । मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा की इस सामुदायिक भवन के निर्माण होने से विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्य में जरूरतमंदों को सुविधा होगी और लोगों को कई तरीके से राहत मिलेगी ।

कुलाधिपति के निर्देश का शक्ति से होगा पालन

# बायोमेट्रिक पद्धति से दर्ज होगी विद्यार्थियों की उपस्थिति



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ मुकुल नारायण देव की अध्यक्षता में बुधवार को कुलपति सम्मेलन कक्ष में सभी संकायाध्यक्ष और विभागाध्यक्षों के साथ महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में परीक्षा फल का प्रकाशन नियत समय पर किए जाने से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर सहमति बनी। परीक्षा प्रपत्र भरने की सूचना 15 दिन पहले की दी जाएगी तथा परीक्षा का कार्यक्रम 21 दिन पहले जारी की जाएगी ताकि विद्यार्थी को किसी भी तरह की कठिनाई न हो सके। कुलपति डॉक्टर देव ने बताया कि कुलाधिपति के निर्देश के आलोक में अब विद्यार्थियों की उपस्थिति बायोमेट्रिक पद्धति से दर्ज होगी तथा इसका पालन सख्ती से करना होगा। जो विद्यार्थी अपनी निर्धारित उपस्थिति पूरा नहीं करेंगे उन्हें परीक्षा फॉर्म भरने से वंचित कर दिया जाएगा। परीक्षा प्रपत्र भरने के पहले ही अब इंटरनल मार्क्स परीक्षा विभाग में समर्पित किया जा सकेगा। डीट परीक्षा के लंबित इंटरव्यू संपन्न कराकर शीघ्र ही परीक्षाफल प्रकाशित किए जाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा सभी विभागों में खराब पड़े कंप्यूटर, प्रोजेक्टर, डिजिटल बोर्ड की स्थिति की जानकारी देने का निर्देश देते हुए खराब पड़े उपकरणों को दुरुस्त किए जाने का निर्णय लिया गया। मौके पर सभी संकाय अध्यक्ष और विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

रक्तदाता रवि कुमार के जज्बे को सलाम : चंद्र प्रकाश जैन

# 1 घंटे में गर्भवती महिला को कराया गया रक्त उपलब्ध



- परिजनों ने जताया आभार, रक्तदाता को किया प्रणाम

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** इस भागदौड़ की भरी जिंदगी में बहुत ही कम देखा जाता है कि कोई दूसरों की समस्याओं को हल करने के लिए तत्पर नजर आता है। परंतु यह चीज हजारीबाग शहर में बुधवार को साक्षात रुप से देखा गया शहर के सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने वाले हजारीबाग यूथ विंग के पदाधिकारियों को इचाक के बरका कला निवासी विक्की कुमार के द्वारा सूचित किया गया कि ओ नेगेटिव ब्लड की अत्यंत आवश्यकता है। जिसके पश्चात यूथ विंग के तमाम पदाधिकारी एवं सदस्य संबंधित रक्त की खोजबीन में जुट गए। इसी बीच शहर के महेश चौक निवासी रवि कुमार से रक्तदान करने का आग्रह किया गया जिसके पश्चात वो आनन-फानन में शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज ऑफ अस्पताल में स्थित ब्लड बैंक परिसर पहुंचकर रक्तदान कर गर्भवती महिला की जान बचाई। बताया जाता है कि गर्भवती महिला के परिजनों के द्वारा जानकारी मिलते ही महज 1 घंटे में हजारीबाग यूथ विंग ने रक्त उपलब्ध करवाया है। पर : संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, उपाध्यक्ष विकास केसरी, कोषाध्यक्ष रितेश खंडेलवाल, डॉक्टर वी वेंकटेश, विकास तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे। मौके पर हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने रक्तदाता रवि कुमार के जज्बे को सलाम करते हुए कहा कि हर व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए क्योंकि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता। वही मौके पर गर्भवती महिला के पति विक्की कुमार ने रक्तदाता रवि कुमार को आभार प्रकट करते हुए उन्हें प्रणाम किया कहा कि आप हमारे परिवार के लिए देवदूत साबित हुए हैं। मौके पर रक्तदाता रवि कुमार ने कहा कि रक्त जीवन का सबसे महत्वपूर्ण भाग में से एक है, हमें इसे दूसरों को देकर उसकी जिंदगी अवश्य बचानी चाहिए क्योंकि व्यक्ति हर 3 माह के बाद रक्तदान कर सकता।

# खुखरा में रोजगार मेला का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**पीरटांड़ :** पीरटांड प्रखंड के खुखरा पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय जहाजपुर में रोजगार मेला का आयोजन बुधवार को किया गया। जिसमें खुखरा पंचायत के साथ साथ आस पास पंचायत के बेरोजगार युवक एवं युवतियों शामिल हुए।कार्यक्रम का उद्घाटन मुखिया सुनैना पाठक एवं पंचायत समिति सदस्य केशव पाठक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया ।वही कार्यक्रम में लेबर यूनियन के अध्यक्ष सहदेव साहू, जहाजपुर मिडिल स्कूल के प्रधानाचार्य ईश्वरी दयाल पांडेय, मिडिल स्कूल के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष किशुन कोल्ह , आर एस डब्लू एम के डायरेक्टर बिकेश कुमार उपस्थित रहे। अतिथियों ने बताया कि झारखंड सरकार के पहल पर इस रोजगार मेला का अयोजन कर बेरोजगार यूवक युवतियों को ट्रेनिंग दे कर रोजगार से जोड़ने का काम कर रहे है। वहीं पंचायत समिति सदस्य केशव पाठक ने कहा की अब खुखरा पंचायत में नित नए पहल किया जा रहा है ।पहले लोग हुनर प्राप्त करने के लिए बाहर जाते थे।स्किल डेवलपमेंट के माध्यम से युवायों को जागरूक अथवा हुनरमंद बनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के द्वारा एक नया आयाम लिखा जाएगा। रोजगार मेला का संचालन डीएमएम के कुमार अभिषेक ने किया ।

**शहादत दिवस** चुआड़ विद्रोह छोटानागपुर क्षेत्र में अंग्रेजों के खिलाफ पहला विद्रोह था : विकास

# अमर शहीद रघुनाथ महतो भारतीय क्रांतिकारी एवं एक महान नेता थे

- क्रांतिकारी रघुनाथ महतो अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ते हुए शहीद हो गए



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** स्थानीय आजसू पार्टी कार्यालय में चुआड़ विद्रोह के महानायक महान स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद रघुनाथ महतो का शहादत दिवस मनाया गया। आजसू पार्टी की हजारीबाग जिला कमिटी द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता आजसू पार्टी के हजारीबाग जिला अध्यक्ष विकास राणा ने किया। आजसू पार्टी कार्यकताओं ने अमर शहीद रघुनाथ महतो के चित्र पर फूल माला अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता करते हुए आजसू पार्टी के हजारीबाग जिला अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि अमर शहीद रघुनाथ महतो भारतीय क्रांतिकारी एवं एक महान नेता थे, जिन्होने 1769-78 में अंग्रेजों के विरुद्ध चुआड़ विद्रोह का नेतृत्व किया था। चुआड़ विद्रोह, छोटानागपुर क्षेत्र में अंग्रेजों के खिलाफ पहला विद्रोह था। रघुनाथ महतो का जन्म 21 मार्च 1738 ई को वर्तमान सरायकेला खरसांवां जिले के निमडीह प्रखंड के घुंटियाडीह गांव में हुआ था ।उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ जो विद्रोह किया था, उसे चुआड़ विद्रोह के नाम से जाना जाता है। उन्होंने अपना गांव, अपना राज, दूर भगाओ, विदेशी राजह्व के नारा दिया था। चुआड़ विद्रोह की अवधि 1767 से 1783 ई तक थी। 5 अप्रैल 1778 ई को क्रांतिकारी रघुनाथ महतो अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ते हुए शहीद हो गए। आजसू पार्टी के हजारीबाग जिला अध्यक्ष विकास राणा के नेतृत्व में आयोजित शहीद नीलाम्बर-पीताम्बर के श्रद्धांजलि के इस कार्यक्रम में आजसू पार्टी के केन्द्रीय सदस्य आनन्द सिंह, केन्द्रीय सदस्य विजय वर्मा, केन्द्रीय सदस्य लालचन्द महतो, केन्द्रीय सदस्य सुरेन्द्र महतो, जिला प्रधान सचिव कपिलदेव महतो, महिला मोर्चा की केन्द्रीय सचिव संगीता बरला, जिला उपाध्यक्ष विश्वनाथ महतो, जिला कोषाध्यक्ष अजय कुमार, जिला सचिव विवेक कुमार राणा, बिष्णुगढ़ प्रखण्ड अध्यक्ष अजय कुमार मण्डल, मिडिया प्रभारी संजय कुमार महतो, नगर अध्यक्ष आफताब आलम, बुद्धिजीवी मंच के नागेश्वर महतो, हेमन्त आर्या सहित अन्य लोग शामिल थे ।

## न्यूज फटाफट

### स्कूली बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली



**पीरटांड़ :** पीरटांड प्रखंड अंतर्गत खुखरा पंचायत के मध्य विद्यालय खुखरा तथा उत्क्रमित मध्य विद्यालय चेथरुडीह के बच्चों द्वारा एम.आर कैंपिंग के लिए प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी के माध्यम से लोगो को रूबेला का टीका लगवाने को लेकर जागरूक किया गया ।प्रभात फेरी कार्यक्रम में खुखरा पंचायत समिति सदस्य केशव पाठक शामिल होकर बच्चों का हौसला अफजाई किया ,मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक अब्दुल मन्नान अंसारी, शिक्षक रवि कुमार पाठक, भगवती मंडल, संजय कुमार, राजकुमार पांडेय, ऊषा किरण सोरेन, कामेश्वर मंडल, उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनुज मंडल, शिक्षक अरुण मंडल बिरेन्द्र हांसदा, अंजन साहू मुख्य रूप से शामिल थे।

### श्री हरि कीर्तन हरे राम हरे कृष्णा 24 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन



**इचाक :** इचाक थाना क्षेत्र के ग्राम बरियठ के देवी मंडप में श्री हरि कीर्तन हरे राम हरे कृष्णा का 24 घंटे का आयोजन सुरेश उर्फ बालेश्वर प्रसाद मेहता पिता स्वर्गीय तुलो महतो के सौजन्य से किया जा रहा है। श्री मेहता ने कहा कि कीर्तन करने का मुख्य उद्देश्य देवी माँ द्वारा हमने मनत मांगा था जो पूरा हुआ एवम क्षेत्र की खुशहाली अमन-चैन के लिए हमने कीर्तन का आयोजन किया जो हमारे ग्रामीण महिला -पुरुष ने बढ़ चढ़कर कार्यक्रम में भाग लिया मैं इसके लिए सभी का आभारी बना रहूंगा। कीर्तन का आयोजन 5 अप्रैल समय 11से 6 अप्रैल 11 बजे तक किया जाएगा। कार्यक्रम में शामिल कुलदीप मेहता, दिगंबर मेहता,राजबल्म मेहता,नागेस्वर मेहता, गोबिंद मेहता,सीकेन्द्र मेहता ,कृष्ण मेहता,रोहित कुमार,जगेस्वर मेहता,रामदीप मेहता,प्रमेस्वर मेहता ,मनीष कुमार समेत सभी ग्रामीण शामिल हुवे।

### देर शाम पुलिस अधीक्षक की अगुवाई में लो.ज.नारायण केंद्रीय कारा में औचक निरीक्षण



**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारागार में मगलवार को देर शाम पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे, उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित एवं सदर एसडीएम विधा भूषण कुमार ने संयुक्त रूप से औचक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण लगभग 2 घंटे तक चला। इस औचक निरीक्षण की कारवाई में जिला प्रशासन के 15 टीम मौजूद रही। इस दौरान केंद्रीय कारागार के अस्पताल, कैंटीन,बैरक व अन्य जगहों का निरीक्षण किया गया। मौके पर कुछ अपतिजनक सामग्री जैसे चाकूनुमा औजार, कैंची, खैनी, कुछ ब्लेड आदि सामग्री बरामद किए गए ।पुलिस अधीक्षक ने बताया की यह रूटीन जांच प्रक्रिया है जो हर एक या दो माह में की जाती है।

### कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में 12वीं के कुल 39 छात्राओं को किया गया विदाई समारोह



**बड़कागांव :** बड़कागांव कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बड़कागांव से 12वीं के 39 छात्राओं का विदाई समारोह की गई। विदाई समारोह के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रबंधन समिति के अध्यक्ष होरिल महतो एवं संचालन शिक्षक सीताराम महतो ने किया। कार्यक्रम में सभी छात्राओं का विद्यालय के प्रति एवं अध्ययन के दौरान गतिविधि पर मूल्यांकन किया गया। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए नौकरी, व्यवसाय, गृहिणी एवं सामाजिक परिवेश में परिवार समाज गांव प्रखंड जिला राज्य एवं देश के लिए उच्च शिक्षा के साथ-साथ संस्कृति एवं संस्कार को बनाए रखने की बात कही गई। सभी छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं उपहार देते हुए विद्यालय परिवार ने विदाई दी। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन पत्रकार नरेश कुमार ने किया। मौके पर अध्यक्ष होरील महतो, रूबी कुमारी सहित अन्य शिक्षक- शिक्षिकाएं अभिभावक एवं विद्यालय के सभी छात्राएं उपस्थित थे।

### जिला कांग्रेस अध्यक्ष के माध्यम से कमेटी का विस्तार किया गया



**हजरीबाग :** हजारीबाग जिला कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव द्वारा जिला कमेटी का विस्तार किया गया। कमेटी विस्तार में बड़कागांव प्रखंड से रामसेवक सोनी एवं कजरू साव पुनः जिला उपाध्यक्ष मनोनयन किए गए। वही शेख अब्दुल्ला, पंकज गुप्ता एवं कृष्णा सिंह महासचिव जबकि राजेश गुप्ता को सचिव पद पर मनोनयन किए गए। जिला अध्यक्ष द्वारा बड़कागांव को इस तरह का प्रतिनिधित्व देने पर बड़कागांव के कांग्रेसियों ने बधाई दी है।

**प्रदेश >> अपडेट**

### शहीद रघुनाथ महतो को दी गई श्रद्धांजलि

**पेटरवार** : पेटरवार स्थित गोमिया विधायक के आवास परिसर में बुधवार को विधायक डॉ लंबोदर महतो की अध्यक्षता में चुआंड विद्रोह के महानायक शहीद रघुनाथ महतो की शहादत दिवस मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान गोमिया विधानसभा डॉ. लंबोदर महतो ने कहा कि देश की आजादी में शहीद रघुनाथ महतो का अहम भूमिका रहा है । चुआंड़ विद्रोह के महानायक की आज पूरे झारखंड में राज्य के विधान सभा के क्षेत्रों में आजसू पार्टी के तत्वधान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है और ब्लड डोनेशन किया जा रहा है। उन्होंने कहा की देश के लिए जो उन्होंने अपनी जान दी है उन्हें पूरे देशवासी गर्व करती है । श्रद्धांजलि में गोमिया विधानसभा क्षेत्र के गोमिया, पेटरवार ओर कसमार प्रखंडों से आये आजसू पार्टी के काफी संख्याओं में कार्यकताओं पहुंचकर शहीद की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया।

## मिजिल्स रुबैला संक्रमण की रोकथाम हेतु प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित

# माइक्रो प्लान बनाकर लक्ष्य के विरुद्ध करें टीकाकरण

▶▶ 9 माह से 15 वर्ष तक के बच्चों को यह टीका लगाया जाएगा

**राष्ट्रीय खबर**



**पाकुड़:** जिले में मिजिल्स रुबैला संक्रमण की रोकथाम के लिए 12 अप्रैल से टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। इसे लेकर उप विकास आयुक्त मो० शाहिद अख्तर की अध्यक्षता में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई।

प्रेस वार्ता में सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल एवं डॉक्टर मनीष कुमार ने बताया कि मिजिल्स रूबैला के उन्मूलन के लिए प्रथम दो सप्ताह स्कूल में, फिर दो सप्ताह आंगनवाड़ी में और एक सप्ताह छूटे हुए बच्चो को टीका लगाया जायेगा। इसके सफल क्रियान्वयन के लिए शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, सभी पंचायती राज संस्थान एवं एनजीओ से सहयोग लिया जाएगा। शत-प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग माइक्रो प्लान बनाकर और प्रचार प्रसार से अधिक से अधिक लोगों तक इसकी जानकारी पहुंचाएंगे?। खसरा और रूबैला बीमारी को लेकर सभी प्रखंडों में प्रचार-प्रसार के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

**टीका पूरी तरह सुरक्षितः**

उप विकास आयुक्त मो० शाहिद अख्तर ने कहा कि अभियान के अंतर्गत 9 माह से 15 वर्ष तक के बच्चों को यह टीका लगाया जाएगा। अगर बच्चे ने पहले भी टीका लिया है तो भी उसे टीका दिया जाएगा। कहा खसरा रोग के सफाई तथा रूबैला को नियंत्रित करने के लिए बच्चों को यह टीका दिया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा खसरा रूबैला का टीका पूर्ण रूप से सुरक्षित है? इसका कोई दुष्प्रभाव नहीं है। बच्चों को यह टीका एक प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मी द्वारा लगाया जाएगा।

**क्या है रूबैला संक्रमण**

रूबैला एक संक्रामक रोग है। यह भी वायरस द्वारा फैलता है। इसके लक्षण खसरा रोग जैसे होते हैं, यह लड़के या लड़की दोनों को संक्रमित कर सकता है। यदि कोई महिला गर्भावस्था के शुरूआती चरण में इससे संक्रमित हो जाए तो कंजेनिटल रूबैला सिंड्रोम (सीआरएस) हो सकता है जो उसके भ्रूण तथा नवजात शिशु के लिए घातक सिद्ध हो सकता है।

मौके पर डब्ल्यूएचओ डॉ शिरीष कुमार, डॉ अमित कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी समेत अन्य मौजूद थे।

## आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत पलामू पूरे देश में दूसरे स्थान पर




▶▶ उपायुक्त ने इस सफलता के लिये जिला प्रशासन की पूरी टीम को बधाई दी

**राष्ट्रीय खबर**

**पलामूः** आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत नीति आयोग के पैरामीटर पर पलामू ने बेहतर प्रदर्शन किया है.फरवरी 2023 के डेल्टा रैंकिंग में 112 आकांक्षी जिलों में पलामू ने पूरे भारत में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इस सफलता के लिये उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने पलामू जिला प्रशासन की पूरी टीम को बधाई दी है। उन्होंने इस संबंध में कहा कि बगैर टीम वर्क के यह कार्य संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि फरवरी में जारी विभिन्न मानकों के अंक के मुताबिक पलामू को 2.902 डेल्टा स्कोर मिला है। ज्ञातव्य है कि देश के 112 पिछले जिलों को आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत सामाजिक व आर्थिक स्थिति में तेजी से सुधार करना है।

**पलामूवासी हो रहे लाभांवित**

जिला प्रशासन द्वारा जिले में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, मूलभूत सुविधाओं के विकास,कौशल विकास,जल संसाधन के क्षेत्र में बेहतर कार्य किया गया हैं जिसके परिणाम स्वरूप नीति आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के आधार पर फरवरी माह के ओवरऑल रेंक में पलामू जिला को दूसरा स्थान मिला. यह दशार्ता है कि जिले में स्वास्थ्य, पोषण,शिक्षा के साथ ही अन्य क्षेत्रों में भी बेहतर प्रदर्शन कर रहा है और जिले वासी इससे लाभांवित हो रहे हैं।

# शिक्षा बचाओ, देश बचाओ कला जत्था का पलामू की धरती पर हुआ जोरदार स्वागत

**राष्ट्रीय खबर**



**पलामू** : शिक्षा बचाओ, देश बचाओ कला जत्था का जोरदार स्वागत पलामू की धरती लोहरसी पगार में किया गया । विदित हो कि ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड पूरे राज्य में शिक्षा बचाओ देश बचाओ नारे के साथ आम आवाम को जागरूक करने हेतु कला जत्था निकाला है आज गुणवत्तापूर्ण शिक्षा इतना महंगा हो गया कि मध्यमवर्ग निम्न वर्ग के लोगों का कमर तोड़ दिया यह तबका अपने आय के अधिकांश हिस्सा शिक्षा पर खर्च करता है और जो कुछ बचाता है वह बीमारी के गाल में समा जाता है और उस पर सरकार नई शिक्षा नीति लागू कर सरकारी शिक्षा व्यवस्था को निजी हाथ में हवाले कर दिया है यह कथन है ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड के अध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद का उन्होंने सरकार के नई शिक्षा नीति की आलोचना करते हुए कहा कि इस नीति से सभी को रोजगार युक्त शिक्षा मिलना मुश्किल हो गया है परिणाम स्वरूप हम बेरोजगार का फौज खड़ा करते जा रहे हैं जिससे समाज में भुखमरी गरीबी अपराध कुपोषण युक्त समाज बनेते जा रहा है इसलिए समय रहते हमें सतर्क रहने की जरूरत है।

पलामू अतिथि सत्कार के लिए पूरे देश में जाना जाता है शिक्षा बचाओ देश बचाओ जत्था का स्वागत हमने अतिथि देवो भवः के तर्ज पर किया।

पांकी प्रखंड के लोहरसी पगार में जत्था का कार्यक्रम हुआ लोहरसी के मुखिया अरविंद सिंह ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड के उपाध्यक्ष रामानुग्र सिंह जिला के संरक्षक रामराज सिंह प्रखंड के त्रिवेणी सिंह त्रिवेणी प्रजापति संगीता कुमारी के संयुक्त नेतृत्व में उद्घाटन किया गया साथ ही साथ हजारों बच्चे, पूढ़े ,युवा ,महिला के उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ । इसी प्रकार पांकी प्रखंड के श्री राम जानकी मंदिर परिसर में प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद पांकी पूर्वी के मुखिया प्रेम प्रसाद ने फीता काटकर उद्घाटन किया फिर हजारों दर्शक के बीच कलाकारों ने अपने कार्यक्रम की प्रस्तुति दी तत्पश्चात जत्था तरहसी प्रखंड की ओर प्रस्थान किया और वहां प्रखंड के प्रमुख प्रिया कुमारी प्रखंड अध्यक्ष कपिल देव सिंह सचिव विक्रम सिंह पाटन प्रखंड के कार्यक्रम प्रबंधक शशि भूषण गिरी पाटन अध्यक्ष मनोज यादव हेमंत पांडे सरिता देवी की उपस्थिति में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ इसी प्रकार लेस्लीगंज में मुखिया रेखा देवी सांग बार मुखिया गीता देवी चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष छोटे लाल यादव जिला सचिव अजय साहु,अनिल गिरी ,विजय प्रजापति एवं सुधीर कुमार सिंह ने जत्था का स्वागत किया ।

# पेय जल संकट के निदान के लिए विधायक ने लिखा पीएम को पत्र

## पेयजल संकट से निजात दिलाने का लिये प्रधानमंत्री से किया आग्रह

▶▶ भूगर्भिय जल का स्तर पहले की तुलना में 70 से 80 फिट निचे चला गया है

▶▶ सरकारी एवं निजी नलकूप सूख गए हैं

**राष्ट्रीय खबर**



**हुसैनाबाद,पलामूः** हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में पेयजल संकट का निदान करने का आग्रह किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि झारखण्ड प्रदेश के हुसैनाबाद - हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र में पेयजल का घोर संकट उत्पन्न हो गया है उन्होंने कहा है कि विगत वर्ष बरसात में औसत से भी काफी कम बारिश होने के कारण भूगर्भिय जल का स्तर पहले की तुलना में 70 से 80 फिट निचे चला गया है । फलस्वरूप सरकारी एवं निजी नलकूप एवं पेयजल कूप सूख गए हैं । परिणाम स्वरूप आमजनों के बीच पेयजल के लिए हाहाकार मचा हुआ है। विधानसभा क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा संचालित हर घर जल-नल की महत्वकांक्षी योजना प्रारंभ नहीं हो सका हैं पलामू जिला भारत सरकार के आकांक्षी जिलों की सूची में सम्मिलित है। उन्होंने लिखा है की पालतू जानवर के साथ साथ जंगली जानवरों के बीच भी पेयजल का घोर संकट उत्पन्न हो गया है।

परिणाम स्वरूप जंगली जानवर पेयजल के खोज में जंगलों से बाहर गाँवों में आ जाते हैं। जिससे जान माल का नुकसान हो रहा है।उन्होंने प्रधानमंत्री से आग्रह किया है कि झारखंड प्रदेश के हुसैनाबाद - हरिहरगंज

# रघुवर सरकार ने अपने कार्यकाल में सिर्फ हाथी उड़ाने का काम किया:रूचिर

**राष्ट्रीय खबर**



**मेदिनीनगर** : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला उसचिव शह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि भाजपा के रघुवर सरकार के कार्यकाल में ही पूरे झारखंड में जल जंगल जमीन की लूट मची हुई थी और उसी के समय में जमीन का ऑनलाइन होने के बाद अभी भी झारखंड की पूरी जनता तंगो- तबाह है ऑनलाइन और ऑफलाइन के चक्कर में आम जनता का अंचल कार्यालय में दौड़ते दौड़ते चप्पल टूट जा रहा है वही भाजपा के राज होने के बाद ही झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री के द्वारा पदाधिकारियों को निर्देश देकर पूर्व जमींदार परिवार के जाली कागजात के आधार पर कारपोरेट एवं पत्थर माफियाओं के के नाम से केवाला करवा दिया और आज के समय में रघुवर दास के समय में वही फर्जी आम सभा को दिखला कर अनाप-शनाप पत्थर माफियाओं के नाम लिज दे दिया गया आज पूरा पलामू जिला की आम जनता पत्थर माफियाओं से परेशान है और धूल फाकने को विवश है। वहीं रघुवर दास के समय विकास के नाम पर केवल लूट मचा था इन्होंने केवल हाथी उड़ाने का काम किया। और आज जब यह सत्ता से बाहर है तो खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे वाली हाल हो गई है वे आम जनता का दर्द बयान करते फिर रहे हैं और डबल इंजन सरकार की दुहाई दे रहे हैं। जबकि अब नया टेक्नोलॉजी में डबल इंजन की कोई आवश्यकता नहीं है। भाजपा के लोग झारखंड में सत्ता से बाहर होने के बाद सत्ता के लिए छटपटा रहे हैं लेकिन इनकी हालत पानी से निकले मछली की तरह छटपटाते रह जाएगी।दोबारा इलेक्शन होने के बाद रघुवर दास को पुनः झारखंड की जनता छत्तीसगढ़ भेज देगी।

# हेमंत सरकार में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ठप : रघुवर दास



**राष्ट्रीय खबर**

**मेदिनीनगर/पलामू** : भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास पलामू प्रमंडल के दौरे पर है आज पलामू के सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता कर झारखंड में हेमंत की सरकार पर साधा निशाना ,कहा भाजपा की सरकर बन रही हैं भाजपा जो कहती है वह करती है डबल इंजन की सरकार में हमने झारखंड के लोगों की जनकल्याण का काम किया है लेकिन झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार ने 3 साल में एक भी वादे पूरे नहीं किए जमीनी हकीकत देखने के लिए हम आए हुए थे कानून व्यवस्था पूरी तरह से ठप है ट्रांसफर पोस्टिंग का उद्योग खोला हुआ है जन चौपाल में हमें जनता ने बताया की पेंशन के लिए भी आवेदन लेकर जाओ तो उसमें भी घुस मांगा जा रहा है यही जमीनी हकीकत जाने के लिए मैं आया था । जन चौपाल में सरकारी पैसों का दुरुपयोग करते हुए मुख्यमंत्री स्कूल के बच्चे को सरकारी अधिकारी को ढो ढो कर लाकर जुहारी झारखंडी यात्रा निकाल रहा है छात्रों को 60/40 नियोजन नीति बनाकर गुमराह करने का काम कर रहा है झारखंड की खनिज संपत्ती को लूटने का काम कर रही है । इसीलिए इस निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए भारतीय जनता पार्टी 3 साल इंतजार की ताकि मौका दे जितनी जल्दी हो हेमंत सरकार झारखंड से जाए उतनी जल्दी झारखंड बचेगा ।

## न्यूज फटाफट

### पीएम आवास के लाभुक विकलांग परिवारों को देनी होगी पहली प्राथमिकता : सरोज



**हरिहरगंज/पलामू** : हरिहरगंज नगर पंचायत कार्यालय में पीएम आवास के लाभुक विकलांग एवं गरीब परिवारों को प्राथमिकता न देकर संपन्न लोगों को लाभ दिया जा रहा है। यह गरीबों के साथ अन्याय है। एनसीपी गरीबों के साथ हो रहे अन्याय को कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। उक्त बातें बुधवार को हरिहरगंज एनसीपी विधायक प्रतिनिधि सह मुखिया सरोज प्रसाद कुशवाहा ने नप कार्यालय में सीएलटीसी संजय राणा को फटकार लगाते हुए कही। उन्होंने कहा कि बिना पैसा के विकलांग एवं गरीब परिवारों को पीएम आवास की किस्त की राशि नहीं दी जा रही है ।हर हाल में गरीब परिवार को पहला प्राथमिकता देना ही होगा । वहींकहा कि पीएम आवास के लाभुक प्रथम किस्त के लिए वार्ड नं 14 के पिंकी देवी, 10 के मनोरमा देवी,5 के मुन्नी देवी, दूसरे किस्त के लिए वार्ड नं 8 के रीना देवी, रंजु देवी,राधा देवी,मंजु देवी सहित कई लोग नप कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं। उक्त लोगों ने बताया कि वगैर घुस के राशि भुगतान नहीं किया जा रहा है। घुस नहीं देने पर पैसा नहीं डाला जा रहा है। इस दौरान नप के सीएलटीसी संजय राणा ने बताया कि 29 मार्च को मात्र एक दिन के लिए पैसा आया था। जिसमें 164 लाभुकों को ही तीसरे किस्त की राशि भुगतान हो सकी ।जबकि मई माह तक सभी को पीएम की राशि भुगतान हो जाएगी ।मौके पर एनसीपी नेता विजय कुमार सिंह, मोहम्मद आबिद उर्फ मुन्ना, मोहम्मद शमशाद तथा मृत्युंजय कुमार सिंह उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का हुआ उद्धाटन

**राष्ट्रीय खबर**



**हरिहरगंज/पलामू** : रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय औषधि विभाग अंतर्गत भारतीय जन औषधि परियोजना के तहत बुधवार को शहरी क्षेत्र अररुआ खुर्द मेन रोड स्थित शनि मन्दिर के समीप पीएम भारतीय जन औषधि केंद्र का बतौर मुख्य अतिथि अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह और विशिष्ट अतिथि समाजसेवी रविशंकर सिंह उर्फ बबुआ जी ने फीता काट कर किया। उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पलामू अपर समाहर्ता श्री सिंह ने कहा कि केन्द्र के खुलने के बाद लोगों को कम कीमत पर उच्च गुणवत्ता वाले दवाईयां मिलना सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि कम कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाली दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पूरे भारत में हजारों जन औषधि केंद्र खोले गए हैं ।जहां बाजार दरों से 50 से 90% कम कीमतों पर दवाएं मिलती है। जिसका ना सिर्फ गरीबों को बल्कि मध्यमवर्ग को भी बहुत फायदा होगा। वहीं समाजसेवी प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि पलामू का यह पहला केंद्र है ।जहां विभिन्न प्रकार के पोस्टिक औषधीय प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले उत्पाद आसानी से उपलब्ध है। इस अवसर पर सीओ बासुदेव राय , शिवालया कम्पनी के लाइजिनिंग ऑफिसर अमित कुमार, प्रोपराइटर गीता सिंह , प्रमोद कुमार सिंह, एनसीपी प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह शिक्षक अजय कुमार सिंह, युगेश सिंह मुन्ना विश्वकर्मा, जितेंद्र पासवान, सुनील यादव, रामाशंकर सिंह ,ब्रजेश सिंह, प्रज्ञा सिंह, प्राची सिंह,राघव पाण्डेय , अवधेश मेहता आदि मौजूद थे।

# परीक्षा देने से वंचित रह गए सात छात्राएं जिसके कारण छात्राओं का रो रोकर हुआ बुरा हाल

**राष्ट्रीय खबर**



**पेटरवार** : पेटरवार झारखंड अधिविध परिषद (जैक) की लापरवाही के कारण इंटर मीडियम परीक्षा के अंतिम दिन परीक्षा देने से वंचित रह गए सात छात्राएं जिसके कारण छात्राओं का पूरा मेहनत बेकार चला गया। प्लस टू उच्च विद्यालय पेटरवार में चल रहे इंटर मीडियम परीक्षा के अंतिम दिन जैक की ओर से समय-सारिणी में किये गए बदलाव के कारण छात्राएं गलतफहमी का शिकार हो गयी जिसके चलते सात छात्राएं मनोविज्ञान विषय की परीक्षा देने से वंचित रह गयी। जिसके कारण छात्राओं का रो-रोकर बुरा हाल हो गया था।

बिनोद बिहारी महतो इंटर महाविद्यालय कसमार ओर पेटरवार के छात्राओं शोभा कुमारी, ललिता कुमारी, रानी कुमारी, अंजना कुमारी, गुड्डी कुमारी, सावित्री कुमारी ओर लक्ष्मी कुमारी ने बताया कि जैक के सिड्यूल के अनुसार इंटर मीडियम की परीक्षा हमेशा द्वितीय पाली में ली जाती रही है लेकिन पांच अप्रैल को होने वाली इंटर मीडियम परीक्षा के अंतिम दिन मनोविज्ञान विषय की परीक्षा प्रथम पाली में कर दिया गया। हमलोग द्वितीय पाली की परीक्षा देने के लिए परीक्षा केंद्र आये तो यहां बताया गया कि परीक्षा चल रही है जिसके कारण परीक्षा देने से वंचित हो गए और हमलोगों का साल भर का मेहनत बेकार चला गया।

## शहर >> अपडेट

### चापी बाजार से बाइक की चोरी

**कुडू** : थाना क्षेत्र के बड़की चापी साप्ताहिक बाजार से एक बाइक की चोरी हो गई है। चोरी की घटना को लेकर जरियो निवासी जितेंद्र उरांव ने कुडू पुलिस से लिखित शिकायत की है। बताया कि हीरो पैशन प्रो जेएच 01 बी वी-0715 जो उसके जीजा के नाम झीरगा उरांव के नाम पर है। सोमवार की शाम चापी बाजार में लगाकर खरीदारी करने गया था कुछ देर बाद लौटने पर बाइक को गायब पाया।

## सिटी अपडेट्स >>

### खेल-खेल में बच्चा को लगा कांटी, रिम्स रेफर

**कोडरमा:** जयनगर थाना अंतर्गत तिलैया डैम में एक बच्चा खेल-खेल में कांटी से पेट में चुभ जाने से घायल हो गया। घायल की पहचान पियुष कुमार उम्र 10 पिता ग्राम तिलैया डैम के रूप मे हुई है। मिली जानकारी के अनुसार अपने घर मे खेलने के दौरान एक बच्चा को पेट मे कांटी लगने से गंभीर रूप मे घायल हो गया। उसे सदर अस्पताल लाया गया जहाँ इलाज करके गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

### मनरेगा योजनाओं का हुई समीक्षा

**कुडू:** प्रखण्ड कुडू के सभागार में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार के द्वारा मनरेगा योजनाओं का समीक्षा बैठक किया गया. जिसमें सभी पंचायत को मुख्य रूप से वित्तीय वर्ष 2023-24 का श्रम बजट के अनुरूप मानव दिवस का सृजन करने, मनरेगा मजदूरों का शतप्रतिशत आधार प्रविष्टि, वीर शहीद पोटो हो खेल मैदान की योजना को यथाशीघ पूर्ण करने एवं पूर्व की योजनाओं को बन्द करने संबधी निर्देश दिया गया। बैठक में मनरेगा श्रमिकों का शत प्रतिशत आधार प्रविष्टि नहीं करने वाले चार पंचायत के ग्राम रोजगार सेवक मुकेश कुमार पंचायत जिंगी, मो० समसुल पंचायत ककरगड़, संदीप यादव पंचायत कुडू एवं श्रीवास्तव भगत पंचायत लावागाई का माह मार्च 2023 का मानदेय स्थगित करने का निर्देश दिया गया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### पुराने मामले को करे निष्पादन : एसीडीपीओ

**पाकुड़:** बुधवार को पाकुर एसडीपीओ अजीत कुमार विमल के अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में मासिक अपराध गोष्ठी का समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया तथा उपस्थित सभी पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने बैठक में उपस्थित सभी थानेदारों अपने-अपने क्षेत्र में व्यापक गस्ती करने, अपराध पर लगाम लगाने, जुआरियों शराबियों, बैंक ,एटीएम, पेट्रोल पंप, मोटरसाइकिल चोर गिरोह, आदि पर अपनी कड़ी नजर बनाए रखने का आदेश दिया। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों से स्पष्ट कहा कि शीघ्र से शीघ्र मार्च के पूर्व मामले को निष्पादन करे। अपराध निमंत्रण मुख्य उद्देश्य रखें। जिले में अमन-चैन और शांति बहाल रहे इस पर बराबर निगरानी रखें। बैठक में पाकुड़ हिरणपुर लिट्टीपाड़ा के थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

### भाजपा मनाएगी 6 अप्रैल को 44 वां स्थापना दिवस

**पाकुड़:** 6 अप्रैल को 44 वा स्थापना दिवस को लेकर भारतीय जनता पार्टी पाकुड़ जिला के पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष की एक बैठक पाकुड़िया के शहरपुर में जिला अध्यक्ष अमृत पांडे के नेतृत्व में की गई।बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश मंत्री मिस्त्री सोरेन, प्रदेश मंत्री शर्मिला रजक, लोकसभा संयोजक संजीव भगत ,लोक सभा विस्तारक मनोज सिंह उपस्थित रहे।

# जल,जंगल,जमीन की लुटेरी है हेमंत सरकार : रघुवर दास

▶▶ रघुवर दास के जन चौपाल में उमड़ी भीड़

राष्ट्रीय खबर



**बालूमाथ :** बालूमाथ थाना क्षेत्र के बालू ग्राम में लातेहार विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण जनता के बीच झारखंड सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने जन चौपाल लगाया । जन चौपाल में आए हुए लोगों को संबोधित करते हुए रघुवर दास ने कहा कि हेमंत सोरेन आदिवासी सीएम होते हुए जल,जंगल,जमीन को लूट रहा है ।राज्य में ट्रांसफर पोस्टिंग का धंधा बना हुआ है । जो पदाधिकारी पैसा देकर अपना मनचाहा ट्रांसफर करा रहे हैं वे जनता को सीधा जवाब देते हैं । वह कहते हैं कि जहां जाना है जा सकते हो । पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी ने राज्य का गठन विकास के लिए किया था और जब भाजपा की सरकार राज्य में थी तो मैंने लातेहार में भाजपा का विधायक नहीं होते हुए भी लातेहार का विकास किया हूं । किसी भी राज्य के विकास के लिए एक पार्टी की सरकार 10 साल तक होनी चाहिए ।तभी राज्य का विकास संभव है । सरकारी पदाधिकारी गरीब ग्रामीणों को अपने कार्यालय में बैठने के लिए कुर्सी नहीं दे सकते हैं । इसी को देखते हुए हमारी सरकार ने 181 डायल लागू किया था ताकि गरीब की समस्या का समाधान हो सके ।और यह सरकार इसे बंद कर दिया है ।चोर कांग्रेसी,जेएमएम के लोग 60 साल तक राज किया है और सभी लोग इकट्ठा कर मोदी सरकार को हटाने की बात करते हैं। मोदी जी ने कहा है कि ना खाऊंगा ना खाने दूंगा । उन्होंने लोगो से कहा कि इस बार आप लोगों ने एक बार गलती कर दी है इसलिए आने वाले चुनाव में आप लोग भारतीय जनता पार्टी को सहयोग करें ।और पूरे देश में 2024 लोकसभा सीट चुनाव में 400 सीट एवं झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनाएं । उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि 11 अप्रैल को रांची आना है ताकि सरकार के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी बिगुल फूंक सकें ।वही जन चौपाल में पूर्व विधायक प्रकाश राम ने कहा कि हमारे विधायक कार्यकाल और रघुवर सरकार ने हम लोगों ने डिग्री कॉलेज के लिए बिल्डिंग बना दिया लेकिन आज तक शिक्षक की बहाली नहीं हुई । वही बालूमाथ में डिग्री कॉलेज का नोटिफिकेशन होने के बाद भी डिग्री कॉलेज नहीं खोला गया। लातेहार जिला में ओबीसी का आरक्षण जीरो कर दिया गया है ।उन्होंने कहा कि राज्य में बालू,पत्थर,कोयला में लूट मचा हुआ है। लेकिन बोरा से जलावन का कोयला ढोने वाले को यहां की पुलिस जेल भेजती है । वही मंच संचालन प्रेम प्रसाद गुप्ता ने किया । जन चौपाल में बढ़न सिंह,उपेंद्र साव शिवकुमार तैचुन,मीना देवी,दामोदर साब,वीरेंद्र प्रसाद प्रसाद गुप्ता,दशरथ ठाकुर,देवनंदन साहू,राम कुमार गुप्ता गंगेश्वर यादव समेत कई लोगों ने जन चौपाल को सम्बोधित करते हुए अपनी अपनी समस्या रखी । इससे पूर्व आये हुए अतिथीयों ने श्यामा प्रसाद1 मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की ।वही भाजपा जिला अध्यक्ष हरे कृष्णा सिंह ने आए हुए अतिथियों का स्वागत भाषण देते हुए लोगों का स्वागत किया । वही रघुवर दास का स्वागत कार्यकर्ताओ ने 51 किलो का फूलों का माला पहनाकर किया । इस जन चौपाल में पूर्व पार्षद प्रवीण सिंह,नीलम यादव,राजधानी यादव,पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहू,शैलेश सिंह कृष्णा यादव,अर्जुन कुमार,सूरज कुमार साह,मुकेश सिंह,अनिल उरांव,अशोक साहू समेत भारी संख्या में लोग मौजूद थे ।

## मजदूर किसान संघर्ष रैली, लाखों मेहनतकशों ने दिल्ली में दी दस्तक

▶▶ झारखंड से दस हजार से ज्यादा मजदूर किसानों ने की भागीदारी

राष्ट्रीय खबर



**कोडरमा:** सीटू, किसान सभा और खेत मजदूर यूनियन के संयुक्त तत्वावधान में देश के लाखों मजदूर किसानों ने बुधवार 5 अप्रैल को दिल्ली के रामलीला मैदान में विशाल जनसभा आयोजित किया। इस दौरान सांप्रदायिक कॉरपोरेट गठजोड़ के जनविरोधी और राष्ट्र विरोधी नीतियों के खिलाफ, मजदूरों को गुलाम बनाने वाले चार लेबर कोड निरस्त करने, असंगठित, ठेका और आऊट सोर्सिंग कामगारों को प्रतिदिन न्यूनतम 600 रुपए वेतन का भुगतान सुनिश्चित करने, किसानों को उनके उपज पर एमएसपी दिए जाने की गारंटी करने, मनरेगा में दो सौ दिन का काम और 600 रुपए मजदूरी देने, महंगाई पर रोक लगाने, खाली पड़े सभी रिक्त पदों पर अविलंब बहाली करने, राष्ट्रीय संपत्ति की बिक्री पर रोक लगाने, दवाओं समेत सभी आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर नियंत्रण लगाने, बिजली अधिनियम संशोधन 2020 वापस लेने और सार्वजनिक क्षेत्र के उधमों को निजी हाथों में सौंपने का काम बंद करने समेत देश के मेहनतकशों की 14 सूत्री ज्वलंत मुद्दों पर आगामी संघर्ष का एलान किया। इसके अंतर्गत मई महीने में व्यापक अभियान चलाकर जून माह में सभी राज्यों की राजधानियों में विशाल प्रदर्शन आयोजित किया जायेगा। रैली में शामिल मजदूर नेता और सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने बताया कि रैली में जीवन जीविका पर मोदी सरकार के बढ़ते हमले के खिलाफ एकजुट संघर्ष का एलान किया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रभावी और ऐतिहासिक रैली में देश के मजदूरों और किसानों का एक मंच पर आकर और साथ मिलकर संयुक्त आंदोलन का एलान करना देश की जनपक्षीय राजनीति के लिए एक बड़ा संदेश है। रैली में कोडरमा जिला सहित झारखंड से करीब दस हजार मेहनतकशों ने हिस्सा लिया।

## लंबित कांड एवं यूडी केस का जल्द करें निषपादन एसडीपीओ



राष्ट्रीय खबर

**महेशपुर (पाकुड़):** एसडीपीओ नवनीत हेम्ब्रम ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में मासिक अपराध गोष्ठी की। मासिक अपराध गोष्ठी में एसडीपीओ ने बारी-बारी से थानों के लंबित कांडों, यूडी से संबंधित लंबित कांडों, पूर्व से तथा विगत माह तक के सभी प्रकार के लंबित व प्रतिवेदित कांडों की समीक्षा करने के पश्चात उसके त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया।

अपराध गोष्ठी में गुड फ्राइडे एवं ईस्टर संडे पर्व को ध्यान में रखते हुए सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया। थाना क्षेत्र में चल रहे अवैध जुआ एवं लॉटरी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही अंतर्राज्यीय अपराधियों पर विशेष निगरानी रखने का सख्त निर्देश दिया। गोष्ठी में फिरारियों की सूची तैयार कर सत्यापन करने,वारंटियों की गिरफ्तारी करने,नियमित रूप से दिवा,संध्या और रात्रि गश्ती करने का निर्देश दिया। साथ ही शराब के नशे में वाहन चलाने वालों पर पैनी नजर बनाए रखने का निर्देश दिया गया। गोष्ठी में सभी थाना प्रभारियों को एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के द्वारा अपराध गोष्ठी में दिए गए निदेर्शों का अनुपालन करना सुनिश्चित करें। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निदेशार्नुसार थाने में आने वाले लोगों के लिए पंजी का संधारण में आने की वजह लिखेंगे।

## ट्राईबल सेल्फ रूल सिस्टम में जनतांत्रिक सुधार अनिवार्य



राष्ट्रीय खबर

**महेशपुर (पाकुड़):** माझी परगना आदि के नाम से दुकान चलाने वालों को सेंगेल सावधान करना चाहती है कि आदिवासी गांव-समाज को अब और बर्बाद और गुलाम बनाना बंद करें।

जनतंत्र और संवैधानिक सुधारों के साथ जनहित में काम करना शुरू करें अन्यथा सेंगेल उनका भी विरोध करेगा और पुतला दहन करेगा। उक्त बातें बुधवार को कल्याण छात्रावास परिसर में सेंगेल अभियान के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष देवनारायण मुर्मू ने बैठक के दौरान कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा।

केंद्रीय संयोजक लक्ष्मी नारायण किस्कु ने बताया कि संथाल परगना और भारत के अन्य प्रदेशों में भी आदिवासी स्वशासन व्यवस्था या ट्राईबल सेल्फ रूल सिस्टम में जनतांत्रिक और संवैधानिक सुधार जनहित में अविलंब अनिवार्य है। जिसे पूर्व सांसद सालखन मुर्मू के नेतृत्व में आदिवासी सेंगेल अभियान करने को बाध्य है।

## आवासीय विद्यालय की छात्राओं को मुंह एवं दांतों के रख रखाव की जानकारी दी

राष्ट्रीय खबर



**कोडरमा:** बुधवार को राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ शरद कुमार के नेतृत्व में एन ओ एच पी की जिला स्तरीय टीम ने मरकच्चो के झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के कक्षा छह से कक्षा आठ तक के छात्राओं को मुंह एवं दांतों के रख रखाव कैसे किया जाए, इसकी जानकारी दी गयी। साथ ही दोनों विद्यालयों की 250 छात्राओं की ओरल स्क्रीनिंग भी की गई। डॉ शरद कुमार ने छात्राओं को बताया कि रात में सोने से पहले ब्रश अवश्य करें, क्योंकि रात में खाने का कोई भी अंश अगर मुँह में रह गया तो उससे दांतो में कीड़े लगते है और मसूढो की बीमारियां होती है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोडरमा के दन्त चिकित्सक डॉ सोमेश द्वारा मुँह, दाँत एवं मसूढो के मॉडल पर ब्रश करने का तरीका बताया गया, साथ ही मुँह एवं दांतो से संबंधित गलत आदतों से सावधान रहने को कहा गया। ज्ञात हो कि पूरे भारत वर्ष में 20 मार्च से 20 अप्रैल तक राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहद ओरल स्क्रीनिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में जो भी तीन राज्यो में सबसे ज्यादा ओरल स्क्रीनिंग होगा, वैसे राज्यो को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा जबकि झारखंड राज्य में राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहद सबसे ज्यादा ओरल स्क्रीनिंग करने वाले तीन जिलों को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ शरद कुमार ने बताया कि लगातार कोडरमा जिला में राष्ट्रीय मुँख स्वास्थ्य कार्यक्रम के मानकों के अनुसार कार्य करते हुए राज्य स्तर पर बेहतर कार्य हो रहा है । डॉ शरद कुमार ने बताया कि 20 मार्च से अब तक जिले में लगभग चौदह हजार लोगों का ओरल स्क्रीनिंग किया जा चुका है और यह सिलसिला 20 अप्रैल तक जारी रहेगा।

### पिपराडीह रेलवे स्टेशन में 230वां लाइफ लाइन एक्सप्रेस प्रोजेक्ट का उद्घाटन

## स्वास्थ्य लाभ की सुविधा हासिल करें: अकेला

राष्ट्रीय खबर



**कोडरमा:** बुधवार को पिपराडीह रेलवे स्टेशन में 230वां लाइफ लाइन एक्सप्रेस प्रोजेक्ट का उद्घाटन विधायक बरही उमाशंकर अकेला यादव, जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, उप विकास आयुक्त ऋतुराज व इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन के अधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में विधायक अकेला यादव ने कहा कि जिले में पहली बार हाईटेक चिकित्सा सुविधा झारखंड सरकार एवं जिला प्रशासन कोडरमा के संयुक्त प्रयास से उपलब्ध कराया जा रहा है। इसमें कैंसर से लेकर दांतो के परीक्षण तक निःशुल्क इलाज की सुविधाएं उपलब्ध हैं। चिकित्सीय सुविधाएं 05 से 25 अप्रैल 2023 तक पिपराडीह रेलवे स्टेशन में उपलब्ध रहेंगी। इनका लाभ आप सभी जिलेवासी एवं ग्रामीण अवश्य प्राप्त करें । जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि अधिक से अधिक संख्या में इस हेल्थ कैंप में भाग लें और अपना हेल्थ चेकअप करायें। उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने बताया कि 230वां लाइफलाईन एक्सप्रेस प्रोजेक्ट के तहत अलग-अलग रोगियों के लिए अलग-अलग तिथियों में उपचार किए जाएंगे जिनके लिए पहले आंख की जांच एवं मोतियाबिंद की सर्जरी दिनांक 05 अप्रैल से 10 अप्रैल 2023 तक, कान की जांच और कान की सर्जरी दिनांक 12 अप्रैल से दिनांक 16 अप्रैल 2023 तक, मुड़े हुए पैर का परिक्षण एवं सर्जरी दिनांक 18 अप्रैल से दिनांक 20 अप्रैल 2023 तक, स्तन औ? ग्रीवा कैंसर जागरुकता एवं परिक्षण दिनांक 05 अप्रैल से 10 अप्रैल 2023 तक, दांत की जांच एवं उपचार दिनांक 20 अप्रैल से 25 अप्रैल 2023 तक औ? बी.पी व शुगर की जांच दिनांक 5 अप्रैल से 25 अप्रैल 2023 तक किया जायेगा। उपरोक्त स्वास्थ्य जांच हेतु ओपीडी का समय पूर्वाह्न 09 बजे से अपराह्न 04 बजे तक निर्धारित है।

## न्यूज फटाफट

### डीएवी पब्लिक स्कूल में नए सत्र की कक्षाएं शुरू

झुमरीतिलैया: डीएवी पब्लिक स्कूल में बुधवार से दसवीं और बारहवीं की कक्षां सत्र 2023- 24 के लिए प्रारंभ की गई। सभी बच्चे बड़े ही उत्साह के साथ अपने विद्यालय में उपस्थित हुए। प्रार्थना सभा में सभी बच्चों ने शांत मन से मंत्रोच्चारण किया। विद्यालय में कक्षा संचालन से पहले हवन का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों और शिक्षकों ने बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया। उसके पश्चात सभी बच्चे नयी कक्षाओं में गए। विद्यालय की प्रभारी शिक्षिका मौसुमी मल्लिक ने सभी बच्चों का स्वागत किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### सदर अस्पताल कोडरमा में हुआ सफल ऑपरेशन

कोडरमा: जिला प्रशासन के मार्गदर्शन से डॉ अनिल कुमार (सीएस) के निरीक्षण में सदर अस्पताल में आयुष्मान के तहत लगातार सर्जरी किया जा रहा है, इसी क्रम में बुधवार को सदर अस्पताल कोडरमा में पहली बार विजाईनल हिस्टरेक्टॉमी (बच्चेदानी का ऑपरेशन) का सफल ऑपरेशन किया गया। सदर अस्पताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ के आ जाने से रोज ऑपरेशन हो रहे है। विजाईनल हिस्टरेक्टॉमी (बच्चेदानी का ऑपरेशन) में डॉक्टर कर्नल त्रिलोकेशवर महतो, डॉ कुमार सौरभ, डॉ संदीप सिंह एवं ऑपरेशन थिएटर के सभी स्टाफ मौजूद थे। वही सीएस डॉ अनिल कुमार ने बताया कि स्त्री रोग में यह बहुत ही क्रिटिकल सर्जरी होती है। डॉ धनजय कुमार ऑर्थोपेडिक के द्वारा प्रत्येक दिन हड्डी का ऑपरेशन भी किया जा रहा है, इससे कोडरमा जिले के सभी निवासी को काफी फायदा हो रहा है। पहले लोगो को इधर उधर प्राइवेट हॉस्पिटल या दूसरे जिले जाकर ऑपरेशन करना पड़ता था ।

### पांच दिनों के बाद भी मृतक की पहचान नहीं

**कोडरमा:** जिले के करमा और छतरबर पंचायत की सीमा पर चिल्लीटांड जंगल में रईसो डैम के पास संदिग्ध अवस्था में मिले शव की पहचान पांच दिनों के बाद भी नहीं कर सकी है। साथ ही पुलिस आरोपियों को ढूंढ पाने में भी विफल रही है। ज्ञात हो कि युवक (30 वर्ष) का शव बरामद किया गया। उक्त शव खैर के पेड़ से लटका था। घटना की सूचना पाकर एएसपी प्रवीण पुष्कर, थाना प्रभारी द्वारिका राम और पुलिस टीम पहुंची। उन्होंने बताया था कि शरीर पर चोट के निशान हैं और मामले की पड़ताल की जा रही है। इस मामले में खोजी कुत्ते को भी मंगाया गया पर नतीजा सिफर रही। इधर युवक की अबतक शिनाख्त नहीं हो पायी है, वहीं युवक की हत्या कर शव को वहां रखकर आत्महत्या का रूप देने की आशंका व्यक्त की गयी थी। इधर इस बाबत कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम नें दूरभाष पर बताया कि मृतक की पहचान करने और सुराग लगाने का लिए पुलिस प्रयास कर रही है।

### पेड़ों को काटने का आरोप, एसडीओ को आवेदन

**मरकच्चो:** नवलशाही थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत पुरनानगर के टोला मंझलानगर स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय के खेल मैदान गैरमजरूवा खास खाता नंबर 104, प्लॉट 2326, रकवा 3.96 डिसमिल में वर्ष 2008 में समतली करण कर लगाए गए पेड़ को काट कर हटा देने का मामला प्रकाश में आया है। जिसे लेकर विद्यालय के सदस्य मुमताज मियां, आसमा खातून, मो मुस्लिम मियां, असगर अली, मालती देवी, रफिन खातून, गायत्री देवी एवम ग्रामीण के बी खान, विजय राणा, अजीत राणा, मुस्ताक अंसारी, मुस्लिम मियां आदि का हस्ताक्षर युक्त आवेदन कोडरमा अनुमंडल पदाधिकारी को दिया गया है। आवेदन में कहा कि उक्त खेल मैदान में लगा पेड़ को फरीद मियां पिता अब्दुल मियां, शाहिद मियां, न्युम मियां, महबूब मियां जावेद मियां चारों के पिता फरीद मियां मौजम मियां, हुसैन अंसारी दोनों के पिता नयूम मियां, सतार मियां, परवेज अंसारी, मुर्मजा अंसारी, सफीक अंसारी, हसीना खातून, नुरेशा खातून, रुकशाना खातून, महजिदनी खातून सभी ने भूमि पर लगे पेड़ आम, महुवा, नीम, करोंज, जामुन आदि पेड़ों को काटकर ले गए। जानकारी हो कि उक्त जमीन पर कुछ महीनो पहले मरकच्चो अंचलाधिकारी राम सुमन प्रसाद, डोमचांच अंचल निरीक्षक श्रीराम पासवान एवं नवलशाही थाना प्रभारी पंचम तिग्गा के द्वारा भी सरकार के द्वारा उपलब्ध कराए गए पेड़ को भी लगाया गया था जहां सरकारी बोर्ड भी लगाया गया है।

### टोल प्लाजा का सम्पूर्ण नाकेबंदी किया गया

**कोडरमा :** राष्ट्रव्यापी कार्यक्रमके तहत झारखंड प्रदेश कांग्रेस के आदेश अनुसार आज बरही टोल प्लाजा का संपूर्ण नाकेबंदी किया गया।लोकतंत्र की हत्यारी मोदी सरकार के द्वारा अदानी महाघोटाले पर चुप्पी के विरोध में कोडरमा युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशरफ अली एवं हजारीबाग जिला युवा कांग्रेस के द्वारा बरही टोल प्लाजा का संपूर्ण नाकेबंदी किया गया। टोल प्लाजा के 2 घंटे के सांकेतिक जाम कार्यक्रम में मुख्य रूप से बरही के लोकप्रिय विधायक उमाशंकर यादव अकेला, प्रदेश कांग्रेस सचिव मनोज सहाय पिंकू, बरही प्रखंड अध्यक्ष इकबाल राजा, मन्नान वारसी, अल्पसंख्यक युवा नेता सोनू वारसी,युवा विधानसभा प्रभारी चांद आलम उपस्थित हुए जबकि युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशरफ अली ने कहा कि हम सबो के लोकप्रिय नेता श्री राहुल गांधी जी का संसदीय सदस्यता रद्द किए जाने के खिलाफ एवं केंद्र सरकार के हिटलरशाही नीति के विरोध में बरही टोल प्लाजा का संपूर्ण नाकेबंदी किया गया ।जिसमे मुख्य रूप से युवा कांग्रेस चंदवारा प्रखण्ड के अध्यक्ष अनिल कुमार दास ,युवा उपाध्यछ हसन इमाम,युवा सचिव जमाल हुसैन ,चंद अंसारी , संजय कुमार ,मानो जी,मो सादाब ,प्रकाश राजा ,सतीश यादव ,बिटू सिंह,अताउल्लाह अंसारी,परवेज अंसारी सहित सैकड़ों युवा कांग्रेस के साथी राहुल गांधी जिंदाबाद, राहुल गांधी मत घबराना तेरे पीछे सारा जमाना, के नारों के साथ जाम कार्यक्रम की सफलता हेतु उपस्थित हुए।

### भव्य शोभा यात्रा निकली जयकारों से गूंजा शहर

**कोडरमा :** श्री हनुमान संकीर्तन मंडल की देखरेख मेँ आयोजित दो दिवसीय हनुमान जयंती के मौके पर तिलैया शहर मेँ भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। जिसमें काफी संख्या मेँ भक्त गण शामिल हुए। शोभा यात्रा स्टेशन रोड स्थित हनुमान मंदिर से निकली और झंडा चौक होकर सभी प्रमुख सडकों से गुजरकर भदानी रोड स्थित्त आयोजन स्थल पर पहुंची । शोभा यात्रा मेँ शामिल भक्त गण लगातार हनुमान जी के जयकारे लगा रहे थे। साथ मेँ आगे आगे भगवान का दरबार सजा वाहन चल रहा था। मौके पर संकीर्तन मंडल के अध्यछ विमल मोदी ने बताया की आज से शुरू दो दिवसीय आयोजन के पहले दिन सुन्दर कांड पाठ शुरू हो गया है। फिर सवा 25 घंटे के अखंड ज्योत के साथ भजन समेत अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। मौके पर काफी संख्या मेँ भक्तों की भीड़ उमड़ी है। मौके पर पूर्व जिप अध्यछ शालिनी गुप्ता पहुंची और इसमें शिरकत की साथ ही पाठ भी किया ।

### देश के पहले स्वतंत्रता सेनानी थे रघुनाथ महतो : आजसू

पाकुड़: जिला आजसू कार्यालय में नायक रघुनाथ महतो शहादत दिवस आजसू जिला अध्यक्ष आलमगीर आलम के नेतृत्व में मनाया गया।जिला अध्यक्ष आलमगीर आलम ने कहा की जब ईस्ट इंडिया कंपनी ने जमीन की मालगुजारी लेनी शुरू की थी, तो 1769 में रघुनाथ महतो के नेतृत्व में चुहाड़ विद्रोह शुरू किया गया था। अंग्रेज और उनके पिट्ठू जमींदारों ने घृणा प्रदर्शित करने के लिए इसका नामकरण चुहाड़ किया था। उन्होंने कहा सन 1769 में छोटानागपुर के इलाके में एक विद्रोह हुआ। यह विद्रोह अंग्रेजी हुकूमत द्वारा जल, जंगल और जमीन के लिए किया गया सबसे पहला विद्रोह था। हालांकि इस विद्रोह के दौरान रघुनाथ महतो एवं उनके अनेक साथी शहीद हो गए। परंतु, इस विद्रोह की अनुगूंज बाद के विद्रोहों में साफ सुनाई दी।मौके पर,जिला मीडिया प्रभारी- अहमादुललाह, जिला उपाध्यक्ष- कमलेश कुमार गुप्ता, सिता पहाड़ी पंचायत अध्यक्ष- अजहारूल इस्लाम, इसकपूर पंचायत अध्यक्ष - सफिकूल शेख , सारिफुल शेख, मुस्तफा शेख, मजिबुर रहमान, नूरिस्लाम इस्लाम, मोहिदुल, मोईमुल, जाकिम,सरफराज,सद्दाम और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### कशिश की घातक गेंदबाजी से जाकिर हुसैन कॉलेज जीता



**नयी दिल्ली :** मैन ऑफ द मैच कशिश (19 रन पर पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी की मदद से जाकिर हुसैन कॉलेज ने चौथे श्री गुरु नानक देव इंटर कॉलेज टी20 टूर्नामेंट में रामलाल आनंद (आरएलए) कॉलेज को नौ विकेट से शिकस्त दी। मेजबान श्री गुरु नानक देव खालसा कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. गुरमोहिंदर सिंह ने टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। आरएलए कॉलेज की टीम 16.5 ओवर में 91 रन पर ऑल आउट आउट हो गयी। तुषार ने सर्वाधिक 34 रन बनाये, लेकिन कशिश और अभिन्न (दो रन पर दो विकेट) की कातिलाना गेंदबाजी ने आरएलए को संभलने का मौका नहीं दिया। जवाब में जाकिर हुसैन कॉलेज ने 9.4 ओवर में एक विकेट पर 95 रन बनाकर मैच जीत लिया। हार्दिक ने नाबाद 37 जबकि अभिषेक ने नाबाद 31 रन बनाये। खालसा कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. राजवंत सिंह ने बताया कि टूर्नामेंट में दिल्ली विश्वविद्यालय के आठ कॉलेजों की टीमें लीग एवं नॉकआउट आधार पर भाग ले रही हैं।

### सऊदी अरब के क्लब के साथ जुड़ेंगे लियोनेल मेसी

**नई दिल्ली:** लियोनेल मेसी वर्तमान में पेरिस सेंट जर्मन की ओर से खेलते दिखाई दे रहे है मगर क्लब और मेसी का साथ अधिक दिनों लंबा जाता नहीं दिख रहा है। दोनों का भविष्य एक साथ में काफी अनिश्चित दिख रहा है। आधिकारिक कॉन्ट्रैक्ट के मुताबिक लियोनेल मेसी वर्तमान में क्लब से सिर्फ कुछ ही महीनों के लिए जुड़े रहेंगे। वहीं इस कॉन्ट्रैक्ट को दोराबा रिन्यू किए जाने की कोई संभावना नजर नहीं आई है।माना जा रहा है कि फॉरवर्ड लियोनेल मेसी को सऊदी प्रो लीग के अल हिलाल से एक आकर्षक प्रस्ताव मिला है। इतालवी पत्रकार फैब्रिजियो रोमानो ने सूचित किया है कि अल हिलाल अर्जेंटीना के सुपरस्टार को 400 जितना भुगतान करने को तैयार है। हालांकि, रोमानो ने ये संभावना भी जताई है कि अल हिलाल से इतनी बड़ी रकम मिलने के बाद भी मेसी की प्राथमिकता यूरोप में खेलना हो सकती है।गौरतलब है कि लियोनेल मेसी कतर में आयोजित हुए फीफा विश्व कप में विजयी होने के बाद से पेरिस के साथ एक नए कॉन्ट्रेक्ट में शामिल होने को लेकर भी चर्चा कर रहे है। ये भी संभावना जताई जा रही है कि लियोनेल मेसी पैरिस सेंट जर्मन क्लब के साथ अपने अनुबंध को गर्मियों से आगे तक के लिए लेकर जा सकते है।

**आईपीएल** आईपीएल में गुजरात जायंट्स के हाथों मिली छह विकेट की हार के बाद स्वीकार किया है कि

# हमारे बल्लेबाज बड़ा स्कोर बनाने में असफल रहे हैं : अगरकर

**एजेंसियां**



**नयी दिल्ली :** दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजी कोच अजीत आगरकर ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गुजरात जायंट्स के हाथों मिली छह विकेट की हार के बाद स्वीकार किया है कि उनके बल्लेबाज अब तक टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। अरुण जेटली स्टेडियम पर मंगलवार को खेले गये मैच में दिल्ली ने 20 ओवर में 162 रन बनाये, जबकि गुजरात ने 163 रन का लक्ष्य 18.1 ओवर में हासिल कर लिया। इससे पहले लखनऊ सुपरजायंट्स ने दिल्ली को उसके पहले मुकाबले में 193 रन का लक्ष्य दिया था, जबकि डेविड वॉर्नर की टीम 143 रन तक ही पहुंच सकी थी। आगरकर ने मैच के बाद कहा, मुझे लगता है कि हम एक टीम के रूप में अच्छा नहीं खेले। हमारा ऊपरी क्रम असफल रहा और कोई भी आवश्यक रन नहीं बना सका। हम दोनों मैचों में ही रन नहीं बना सके। हमें निश्चित ही सुधार करने की जरूरत है, क्योंकि हम इस टूर्नामेंट में कई मजबूत टीमों का सामना कर रहे हैं। दिल्ली की चिंताएं मुख्यतः ऊपरी क्रम से जुड़ी हैं। सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर जहां तेजी से रन बनाने में नाकाम रहे हैं, वहीं पृथ्वी शॉ और सरफराज अहमद तेज गेंदबाजों के आगे संघर्ष करते नजर आये हैं। शॉ ने दो मैचों में क्रमशः 12 और सात रन बनाये हैं। पहले मैच में चार रन का स्कोर बनाने वाले सरफराज ने गुजरात के खिलाफ 30 रन बनाये, लेकिन इसके लिये उन्होंने 34 गेंदें खेलीं। आगरकर ने शॉ और सरफराज से जुड़े एक सवाल पर कहा, आप एक या दो खिलाड़ियों की वजह से नहीं हारते। मुझे लगता है कि हम एक टीम के रूप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके। हमें इसे स्वीकार करना होगा और अगले मैच में सुधार करना होगा। ये दोनों बल्लेबाज पहले भी अच्छा प्रदर्शन कर चुके हैं। ऐसा नहीं है कि हमारे पास अच्छी टीम नहीं है, हमें बस अपनी योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू करना है। बल्लेबाजों के औसत प्रदर्शन के बावजूद दिल्ली के गेंदबाजों ने बड़ी ही सूझबूझ के साथ 163 रन का बचाव किया। अग्रणी स्पिनर अक्षर पटेल के गेंदबाजी न करने के बावजूद दिल्ली ने गुजरात को 15 ओवर में 117/4 के स्कोर पर रोका हुआ था, लेकिन डेविड मिलर ने 16वें ओवर में मुकेश कुमार के विरुद्ध 20 रन जोड़कर मैच का रुख पलट दिया। अंततः गुजरात 11 गेंद रहते हुए लक्ष्य तक पहुंच गया। आगरकर ने गेंदबाजों के प्रयोग पर कहा, (अक्षर को गेंद न सौंपना) स्थिति की बात थी। मैदान पर ओस थी। अंत में दो बाएं हाथ के बल्लेबाज खेल रहे थे और दिल्ली के मैदान पर बड़े शॉट लग सकते थे। ऐसे में अक्षर को गेंद थमाना थोड़ा जोखिम भरा हो सकता था। आगरकर ने इस दौरान युवा गेंदबाज मुकेश कुमार का बचाव किया और कहा कि वह निश्चित ही इस तरह की परिस्थितियों से जरूरी अनुभव हासिल करेंगे।

## खेल जगत अपडेट्स

### राज अंगद की जगह गुरनूर पंजाब किंग्स में शामिल

**पंजाब :** पंजाब किंग्स ने



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2023 सीजन के लिये चोटग्रस्त राज अंगद बावा की जगह गुरनूर सिह बराड़ को टीम में शामिल किया है। पिछले सीजन पंजाब के लिये दो मैच खेलने वाले राज बाएं कंधे की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गये हैं। फ्रेंचाइजी ने 20 लाख रुपये की मूल कीमत पर गुरनूर को स्कॉड में शामिल किया है। बाएं हाथ के हरफनमौल बल्लेबाज गुरनूर ने दिसंबर 2022 में पंजाब के लिये प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने पांच प्रथम श्रेणी मैचों में पंजाब का प्रतिनिधित्व करते हुए 120.22 के स्ट्राइक रेट से 107 रन बनाये और 3.80 के इकॉनमी से सात विकेट झटके हैं।

### खेल मंत्रालय ने 12 पैरा शटलरों के लिये वित्तीय सहायता को मंजूरी दी

**नयी दिल्ली :** खेल और युवा मामले मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने प्रमोद भगत और मानसी जोशी सहित 12 पैरा-बैडमिंटन खिलाड़ियों को आगामी ब्राजील पैरा-बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग लेने के लिये वित्तीय सहायता को मंजूरी दे दी है। मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि इस वित्तीय सहायता मंत्रालय की टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के तहत मंजूरी दी गयी है। साओ पाउलो में होने वाले टूर्नामेंट लेवल-2 आयोजन है और 2023 के लिये पेरिस पैरालिंपिक के सफर का हिस्सा है। यह वित्तीय सहायता एथलीटों और सहायक कर्मचारियों की यात्रा, वीजा और बीमा लागत के साथ-साथ प्रतियोगिता के लिये उनके प्रवेश शुल्क, रहन-सहन और अन्य दैनिक वित्तीय जरूरतों को वहन करेगी। अप्रैल की 19 तारीख से होने वाले टूर्नामेंट के लिये भगत और जोशी के अलावा कृष्णा नागर, सुकांत कदम, नितेश कुमार, मनोज सरकार, सुहास यथिराज, तरुण ढिल्लों, मनदीप कौर, नित्या श्री, पारुल परमार और मनीषा रामदास को सहायता प्रदान की गयी है।

## केकेआर में शामिल हुए जेसन रॉय




**एजेंसियां**

**कोलकाता :** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने शाकिब अल हसन के स्थान पर इंग्लैंड के धाकड़ बल्लेबाज जेसन रॉय को आईपीएल 2023 के लिये टीम में शामिल किया है। बंगलादेश के हरफनमौला खिलाड़ी शाकिब अल हसन निजी कारणों से आईपीएल के इस सीजन में हिस्सा नहीं ले रहे हैं, जबकि केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर भी पीठ की सर्जरी करवाने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गये हैं। ऐसे में टीम ने रॉय को 2.8 करोड़ रुपये में तलब किया है, जबकि उनकी मूल कीमत 1.5 करोड़ रुपये थी। रॉय इससे पहले आईपीएल के 2017, 2018 और 2021 सीज़न में खेल चुके हैं। वह आखिरी बार 2021 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिये खेलते नजर आये थे। उन्होंने उस सीजन में पांच मैच खेलकर एक अर्धशतक सहित 150 रन बनाये थे। रॉय ने इंग्लैंड के लिये 64 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलकर 137.61 के स्ट्राइक रेट से 1522 रन बनाये हैं जिसमें आठ अर्द्धशतक शामिल हैं।

## पिछले आईपीएल से आत्मविश्वास ले सकते हैं सैमसन : स्मिथ



**एजेंसियां**

**मुंबई :** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ का मानना है कि राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पिछले सीजन अपनी टीम के प्रदर्शन से आत्मविश्वास हासिल कर इस साल भी अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। स्मिथ ने आईपीएल के आधिकारिक टीवी ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स पर कहा,संजू सैमसन एक युवा खिलाड़ी हैं, लेकिन उनके अनुभव के हिसाब से वह युवा नहीं हैं। वह आगे आकर टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। स्मिथ ने कहा, उन्होंने रॉयल्स का पिछले साल अच्छा नेतृत्व किया और टीम ने फाइनल में जगह बनायी। वह पिछले सीजन के अभियान से आत्मविश्वास लेंगे और अगर वह ऐसा करते हैं, तो मुझे लगता है कि रॉयल्स इस सीजन में भी अच्छा प्रदर्शन करेगी। रॉयल्स ने अपने पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद पर जीत दर्ज की थी और उसे अपने अगले मुकाबले में बुधवार को पंजाब किंग्स का सामना करना है। रॉयल्स की कप्तानी जहां युवा सैमसन के हाथों में है, वहीं पंजाब की कमान अनुभवी शिखर धवन संभाल रहे हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान का कहना है कि ह्यभारतीय क्रिकेट के गब्बर धवन इस टूर्नामेंट में एक बल्लेबाज के साथ-साथ एक कप्तान के रूप में भी अपनी सक्षमता साबित करने की कोशिश करेंगे। इरफान ने कहा, शिखर आईपीएल में एक वरिष्ठ खिलाड़ी और एक धाकड़ बल्लेबाज हैं। वह एक बहुत शक्तिशाली खिलाड़ी हैं, जिनके पास बहुत तेज दिमाग है। इस साल खुद को एक कप्तान के रूप में साबित करने के लिये उनकी अच्छी बल्लेबाजी जरूरी है। भारतीय टीम से बार-बार अंदर-बाहर होना उनके लिये निराशाजनक है और इसलिए वह यह जरूर साबित करना चाहेंगे कि वह अभी भी भारतीय क्रिकेट के असली गब्बर हैं।

## आईपीएल में स्ट्रगल कर रहे इस खिलाड़ी पर बरसे वीरेंद्र सहवाग

**एजेंसियां**

**नई दिल्ली:** इंडियन प्रीमियर लीग 2023 में दिल्ली कैपिटल्स की टीम दो मुकाबले गंवा चुकी है। इस लीग में टीम के नियमित कप्तान ऋषभ पंत की अनुपस्थिति में डेविड वार्नर टीम की कप्तानी कर रहे है मगर टीम के खिलाड़ी फिसड्डी साबित हो रहे है। शुरूआती दो मुकाबलों में वॉर्नर की कप्तानी में टीम ने दोनों मैच गंवा दिए। इन मुकाबलों में ओपनिंग करने डेविड वॉर्नर और पृथ्वी शॉ मैदान पर उतरे है। ओपनर के तौर पर पृथ्वी शॉ दो मुकाबलों में कोई खास कमाल नहीं कर सके है। दोनों ही मुकाबलों में पृथ्वी शॉ का फ्लॉप शो देखने को मिला है। हर मैच में पृथ्वी की खराब पर्फॉर्मेंस टीम को मुश्किलों में डाल रही है।दिल्ली कैपिटल्स का पहला मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ था। इस मुकाबले में पृथ्वी शॉ महज 12 रन के छोटे से स्कोर पर मार्क वुड का शिकार होकर आउट हो गए। दिल्ली के अपने मैदान में खेले गए दूसरे मुकाबले में भी वो जद्दोजहज करते नजर आए। इस मैच में वो पांच गेंदों में सात रन बनाकर पवेलियन लौट गए। मोहम्मद शमी ने उन्हें अपना शिकार बनाया। दोनों ही मुकाबलों में खराब प्रदर्शन करने के बाद भारतीय टीम के दिग्गज खिलाड़ी वीरेंद्र सहवाग ने उनपर गुस्सा जाहिर किया है। वीरेंद्र सहवाग ने कहा कि पृथ्वी शॉ अपनी गलतियों से सबक लेते हुए नहीं दिख रहे है। उन्होंने पृथ्वी शॉ की तुलना शुभमन गिल से करते हुए कहा कि दोनों ने साथ में अंडर 19 खेला है मगर एक आईपीएल में भी जूझ रहा है जबति दूसरा भारत के लिए तीनों ही फॉर्मेट में दमदार खेल दिखा रहा है। उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के दमदार खिलाड़ी ऋतुराज गायकवाड़ का जिक्र करते हुए कहा कि आईपीएल के एक सीजन (2021) में वो भी 600 रन बना चुके है। शुभमन गिल आज के समय में पृथ्वी शॉ से आगे निकल गए है।आंकड़ों पर नजर डालें तो पृथ्वी शॉ 65 पारियों में 24.72 के औसत से कुल 1607 रन बना चुके है। उन्होंने 65 पारियों में से सिर्फ 12 पारियों में ही अर्धशतक जड़ा है। उनका स्ट्राइक रेट 147.3 का रहा है। उन्होंने करियर में कोई बड़ी पारी नहीं खेली है।

## 'एक्शन' फिल्म में काम करेंगे आमिर खान!



**एजेंसियां**

**मुंबई :** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट एक्शन फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। आमिर खान की फिल्म लाल सिंह चड्ढा पिछले साल रिलीज हुई थी जो बॉक्स ऑफिस पर नकार दी गयी। इसके बाद से खबरें आने लगी कि आमिर ने बॉलीवुड से ब्रेक ले लिया है। बताया जा रहा है कि आमिर जल्द ही किसी एक्शन फिल्म में काम करने नजर आ सकते हैं। आमिर खान ने 'धूम 3' 'गजनी', 'सरफरोश'और 'गुलाम'जैसी एक्शन पर आधारित फिल्मों में काम किया है। बताया जा रहा है कि आमिर कई एक्शन फिल्मों की स्क्रिप्ट पर भी नजर बनाए हुए हैं। इसके लिए उन्होंने यश राज फिल्म्स से भी बात की है। यदि सबकुछ सही रहा तो आमिर बहुत जल्द एक्शन फिल्म में नजर आयेंगे।

## मिथुन चक्रवर्ती की फिल्म 'डिस्को डांसर' का बनेगा सीक्वल



**एजेंसियां**

**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती की आने वाली फिल्म 'डिस्को डांसर' का सीक्वल बनाया जायेगा। वर्ष 1982 में बी.सुभाष ने मिथुन चक्रवर्ती को लेकर सुपरहिट फिल्म 'डिस्को डांसर' बनायी थी। फिल्म की कहानी एक स्ट्रीट डांसर की थी जो गलियों से गाते हुए एक दिन सुपरस्टार बन जाता है। इस फिल्म के बाद मिथुन सुपरस्टार बन गए थे।अब फिल्म 'डिस्को डांसर' का सीक्वल बनने जा रहा है। बी. सुभाष ने फिल्म के राइट्स निर्देशक नितिन कुमार गुप्ता को बेच दिए हैं और वह फिल्म का सीक्वल 'डिस्को डांसर 2' बना रहे हैं।

## सुष्मिता सेन ने शेयर किया वर्कआउट वीडियो



**एजेंसियां**

**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेत्री सुष्मिता सेन ने सोशल मीडिया पर अपना वर्कआउट वीडियो शेयर किया है। सुष्मिता सेन को हाल ही दिल का दौरा पड़ा था। सुष्मिता फिलहाल रिकवर हो रही है। इन सबके बीच सुष्मिता ने अपने वर्कआउट सेशन से वीडियो की एक सीरीज इंस्टाग्राम पर शेयर की है। वीडियो में सुष्मिता अपनी बेटी अलीशा के साथ वर्कआउट करती नजर आ रही हैं वहीं फ्रेम में सुष्मिता के एक्स बॉयफ्रेंड रोहमन शॉल भी है। वीडियो को शेयर करने के साथ सुष्मिता ने कैप्शन में लिखा, ''इच्छा ही एकमात्र रास्ता है। अब 36 दिन, और ज्यादा ट्रेनिंग की इजाजत है! मैं जल्द ही जयपुर में आर्या की शूटिंग के लिए निकल रही हूं ।

## तापसी पन्नू ने बॉलीवुड में पूरे किए 10 साल



**एजेंसियां**

**नयी दिल्ली :** बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू ने फिल्म इंडस्ट्री में शानदार 10 साल पूरे कर लिए हैं। 'चश्मे बद्दूर' में एक न्यूकमर से एक प्रमुख अभिनेत्री तक का उनका सफर काफी प्रेरणादायक रहा है। अपने असाधारण अभिनय कौशल और फिल्मों के चुनाव के साथ उन्होंने इंड्रस्ट्री पर गहरा प्रभाव डाला है। 'बेबी' में अपने आकर्षक कैमियो से लेकर मनोरंजक कानूनी ड्रामा 'पिंक' में मीनल अरोड़ा के अविस्मरणीय किरदार और 'मुल्क' में दमदार आरती मोहम्मद तक, तापसी ने दिखाया है कि वह समाजिक मुद्दों पर आधारित चुनौतीपूर्ण भूमिकाएं निभाने से डरती नहीं हैं।

राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र

प्रथम पृष्ठ 2

रांची गुरुवार 12

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com

6:04:2023


## पूर्व सीओ पर कार्रवाई

रांचीः तत्कालीन अंचल अधिकारी सोनाहातू आलोक कुमार को असंचयात्मक प्रभाव से दो वेतन वृद्धि पर रोक लगाने का दंड दिया गया है। हालांकि, जिसका प्रतिकूल प्रभाव उनकी पेंशन पर नहीं पड़ेगा। कार्मिक विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। झारखंड प्रशासनिक सेवा के इस अधिकारी पर झारखंड के लोकपाल ने कार्रवाई का आदेश दिया था, उपायुक्त रांची ने पांच फरवरी 2019 को ही प्रपत्र क गठित कर कई आरोप प्रतिवेदित किया।

कोरोना

### राज्य में संक्रमित मरीजों की संख्या 41

# पांच माह बाद झारखंड में बढ़ी कोरोना मरीजों की संख्या, आठ जिले कोरोना की चपेट में

24 घंटे में यहां 7 नए मरीज मिले

राष्ट्रीय खबर



**रांची :** देशभर में कोरोना के मामले एक बार फिर तेजी से बढ़ने लगे हैं। पिछले 24 घंटे में कोरोना के 1912 संक्रमित मरीज मिले हैं। वहीं संक्रमण से 11 लोगों की मौत हुई है। मृतकों में छत्तीसगढ़ के 1, दिल्ली के 1, गुजरात के 1, हरियाणा के 1, कर्नाटक के 1, महाराष्ट्र के 4, पुदुचेरी के 1 और राजस्थान के 1 संक्रमित शामिल हैं। वहीं पांच महीने के बाद झारखंड में कोरोना के मरीजों की संख्या बढ़ी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक, राज्य में संक्रमित मरीजों की संख्या 41 है। बीते 24 घंटे में यहां 7 नए मरीज मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा संक्रमित मरीज राजधानी रांची में हैं। यहां मरीजों की संख्या 11 है। हालांकि राज्यभर में 3 मरीज स्वस्थ भी हुए हैं।रिम्स माइक्रोबायोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ मनोज कुमार ने कहा कि 10 से 12 आउटब्रेक के बाद पैंडेमिक खत्म होता है। यही वजह है कि कोरोना के मामले बढ़े हैं। संक्रमण का बढ़ना सीजनल वैरिएशन है। 2020 से लेकर अब तक मार्च से मई के महीने में कोरोना के मरीजों की संख्या बढ़ी है। वही ट्रेंड अभी देखने को मिल रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि भीड़भाड़ वाली जगहों में बेवजह जाने से बचें। यदि किसी व्यक्ति में सर्दी, खांसी और जुकाम के लक्षण हैं, तो अपना कोरोना जांच कराएं। रिम्स में जांच की सुविधा उपलब्ध है। हालांकि लोग जांच करवाने से बच रहे हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए.देवघर में 10, पूर्वी सिंहभूम में 09, कोडरमा में 02, हजारीबाग में 03, लातेहार में 01, लोहरदगा में 02, रामगढ़ में 02, रांची में 12 संक्रमित मरीज हैं।

## बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में अहले सुबह औचक छापेमारी, मचा हड़कंप



राष्ट्रीय खबर

**रांची :** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में आज बुधवार अहले सुबह सदर एसडीओ दीपक दुबे के नेतृत्व में छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान पुलिस अधिकारियों और जवानों ने जेल के अंदर प्रत्येक सेल की गहन तलाशी ली। इस दौरान कोई भी आपत्तिजनक सामान पुलिस के हाथ नहीं लगे। छापेमारी के कारण जेल में कुछ देर के लिए हड़कंप मच गया था। छापामारी में सिटी एसपी शुभ्रांशु जैन, कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय, सिटी डीएसपी रांची दीपक कुमार , सदर डीएसपी प्रभात रंजन बरवार,साइबर डीएसपी यशोधरा समेत कई पुलिसकर्मी शामिल रहे। झारखंड में ईडी और आयकर विभाग की कार्रवाई के बाद कई लोगों पर शिकंजा कसा जा रहा है। झारखंड के मनी लाउंड्रिंग केस के कई प्रमुख आरोपी भी इसी जेल में बंद हैं। मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा, प्रेम प्रकाश उर्फ पीपी और बच्चू यादव इस समय इसी जेल में बंद हैं। जेल में छापेमारी के पीछे सबसे बड़ी वजह होती है मोबाइल फोन। यह पहली बार नहीं, जब बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में छापेमारी हुई है। इससे पहले भी दिसंबर 2022 में छापेमारी हुई थी। रांची के साथसाथ धनबाद और हजारीबाग स्थित जेलों में बंद गैंगस्टर्स द्वारा मोबाइलसेलफोन के जरिए गिरोह ऑपरेट करने की खबर आयी थी। इसके बाद छापेमारी की गयी थी। रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल के भीतर 150 से भी ज्यादा मोबाइल सिम एक्टिव पाये गये थे। पुलिस मुख्यालय ने जेल के भीतर सक्रिय सिमकार्ड नंबर, व्हाट्सएप नंबर, आइईएमईआई नंबर और वर्चुअल नंबर के ब्योरे के साथ रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपी थी।

## हाईकोर्ट ने हजारीबाग की एसिड पीड़िता का इलाज रिम्स में करने का दिया निर्देश

राष्ट्रीय खबर

**रांची :** हजारीबाग में दिसंबर 2019 में एक नाबालिग को उसके परिचित द्वारा एसिड पिलाए जाने के मामले पर बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने इस मामले का स्वतः संज्ञान लिया है। आज सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि वह पीड़िता के आगे का ट्रीटमेंट रिम्स, रांची में कराएं। उसके इलाज का खर्च भी राज्य सरकार वहन करेगी। कोर्ट ने अगली सुनवाई में मामले के अनुसंधानकर्ता को कोर्ट में सशरीर उपस्थित रहने का निर्देश दिया है और उन्हें मामले के अनुसंधान की वर्तमान स्थिति के बारे में बताने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 10 मई को होगी।सुनवाई के दौरान पीड़िता कोर्ट में वर्चुअल मोड में उपस्थित थी। उसने एसिड पिलाने की घटना की पुष्टि की। कोर्ट में एमिकस क्यूरी अपराजिता भारद्वाज ने पक्ष रखा। दरअसल, वर्ष 2019 में हजारीबाग में एक 13 साल की बच्ची जब वह स्कूल से लौट रही थी तो उसके परिचित ने जबरदस्ती उसे एसिड पिला दिया था। जिससे उसकी हालत काफी बिगड़ गई थी। बाद में उसका एम्स पटना और रिम्स रांची में बच्ची का इलाज हुआ था। एसिड पिलाए जाने से 2 महीने तक बच्ची कुछ बोलने में असमर्थ थी। मामले को लेकर हजारीबाग के इचाक थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले को लेकर तत्कालीन चीफ जस्टिस को एक पत्र लिखा गया था। जिसके बाद एक समाचार पत्र में छपी खबर के आधार पर हाईकोर्ट ने इस मामले में स्वत संज्ञान लिया था। पूर्व की सुनवाई में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि मामले में पुलिस अनुसंधान कर रही है या नहीं। आरोपी गिरफ्तार हुआ है या नहीं। पीड़िता को एसिड पिलाने वाला लड़का कहां का है, इन सारी बातों की जानकारी कोर्ट ने सरकार से मांगी थी।

## 11वें स्थान पर फिसली झारखंड पुलिस

राष्ट्रीय खबर

**रांची :** झारखंड में बेहतर पुलिसिंग के लिए भले की लाख प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन सर्वे रिपोर्ट का दावा है कि राज्य में पुलिसिंग की स्थिति पहले की तुलना में और गिरी है। टाटा ट्रस्ट नामक संस्था की इंडिया जस्टिस रिपोर्ट- 2022 के अनुसार पिछले एक साल में राज्य की पुलिसिंग खराब हुई है। हालत यह है कि 2020 में 09 वें रैंक पर थी। वहीं साल 2021 में सुधार करते हुए छठे रैंक पर पहुंच गई, लेकिन साल 2022 में स्थिति और खराब हो गई। झारखंड पुलिस 11वें स्थान पर आ गई। एक करोड़ से अधिक आबादी वाले राज्यों में तेलंगाना पहले स्थान पर है.इंडिया जस्टिस रिपोर्ट- 2022 के मुताबिक, लोगों को न्याय दिलाने में झारखंड की स्थिति पहले की तुलना में काफी बेहतर हुई है। इस मामले में झारखंड सातवें स्थान पर है, जबकि 2020 में आठवां और 2019 में 16वें स्थान पर था। टाटा ट्रस्ट ने यह रैंकिंग देश के 18 बड़े व मध्यम राज्यों के प्रदर्शन के आधार पर तैयार की है।

## डीसी ने मोरहाबादी में ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

राष्ट्रीय खबर



**रांची :** रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बुधवार को मोरहाबादी स्थित ईवीएम वेयर हाउस की आंतरिक व्यवस्था का निरीक्षण किया। भारत निर्वाचन आयोग के तय मानकों के आधार पर राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम वेयर हाउस खोला गया। ईवीएम के रख-रखाव समेत अन्य मानकों का जायजा लिया गया। डीसी ने आयोग के निदेशों का हर हाल में पालन सुनिश्चित करने को कहा। जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की को राज्य निर्वाचन विभाग को प्रतिवेदन भेजने को कहा। बताया गया कि समय-समय पर इवीएम वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण कर रख-रखाव एवं तकनीकी उपकरणों की स्थिति से संबंधित रिपोर्ट राज्य निर्वाचन विभाग को समर्पित करना होता है।

## जागरुकता से ऑटिज्म पर काबू संभव: नि:शक्तता आयुक्त

राष्ट्रीय खबर




**रांची :** ऑटिज्म एक चुनौती है। शुरूआती दौर में इसे पहचानना मुश्किल है, लेकिन हम सब मिल कर इसे हरा सकते हैं। इसके लिए हमें लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। ऑटिज्म से पीड़ित बच्चे के माता-पिता कैसी परिस्थिति से गुजरते हैं, इसकी कल्पना करना बेहद मुश्किल है। लेकिन, परिवार के सहयोग से ये बच्चे समाज की मुख्यधारा में शामिल हो सकते हैं। ये बातें राज्य निःशक्तता आयुक्त छवि रंजन सिंह ने बुधवार को श्री कृष्ण लोक सेवा संस्थान में विश्व ऑटिज्म दिवस पर महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय जागरुकता कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहीं।निःशक्तता आयुक्त ने कहा कि राज्य में ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों का डेटाबेस हमारे पास नहीं है,क्योंकि लोग या परिवार वाले इसे खुल कर स्वीकार नहीं कर पाते। इसके लिए हमें समाज में जागरुकता लानी होगी।कार्यशाला में समेकित क्षेत्रीय केन्द्र के निदेशक जितेन्द यादव ने कहा कि राज्य सरकार और केंद्र सरकार ऑटिज्म पीड़ित बच्चों के लिए सम्मिलित रूप से जागरुकता पर कार्य कर रही है। पीड़ित बच्चों के सर्वांगीण विकास और इनके पुनर्वास के लिए भी कार्य कर रही है।डॉ। राजीव कुमार ने ऑटिज्म के बारे में बताया कि कोविड के बाद ऑटिज्म के मामलों में बढ़ोतरी हुई है। कभी-कभी एकल परिवार, गर्भावस्था के दौरान सही से देखभाल न होना, गर्भावस्था में ज्यादा तनाव लेना भी बच्चे में ऑटिज्म होने के प्रमुख कारणों में से एक हैं।

### रैंप बनाने का काम अबतक अधूरा

**रांची :** राजधानी में अहम सरकारी कार्यालयों समेत कई सार्वजनिक जगहों पर दिव्यांगजनों के लिए लिए जरूरी सुविधाओं का अभाव है। रांची समाहरणालय परिसर में यही हाल है। यहां दिव्यांगजनों के लिए रैंप बनाने का काम अबतक अधूरा पड़ा है। कब तक निर्माण कार्य पूरा होगा, इसका कोई पता नहीं है। ऐसी स्थिति में इस अहम सरकारी ऑफिस में काम से आने वाले दिव्यांगों को परेशानी को सामना करना पड़ता है।रांची समाहरणालय में डीसी, एसएसपी, एसडीओ, डीटीओ समेत कई बड़े अधिकारियों के ऑफिस हैं। यहां पर एसएसपी और एसडीओ जिस बिल्डिंग में बैठते हैं, वहां पर रैंप का निर्माण पूरा हो चुका है। लेकिन डीसी ऑफिस जाने वाले गेट के पास रैंप का निर्माण अब तक अधूरा पड़ा है। रैंप के बीच में दो गड्ढे हैं।




राहत

### ग्रामीण और शहरी उपभोक्ताओं के लिये स्कीम

## जेबीवीएनएल ने वन टाइम सेटलमेंट स्कीम ओटीएस लांच किया

राष्ट्रीय खबर



**रांची :** झारखंड के बिजली उपभोक्ताओं को बकाया बिल भुगातन करने के लिये जेबीवीएनएल ने वन टाइम सेटलमेंट स्कीम ओटीएस लांच किया है। स्कीम के तहत अधिक बकायेदारों को इसका लाभ मिलेगा। जहां ओटीएस के तहत पांच किस्तों में बिजली बिल भुगातन तो कर ही सकते है। वहीं, डिले पेमेंट सरचार्ज (डीपीएस) माफी का भी लाभ उठा सकते है। इसके तहत दिसंबर 2012 तक के बिजली बिल बकाया होने पर उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। जिसका सरल अर्थ है जिन भी उपभोक्ताओं का बिजली बिल दिसंबर 2012 से बकाया है, वो इसका लाभ उठा सकते है। इसकी वैधता 31 दिसंबर 2022 तक है। ऐसे में जनवरी 2023 के बाद से बिजली उपभोक्ताओं का बिल बकाया होने पर इसका लाभ नहीं ले सकते है। डीपीएस माफ होने से बिजली बिल की रकम हो जायेगी। वहीं पांच किस्तों में भुगतान संभव होगा। ऐसे में बिजली काटने की संभावना भी नहीं रहेगी। स्कीम अधिक बकायेदारों के लिये है। जो एक अप्रैल से शुरू की गयी है और 30 जून तक स्कीम चलेगी।जेबीवीएनएल के पास वर्तमान में लगभग 50 लाख उपभोक्ता है। इनमें से 42 लाख घरेलू ग्रामीण और शहरी उपभोक्ता है। जिनका लोड एक से पांच किलोवाट तक है। ऐसे उपभोक्ता इस स्कीम का लाभ उठा सकते है। सरकार डीपीएस मद में बकाया 1004.03 करोड़ रुपये माफ करेगी। डीपीएस माफी के बाद भी जेबीवीएनएल 3257.27 करोड़ तक वसूली कर सकती है। डीपीएस माफ होने पर सरकार जेबीवीएनएल को सब्सिडी देगी। जिन उपभोक्ताओं को बिल बकाया होने के कारण कनेक्शन काट दिया गया है, वो इस स्कीम का लाभ ले सकते है। लेकिन जिन उपभोक्ताओं ने पिछले साल जारी ओटीएस का लाभ लिया है, वो इसका लाभ नहीं ले सकते है।डिले पेमेंट सरचार्ज या डीपीएस, बिजली बिल में लगाया गया विलंब भुगतान शुल्क है। चार महीने से अधिक बिजली बिल बकाया होने पर बिजली बोर्ड बिजली बिल में डीपीएस जोड़ती है। बकाया बढ़ने पर डीपीएस की राशि भी बढ़ती है। जिससे उपभोक्ताओं को बिल का भार बढ़ता है। कोविड महामारी के बाद से राज्य सरकार ने वन टाइम सेटलमेंट स्कीम लांच किया है। जिससे ग्रामीण उपभोक्ताओं को लाभ मिल सकें।निकटतम बिजली कार्यालय में सहायक विद्युत अभियंता से मिल कर योजना का लाभ ले सकते है। एक आवेदन प्रपत्र भरना होगा। जिसमें कंज्यूमर को अपने बिजली कनेक्शन का डिटेल, मोबाइल नंबर के साथ भर कर देना होगा। अधिक से अधिक पांच किस्त में भुगतान मोड को भरना होगा। जो कुल बिल का 20 फीसदी से कम नहीं होना चाहिये।